सूर्योदय 7:20 सूर्यास्त 5:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3 न्यू | 16 अधि |
| धर्मशाला | 8 न्यू | 17 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,762 .01 |
| निफ्टी | 26,328.55 |
| सोना 1,34,415 | चांदी 2,34,906 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 3 जनवरी 2026 | 19 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 7, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### कर्नाटक में भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़े, एक की मौत

**एजेंसी, बल्लारी।** कर्नाटक के बेल्लारी में वाल्मीकि बैनर फाड़ने को लेकर को भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़ गए। दोनों गुटों में हुई हिंसक झड़प के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। झड़प बीजेपी विधायक जनार्दन रेड्डी और कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी के समर्थकों के बीच बैनर लगाने को लेकर हुई, जो 3 जनवरी को शहर में वाल्मीकि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम से पहले पोस्टर-बैनर लगा रहे थे। भरत रेड्डी के समर्थक अवमभावी इलाके में जनार्दन रेड्डी के घर के सामने बैनर लगाने की कोशिश कर रहे थे, जिसका रेड्डी के समर्थकों ने विरोध किया। इससे दोनों गुटों में जमकर बहस हुई। दोनों पक्षों में पत्थरबाजी हुई, पुलिसकर्मियों पर भी पत्थर फेंके गए। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और हवाई फायर भी किए। (अनंत ज्ञान)

### कर्मचारी को पंजाबी बोलने पढ़ने के लिए किया मजबूर

**एजेंसी, अमृतसर।** महाराष्ट्र में मराठी के बाद अब पंजाब के अमृतसर में डाकघर में तैनात पोस्टल असिस्टेंट को पंजाबी पढ़ने-बोलने के लिए मजबूर किया गया। पोस्टल असिस्टेंट मूल रूप से दिल्ली के रहने वाले हैं। यहां एक पंजाबी युवक काम कराने आया और कहा कि पंजाब में हो तो पंजाबी आनी चाहिए। यह मामला 30 दिसंबर का है, जिसके बाद इसका वीडियो वायरल हुआ था। अब इस मामले में पोस्टल असिस्टेंट पहली बार सामने आए। उन्होंने कहा कि मैं 4 साल से अमृतसर पोस्ट ऑफिस में हूं। मुझे हिंदी और अंग्रेजी पूरी आती है। मगर, मुझ पर पंजाबी बोलने-पढ़ने का दबाव बनाया गया। उन्होंने इस मामले में युवक पर कार्रवाई की मांग की। डाकघर के पोस्टमास्टर ने भी कहा कि मेरे कर्मचारी को डराया-धमकाया गया, हम कार्रवाई करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### दुष्कर्म के दोषी आसाराम का सूरत में भव्य स्वागत

**एजेंसी, सूरत।** दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम शुक्रवार को 13 साल बाद सूरत पहुंचा। यहां आश्रम में अनुयायियों ने उनका ढोल-नगाड़ों से भव्य स्वागत किया। आश्रम में लोग हाथों में दीपक लेकर दर्शन के लिए खड़े हुए थे। आसाराम को हाल ही में स्वास्थ्य कारणों से गुजरात हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत दी है। सूरत पहुंचते ही आसाराम ने अपने जहांगीरपुरा आश्रम का दौरा किया। इस दौरान उनके स्वागत में आश्रम के बाहर सड़कों पर हजारों की संख्या में लोग हाथों में दीपक लेकर खड़े हुए थे। स्वागत के लिए पूरे आश्रम को रोशनी से सजाया गया था और सड़कों पर रंगोली भी बनाई गई थी। आसाराम अगले तीन दिनों तक आयुर्वेद ट्रीटमेंट के लिए आश्रम में ही रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अधिकारियों के 'अहम' में फंसा ल्हासे-मलबे हटाने का काम -पेज 2
- पीएम के स्पेशल पैकेज का हिमाचल को इंतजार -पेज 3
- हेरोइन व कैप्सूलों सहित पकड़े दोषी को 10 वर्ष का कारावास -पेज 4
- खतरे में पूर्व सैनिक का दो मंजिला मकान -पेज 9
- कंडाघाट-कैथलीघाट में भी रुकेगी हिमालयन क्वीन -पेज 12

# अब सप्ताह में तीन दिन होगी तकसीम मामलों की सुनवाई

## सीएम ने दुरुस्ती के सभी मामलों को 31 मार्च तक निपटाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लंबित तकसीम और दुरुस्ती से जुड़े राजस्व मामलों के शीघ्र और समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने शुक्रवार को आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आम लोगों को वर्षों से राजस्व मामलों में हो रही देरी से राहत देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 5 जनवरी के बाद से सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार हर सप्ताह मंगलवार, बुधवार और वीरवार को तकसीम मामलों की नियमित सुनवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह तकसीम मामलों की कम से कम 12 दिन सुनवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिला उपायुक्त हर शनिवार को इन मामलों की समीक्षा करेंगे और उसी दिन प्रगति रिपोर्ट अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) को भेजी जाएगी,



शिमला में राजस्व विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सुक्खू।

ताकि निगरानी व्यवस्था मजबूत बनी रहे। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दुरुस्ती से जुड़े सभी लंबित राजस्व मामलों को 31 मार्च तक निपटाने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

बैठक में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी जिलों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

### जनता को समय पर मिले न्याय

**बैठक** में सीएम को जानकारी दी गई कि अक्तूबर 2023 से अब तक राजस्व लोक अदालतों के माध्यम से प्रदेश में इंतकाल के 4 लाख 24 हजार से अधिक, तकसीम के करीब 26 हजार, निशानदेही के 47 हजार से अधिक और दुरुस्ती के लगभग 13 हजार मामलों का निपटारा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रगति संतोषजनक है, लेकिन शेष मामलों के समाधान के लिए और अधिक गति लाने की आवश्यकता है, ताकि जनता को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99,799 मामले स्वीकृत

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने बीते तीन वर्ष में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99,799 नए मामले स्वीकृत किए हैं। शिमला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य में 8,41,917 लाभार्थियों को विभिन्न श्रेणियों के तहत सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन के अंतर्गत 1,04,740, राज्य वृद्धावस्था पेंशन के तहत 5,04,253, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन के तहत 25,414 तथा विधवा, परित्यक्ता व एकल नारी पेंशन योजना के अंतर्गत 1,26,808 महिलाओं को सहायता दी जा रही है। इसके अलावा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन के 1,340 और दिव्यांगता राहत भत्ता के 78,291 लाभार्थी योजना से जुड़े हैं।

# पंचायतीराज चुनाव पर उच्च न्यायालय में 2 घंटे हुई बहस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पंचायतीराज चुनाव में देरी मामले में दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस पर दो घंटे बहस चली, मगर सुनवाई पूरी नहीं हो पाई, इसलिए चीफ जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया और जस्टिस जिया लाल भारद्वाज की बैंच ने 6 जनवरी को फिर से सुनवाई जारी रखने के आदेश दिए। इस मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और स्टेट इलेक्शन कमीशन को पहले ही नोटिस जारी कर जवाब तलब कर रखा था। दोनों ने अपना अपना जवाब कोर्ट को दे दिया है। एडवोकेट मंदीप चंदेल ने हाईकोर्ट में पीआईएल डाल रखी है। उन्होंने समय पर चुनाव कराने की मांग की है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि डिजास्टर ग्राउंड की आड़ पर अनिश्चितकाल तक चुनाव नहीं टाले जा सकते। वहीं, मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने बीते 8 अक्तूबर को डिजास्टर एक्ट का हवाला देते हुए आपदा से हालात सामान्य होने के बाद पंचायत चुनाव कराने की बात कही है। इसके बाद, कैबिनेट ने भी चुनाव की घोषणा से कुछ दिन पहले पंचायतों के पुनर्गठन का फैसला लिया है। यदि पंचायतों का पुनर्गठन किया जाता है तो इस प्रक्रिया में दो से ढाई महीने का वक्त लगेगा। इससे तय समय पर चुनाव नहीं हो पाएंगे।





**मामले में 6 जनवरी को फिर होगी सुनवाई**

### फोरलेन निर्माण में प्रदूषण व ट्रैफिक प्रबंधन पर सख्त रुख

**शिमला।** प्रदेश में बिलासपुर-शिमला फोरलेन सड़क परियोजना के निर्माण के दौरान प्रदूषण मानकों के पालन को लेकर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान उड़ने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए लगातार पानी का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को प्रदूषण से राहत मिल सके। मामले की सुनवाई के दौरान यह भी बताया गया कि निर्माण के कारण कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है और सड़क पर पुलिसकर्मियों की कमी है। इस पर मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ ने आदेश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो।

**धूल नियंत्रण के लिए पानी का छिड़काव करने के दिए आदेश**

# पत्नी से खर्चे का हिसाब मांगना कोई क्रूरता नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि अगर पति घर के पैसों के फैसले खुद करता है या पत्नी से खर्च का हिसाब पूछता है तो इसे क्रूरता नहीं कहा जा सकता। खासकर जब तक इससे पत्नी को कोई गंभीर मानसिक या शारीरिक नुकसान साबित नहीं हो। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने यह टिप्पणी दहेज उत्पीड़न और क्रूरता के एक मामले को रद्द करते हुए की। बेंच ने कहा कि यह स्थिति भारतीय समाज की एक हकीकत को दर्शाती है, जहां कई घरों में पुरुष आर्थिक जिम्मेदारी अपने हाथ में रखते हैं, लेकिन इसे अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। (अनंत ज्ञान)



### यह है पूरा मामला

**तेलंगाना** में एक पति-पत्नी के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी। पत्नी ने पति और उसके परिवार पर क्रूरता और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मार्च 2023 में एफआईआर दर्ज करा दी। महिला का कहना था कि पति घर के पैसों पर पूरा नियंत्रण रखता था, उससे खर्चों का हिसाब मांगता था और आर्थिक फैसलों में उसे बोलने का मौका नहीं देता था। इसी आधार पर उसने आपराधिक केस कर दिया।

# आतंकवाद के खिलाफ भारत को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार : जयशंकर

**एजेंसी, चेन्नई**

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. ,ध्स जयशंकर ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करेगा और कोई भी दूसरा देश ये तय नहीं कर सकता कि भारत अपने बचाव में क्या करेगा और क्या नहीं। आईआईटी मद्रास में आयोजित 'शस्त्र 2026- आईआईटी मद्रास टेक्नो-एंटरटेनमेंट फेस्ट' के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा के लिए वो सबकुछ किया जाएगा, जो भी करने की जरूरत होगी।



उन्होंने कहा कि जो भी हमारे अच्छे पड़ोसी देश हैं, उनकी हम मदद करते हैं। कोरोना के समय में भी हमारे पड़ोसियों को सबसे पहले वैक्सीन की मदद हमने ही की थी। श्रीलंका भी जब आर्थिक संकट से घिरा तो उसे चार अरब डॉलर की आर्थिक मदद दी। (अनंत ज्ञान)

### बिना नाम लिए पाकिस्तान पर साधा निशाना

**जयशंकर** से भारत की विदेश नीति को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, 'आपके पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं। अगर हम पश्चिम की तरफ देखें तो पता चलता है कि दुर्भाग्य से हमारे साथ भी ऐसा है। अगर कोई देश जानबूझकर और लगातार आतंकवाद फैलाता है तो हमारे पास भी आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार मौजूद है और हम उसका इस्तेमाल भी करेंगे, लेकिन ये हम पर है कि हम इसका कैसे इस्तेमाल करते हैं। कोई हमें ये नहीं बता सकता कि क्या करना चाहिए या क्या नहीं। अपनी सुरक्षा के लिए हम वो सबकुछ करेंगे, जो हमें करना चाहिए।' विदेश मंत्री ने कहा, 'कई साल पहले हम जल बंटवारा समझौते पर सहमत हुए थे, लेकिन अगर आप दशकों तक आतंकवाद फैलाते हैं तो यह अच्छे पड़ोस वाली बात नहीं है और अगर आप अच्छे पड़ोसी नहीं है तो आप को इसके फायदे भी नहीं मिलेंगे। आप यह नहीं कह सकते कि कृपया हमारे साथ पानी साझा करें, लेकिन हम आतंकवाद जारी रखेंगे। यह तो कतई भी नहीं हो सकता।'

## वरिष्ठता नहीं, नियम निर्णायक : हाईकोर्ट

# कृषि विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति की नियुक्ति रखी बरकरार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हाईकोर्ट ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कार्यवाहक कुलपति डॉ. एके पांडा की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश संदीप शर्मा की एकल पीठ ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राज्यपाल द्वारा की गई नियुक्ति में कोई कानूनी त्रुटि नहीं पाई गई है। याचिकाकर्ता डॉ. राकेश कपिला की याचिका में कोई ठोस आधार नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है। साथ ही कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि कुलपति पद पर नियमित नियुक्ति के लिए डॉ. कपिला द्वारा दिया गया आवेदन विश्वविद्यालय के प्रासंगिक नियमों और अध्यादेशों के अनुसार गठित चयन समिति द्वारा स्वतंत्र रूप से विचाराधीन रहेगा और यह प्रक्रिया डॉ. एके पांडा को कार्यवाहक कुलपति बनाए जाने के निर्णय से किसी भी प्रकार प्रभावित नहीं होगी। अदालत ने वरिष्ठता को लेकर उठाए गए तर्क पर कहा कि नियमों में कहीं यह अनिवार्य नहीं है कि सबसे वरिष्ठ संकाय सदस्य को ही कार्यवाहक या अस्थायी कुलपति नियुक्त किया जाए। यदि विधानमंडल की मंशा ऐसा प्रावधान करने की होती, तो कानून में इसका सीधा और स्पष्ट उल्लेख होता।



# इंदौर में काल बना दूषित पानी, अबतक 15 मौतें

## सीएम का इंदौर नगर निगम के कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर को कारण बताओ नोटिस

**एजेंसी, इंदौर**

इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत और 100 से अधिक लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। कई अन्य लोग भी बीमार पड़े हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन किया है। इस गंभीर घटना को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एडिशनल कमिश्नर सिसोनिया को इंदौर से हटा दिया गया है। वहीं, इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने नगर निगम में जितने भी जरूरी खाली पद है, उन्हें भरने के निर्देश दिए गए हैं।



इंदौर में गंदे पानी से मौत के मामले में मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट शुक्रवार को हाईकोर्ट में पेश कर दी, इसमें पानी से सिर्फ 4 मौत होने की बात कही है। सरकार की रिपोर्ट तब आई, जब मृतकों के परिजन और अस्पतालों के जरिए 15 मौतों की जानकारी सामने आ चुकी है। सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। कुछ को बुखार भी था। इनमें 5 महीने के मासूम से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### मेडिकल रिपोर्ट में पानी में बैक्टीरिया की पुष्टि

**महात्मा** गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट में भी पानी में सीवेज मिलने की पुष्टि हो चुकी है। इसके बाद कलेक्टर शिवम वर्मा और सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने कहा था कि पानी में बैक्टीरिया मिले हैं, लेकिन विस्तृत रिपोर्ट जारी नहीं की। कलेक्टर ने कहा था कि पानी की कल्चर रिपोर्ट आने के बाद और स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और सांसद शंकर लालवानी भी पाइपलाइन लीकेज व पानी में सीवेज मिला होने की बात कह चुके हैं। मंत्री विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र के भागीरथपुरा के 16 बच्चों समेत 201 लोग अब भी अस्पतालों में भर्ती हैं। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है।

# बर्फबारी-बारिश से प्रदेश में बढ़ी ठिठुरन

## तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट, 6 तक साफ रहेगा मौसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में नए साल की शुरुआत बारिश और बर्फबारी के साथ हुई, जिससे पहाड़ी और मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई है। बीते 24 घंटों के दौरान शिमला, कुल्लू और अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी दर्ज की गई, जबकि निचले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके कारण प्रदेश के तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि शुक्रवार को मौसम साफ रहा और सुबह से धूप निकलने से लोगों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में प्रदेश में किसी बड़े पश्चिमी विक्षोभ की संभावना नहीं है, जिससे 6 जनवरी तक मौसम सामान्य रूप से साफ बना रहने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, वीरवार को सोलन, कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा, मंडी और शिमला जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई है, जबकि चंबा, किन्नौर और लाहौल-स्पीति के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। कसौली में सबसे अधिक 16 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, वहीं कोकसर में लगभग 10 सेंटीमीटर बर्फ जमने की सूचना है। विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा।

### राज्य के सात जिलों में कोहरे का येलो अलर्ट

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने हिमाचल के सात जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सोलन और सिरमौर के कई क्षेत्रों में 4 जनवरी तक सुबह-शाम घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पांच शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। बीते 24 घंटों में बर्फबारी के कारण प्रदेश का औसत न्यूनतम तापमान करीब एक डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है।

# कर्नाटक सरकार के सर्वे में ईवीएम पास, राहुल के दावों पर उठे सवाल

**एजेंसी, बेंगलुरु**

कर्नाटक सरकार की एक एजेंसी की स्टडी में दावा किया गया है कि राज्य के 91% लोग मानते हैं कि भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराए जाते हैं और ईवीएम सटीक नतीजे देती हैं। यह रिपोर्ट कर्नाटक मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन अथॉरिटी ने प्रकाशित की है।



यह सर्वे ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भाजपा पर कई राज्यों में 'वोट चोरी' का लगातार आरोप लगा रहे हैं। वह कर्नाटक के कलबुर्गी में भी वोट चोरी का दावा कर चुके हैं। आंकड़ों में सबसे अधिक भरोसा भी कलबुर्गी में देखा गया, जहां 83.24 फीसदी ने सहमति और 11.24 फीसदी ने पूरी सहमति जताई कि ईवीएम भरोसेमंद हैं। मैसूर में 70.67 फीसदी ने सहमति और 17.92 फीसदी ने पूर्ण सहमति जताई। बेलगावी में 63.90 फीसदी ने सहमति और 21.43 फीसदी ने पूरी सहमति जताई। बेंगलुरु में पूर्ण सहमति सबसे कम 9.28 फीसदी रही। इस सर्वे के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक के नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक ने एक्स पर लिखा, वर्षों से राहुल गांधी पूरे देश में यही कहानी सुनाते रहे हैं कि भारत का लोकतंत्र 'खतरे' में है, ईवीएम 'अविश्वसनीय' है और हमारे संस्थानों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, लेकिन कर्नाटक ने बिलकुल अलग कहानी बताई है।

सर्वे ने यह दिखाया कि लोग चुनाव, ईवीएम और भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा करते हैं। (अनंत ज्ञान)

**मसला** मौत से पहले छात्रा ने लगाए थे रैगिंग और यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप, वीडियो सामने आने से कटघरे में कॉलेज प्रशासन

# समय पर कार्रवाई हुई होती तो आज जिंदा होती मेरी बेटी: विक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला कॉलेज में कथित तौर पर रैगिंग और यौन उत्पीड़न से परेशान एक 19 वर्षीय छात्रा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतका के दो वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने चार छात्राओं और एक कॉलेज प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। हालांकि कॉलेज प्रशासन मृतक छात्रा को इस सत्र की छात्रा मानने से इनकार कर रहा है, वहीं पीड़ित परिजन कॉलेज और पुलिस प्रशासन दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। मृतका के पिता विक्रम के बयान पर थाना धर्मशाला में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसकी पुष्टि एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने की है। मृतका के पिता ने कॉलेज प्रशासन, पुलिस व्यवस्था और समाज की सोच तीनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। उनका आरोप है कि कॉलेज में उनकी बेटी के साथ न केवल छात्राओं ने दुर्व्यवहार किया, बल्कि एक प्रोफेसर ने भी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी। पीड़िता को जातिसूचक शब्द कहे गए और लगातार मानसिक दबाव बनाया गया, जिससे वह पूरी तरह टूट गई। मेरी बेटी को इतना प्रताड़ित किया गया कि वह यह सब सह नहीं पाई। अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो शायद मेरी बेटी आज जिंदा होती। हमें न्याय चाहिए, नहीं तो आगे भी ऐसी घटनाएं होती रहेंगी।

वहीं, कालेज प्रिंसिपल प्रो. राकेश पठानिया ने बताया कि युवती कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा थी, जिन्होंने पास न होने पर आगामी कक्षा में प्रवेश नहीं लिया था। हालांकि री-वैल्यूएशन भरी गई थी, जिसे आधार पर प्रवेश नहीं दिया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में उनके पास इससे पहले कोई शिकायत नहीं आई थी। पुलिस की ओर से जांच पड़ताल में पूरा सहयोग किया जा रहा है। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, जोकि उनकी देखरेख में होगी।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर जागी पुलिस

**परिजनों** के मुताबिक, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बाद ही पुलिस सक्रिय हुई और मामले की जांच शुरू की। इस दौरान कॉलेज प्रशासन से भी पूछताछ की गई थी। मृत छात्रा के दादा कमलेश कुमार और ताया रविंद्र कुमार ने बताया कि छात्रा लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान थी और उसका इलाज चल रहा था। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे डीएमसी लुधियाना में भर्ती कराया गया, जहां 26 दिसंबर 2025 को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### प्राध्यापक पर लगाए आरोप निराधार : मोनिका मक्कड़

**मनोविज्ञान** विभाग की प्रोफेसर मोनिका मक्कड़ ने आरोपों को निराधार बताते हुए प्रोफेसर अशोक के चरित्र पर सवाल उठाने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि मैं पिछले कई वर्षों से उन्हें जानती हूं। आज तक उनके खिलाफ किसी तरह का दुर्व्यवहार करने की बात नहीं आई।

### मौत के कारणों की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड गठित

**धर्मशाला।** छात्रा के तनाव के बीच मौत मामले में जांच को एसपी कांगड़ा की निगरानी में आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं, युवती के मौत के कारणों को जांचने के लिए सभी सात अस्पतालों की मेडिकल हिस्ट्री के लिए मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया गया है। इसमें मेडिकल हिस्ट्री की गहनता से जांच पड़ताल की जाएगी, इसमें अहम है कि युवती की मौत 26 दिसंबर को डीएमसी लुधियाना में उपचार के दौरान हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने 27 दिसंबर को युवती का अंतिम संस्कार भी कर दिया था, जबकि इस मामले में शव का पोस्टमार्टम भी नहीं हो पाया था। इससे पहले भी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से युवती के पिता ने 20 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें उन्होंने बेटी के साथ 18 सितंबर को कॉलेज की ही तीन से चार छात्राओं की ओर से रैगिंग किए जाने की बात कही थी। हालांकि इसमें पुलिस थाना धर्मशाला की ओर से जांच पड़ताल की गई थी, जो कि 23 दिसंबर को सबमिट भी गई थी। पीड़ित युवती की मेडिकल स्थिति को देखते हुए परिजनों ने बयान देने के लिए मनाही की गई थी।

**एसपी की निगरानी में आगे बढ़ाई जा रही जांच**

**7 अस्पतालों की मेडिकल हिस्ट्री की होगी जांच**

## न्यूज ब्रीफ

### मनोहर हमीरपुर जिले के कार्यवाहक अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष से चर्चा के बाद जिला हमीरपुर व जिला ऊना में संगठनात्मक नियुक्तियां की गई हैं। जिला हमीरपुर से मनोहर ठाकुर जो स्कूल शिक्षा बोर्ड से उपसचिव के पद से सेवानिवृत हुए हैं, उन्हें जिला हमीरपुर का कार्यवाहक अध्यक्ष तथा जिला ऊना से स्वास्थ्य विभाग से अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए एमएल शर्मा को जिला ऊना का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू हो जाएंगी। इन्हें अपने अपने जिले में 20 दिनों में अपनी नई जिला कार्यकारिणी का विधिवत गठन करके शीर्ष नेतृत्व को सूचित करना होगा तथा उसके बाद अपने जिले की अन्य इकाइयों के गठन की प्रक्रिया शुरू करें। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिला इकाइयों को भी सूचित किया जाता है कि इस महीने में महासंघ का राज्य स्तरीय अधिवेशन भी प्रस्तावित है। इसके लिए सभी यूनिट तैयार रहे। स्थान तथा तिथि की सूचना अलग से समय पर जारी की जाएगी।

### 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 जनवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 जनवरी तक हमीरपुर शहर के भोटा चौक पर स्थित उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### ताल में भेड़ों की नीलामी 13 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 19 भेड़ों की नीलामी 13 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर में की जाएगी। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को दस हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को भेड़ों को छह घंटे के भीतर प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर से बाहर ले जाना होगा। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को दोपहर बाद 3 से सायं 5 बजे तक प्रजनन प्रक्षेत्र में आकर भेड़ों का अवलोकन कर सकते हैं।

### एनएसएस कैंप में छात्रों ने दिखाई सेवा भावना

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय आवासीय वर्ग का समापन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समापन समारोह में कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार भनवाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि ने छात्रों को परिश्रम, अनुशासन और नशा मुक्ति का संदेश देते हुए जीवन में लक्ष्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. निर्मला ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन कार्यशाला, रक्तदान शिविर, गांव गोद लेना तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे। अंत में प्रो. शशि शर्मा ने सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

### स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन की अध्यक्ष बनी ज्योति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजराजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में एससीए स्टूडेंट सेंट्रल एसोसिएशन का गठन किया गया। इसमें ज्योति डीएलएड को अध्यक्ष, हेमलता बीएड को उपाध्यक्ष, शिवानी चौहान बीएड को जनरल सेक्रेटरी, नेहा बीए को ज्वाईंट सेक्रेटरी, रीना देवी डीएलएड व काजल बीएड को कल्चरल हैड तथा काजल शर्मा बीएड व विकास कुमार डीएलएड को स्पोर्टस हैड नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कॉलेज कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलवीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान, बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक, बीए के छात्र तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### लोहड़ी व गोवर्धन पूजा पर रहेगी लोकल छुट्टी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिलाधीश अमरजीत सिंह ने वर्ष 2026 के दौरान जिला हमीरपुर में दो लोकल छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश ने बताया कि जिला हमीरपुर में इस साल मंगलवार 13 जनवरी को लोहड़ी और सोमवार 9 नवंबर को गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

### पेंशनर्स को सम्मानित करेगी एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड एंपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन द्वारा 5 जनवरी को सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 80,85,90,95 वर्ष आयु पूरी कर चुके पेंशनर्स को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास करेंगे। एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश चंद ने बताया कि जिन सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा, उन्हें निमंत्रण पत्र भेजकर सम्मान समारोह में आने का आग्रह किया गया है, जिन सदस्यों को किसी कारण निमंत्रण पत्र नहीं मिल पाएगा, उनसे आग्रह है कि वे इस अवसर पर पहुंचकर समारोह की शान बढ़ाएं।

### गो सेवा समिति ने बौद्ध भिक्षुओं को बांटे कंबल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल गो सेवा समिति हमीरपुर द्वारा शुक्रवार को गांव उखली में हो रही बौद्ध धर्म की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करने वाली बौद्ध ऐजुकेशन सोसायटी में कार्यरत 40 बौद्ध भिक्षुओं को कंबल वितरित किए गए, ताकि सर्दी के इस मौसम में उनको राहत मिल सके। इस पुनीत कार्य के लिए कैंप इंचार्ज मैडम डोलना ने समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। इससे पहले भी समिति द्वारा इस संस्था को किचन के सभी बर्तन व 50 गद्दे भेंट किए थे। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया, सदस्य प्यारे लाल, संजय कुमार, तिलक राज शर्मा, सोम राज शर्मा, अजय शर्मा, ओम प्रकाश नुघाल, उत्तम उपस्थित रहे।

### 5 जनवरी से पहले जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बिजली उपमंडल भरेड़ी के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे 5 जनवरी 2026 से पूर्व अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित कर लें। निर्धारित तिथि तक बिल जमा न होने की स्थिति में उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बिना किसी पूर्व सूचना के काट दी जाएगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान कर सहयोग करने का आग्रह किया है। यह जानकारी बिजली उपमंडल भरेड़ी के सहायक अभियंता ई. संजय कुमार ने दी।

### समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज (तरक्वाड़ी) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर 'समर्पण: 2025-26' का समापन समारोह संपन्न हुआ। मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य तीर्थ राम शर्मा व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने की। प्राचार्य ने स्वयंसेवियों के सामाजिक और सेवा कार्यों की सराहना की, जबकि मुख्यातिथि ने समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रिंस ठाकुर ने सभी सहयोगियों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हर्षोल्लास से मनाया गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दसवीं पातशाही गुरु गोबिंद सिंह में गुरु गोबिंद सिंह जी का 360 वां प्रकाशोत्सव शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर तीन दिन से जारी अखंड पाठ के बाद भोग डाला गया। प्रकाश उत्सव पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इसमें आनंदपुर साहिब से भाई गुरतेज सिंह व उनके साथियों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में संगतों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी देते हुए स्थानीय गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी सिमरजीत सिंह ने बताया कि इस अवसर पर 2 जनवरी को गुरु का लंगर अटूट आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में संगतों ने लंगर ग्रहण किया तथा गुरुद्वारे में माथा टेका।

### ताल स्टेडियम बिझड़ी में होगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** युवा खेल प्रतिभाओं को मंच देने ,युवाओं में खेल भावना को जागृत करने के उद्देश्य से बिझड़ी के ताल स्टेडियम में एक बार फिर क्रिकेट का रोमांच लौटने वाला है। 'स्वामी विवेकानंद क्रिकेट चैंपियनशिप' का आगामी संस्करण 6 से 8 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को लेकर समूचे क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में भारी उत्साह है। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य अजय शर्मा और मुनीष शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता टीम को 20,000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए एंट्री फीस 2,000 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि री-एंट्री के लिए मात्र 1,000 रुपए की फीस रखी गई है। सभी मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे, जिससे दर्शकों को तेज और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा। अनुशासन बनाए रखने के लिए अंपायर का निर्णय स अंतिम माना जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ एवं समापन पुरस्कार वितरण समारोह में बड़सर के पूर्व विधायक मंजीत सिंह डोगरा मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

# अधिकारियों के 'अहम' में फंसा ल्हासे और मलबे हटाने का काम

## रंगस-अमरोह चौक तक हटाया जाना है मलबा, एनएचएआई व फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में जारी खींचतान

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**हमीरपुर।** हमीरपुर से नौदान नेशनल हाईवे पर रंगस-अमरोह चौक तक बरसात में गिरे ल्हासों को हटाने का काम दो विभागों के बीच में 'अहम' का सबब बन गया है।

यह लहासे पिछली बरसात में गिरे थे और अभी तक इन्हें हटा दिया जाना चाहिए था, मगर एनएचएआई और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में जारी खींचतान अब सर चढ़कर बोल रही है, लेकिन न तो मुख्यमंत्री के इस गृह जिले में अधिकारियों को किसी का डर है और न ही कोई इस मामले को सुलझाने के लिए आगे आ रहा है। हालत यह है कि सिकुड़ी हुई सड़क कई जगह पर दुर्घटना को बुलावा दे रही है, लेकिन अधिकारियों को किसी की कोई परवाह नहीं है। केवल खानापूर्ति के लिए कागजी औपचारिकताएं मुकम्मल की जा रही हैं चिट्ठी पत्री एक विभाग से


रंगस-अमरोह चौक पर मलबा व फंसा ल्हासा।

अनंत ज्ञान स्पैशल

दूसरे विभाग को जा रही है मौके पर जाकर दोनों विभागों के अधिकारी इस समस्या के हल के लिए क्यों आगे नहीं आ रहे, यही सबसे बड़ा यक्ष प्रश्न है। एनएच-3 पर जंगल के पहाड़ से दरकी मिट्टी को जंगल में ही न फेंकने को लेकर वन विभाग साफ तौर पर मना कर गया है। उसका मानना है कि एनएचएआई ने आपदा के दौरान जंगल से खिसकी मिट्टी को जंगल में ही फेंकने कि अब इजाजत मांगी है, लेकिन ऐसा हो नहीं सकता। इसीलिए लगता नहीं कि यह काम बहुत जल्दी अंजाम तक पहुंच पाएगा। डीसी हमीरपुर भी इस मामले को लेकर संज्ञान ले चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी अधिकारी अपनी अपनी जगह अड़े हुए हैं। अब एनएचएआई यह बहाना लग रहा है कि फॉरेस्ट डिपार्मेंट अड़ंगा अड़ाए हुए हैं। मिट्टी को फेंकने से मना कर रहा है। जबकि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट का कहना है कि जंगल क्षेत्र में मिट्टी नहीं फैंकी जा सकती। इसके लिए पहले से जो साइट चिन्हित की गई है, वहीं पर विभाग को इसे ठिकाने लगाना चाहिए, अब जो भी हो खामियाजा तो वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि दूसरी तरफ से आने वाले वाहनों के लिए सड़क छोटी पड़ गई है कई मोड़ तो बेहद तंग हो गए हैं। वाहन चालक करें भी तो करें क्या? हमीरपुर स्थित डीएफओ अंकित कुमार का कहना है कि जंगल के क्षेत्र में तो मिट्टी फेंकी नहीं जा सकती। जो जगह इसके लिए पहले से चिन्हित है, वहां पर ही इस मिट्टी को ठिकाने लगाने के लिए एनएचएआई को कखम करना चाहिए। एनएचएआई बेवजह का विवाद खड़ा कर रही है। फॉरेस्ट डिपार्मेंट कहीं भी किसी भी तरह का रुकावट की वजह नहीं बना है। कमजोरी एनएचएआई की ही है।

# जी-राम-जी सिर्फ रोजगार योजना नहीं, ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लूप्रिंट: अनुराग

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), यानी 'जी राम जी' पर कहा कि रोजगार की गारंटी की दिशा में ये मोदी सरकार द्वारा उठाया गया अभूतपूर्व कदम है, जिससे न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार साबित होगा।



उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी के रूप में मोदी सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदलने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। मनरेगा के ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए विकसित भारतदृरोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 यह नया कानून न केवल ग्रामीण परिवारों को अधिक दिनों के रोजगार की गारंटी देता है, बल्कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी यह सहायक होगा। विकसित भारत जी राम जी विधेयक 2025 सिर्फ रोजगार योजना नहीं, बल्कि रोजगार और आजीविका मिशन के तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने वाली योजना बनेगी। इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा और मजबूत होगी और गांवों में खपत बढ़ेगी।

नए कानून की प्रमुख विशेषता यह है कि ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी दी जाएगी, जो मनरेगा के तहत मिलने वाले 100 दिनों से 25 दिन अधिक है। इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा मजबूत होगी और वे राष्ट्रीय विकास में अधिक योगदान दे सकेंगे। विकसित भारत-जी राम जी विधेयक 2025 केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का एक ब्लूप्रिंट है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का 'बापू प्रेम' बस दिखावा है और इन्होंने गांधी जी के नाम का इस्तेमाल सिर्फ राजनीति के लिए किया है। उन्होंने कहा कि जी-राम-जी का उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही बिखरी हुई व्यवस्था और नीतिगत गतिरोध को समाप्त करना है।

# 'छडा मेरे मित्रो नशे दिया चीजां जिंदड़ी दुखां बिच कजो पाणी'


हिमाचल की लोक कलाकार बिमला राठौर ने नशे के विरुद्ध लांच किया नया गाना।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश की लोक कलाकार बिमला राठौर ने अपनी बहन संजू राठौर के साथ मिलकर अपने यूट्यूब चैनल 'बिमला राठौर ऑफिशियल' पर एक और गाना लांच किया है। 'जिंदड़ी' शीर्षक के साथ इस गाने के बोल 'छडा मेरे मित्रो नशे दिया चीजां, जिंदड़ी दुखां बिच कजो पाणी' भी स्वयं बिमला राठौर ने लिखे हैं।

इस गाने को स्वरबद्ध भी स्वयं बिमला राठौर ने किया है, जबकि इसका म्यूजिक जाने-माने संगीतकार जस्सी भोगल ने दिया है। नशे की गंभीर समस्या के विरुद्ध आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्होंने यह गाना विशेष रूप से लांच किया है। इस गाने में बिमला राठौर और संजू राठौर ने अपनी सुरीली आवाज में लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव समझाने का काफी अच्छा प्रयास किया है। पिछले महीने भी राठौर बहनों ने 'नशा ना करो भाईयो' गाना लांच किया था, जो कि यूट्यूब पर खूब लोकप्रिय हो रहा है।

# कॉलेज की छात्रा मौत के मामले पर मांगी निष्पक्ष जांच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश महाविद्यालय धर्मशाला की छात्रा की दुखद व असामयिक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करती है तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करती है। यह घटना न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत पीड़ादायक और दुखद है। राजपूत महासभा जिला हमीरपुर के महासचिव जोगिंदर ने कहा कि कुछ राजनीतिज्ञ इस संवेदनशील और दुखद घटना को अपनी राजनीति का रंग देने के लिए सरकार एवं पुलिस पर जातीय आधार पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जो निंदनीय है। पुलिस ने उपलब्ध तथ्यों, छात्रा के परिवार व कॉलेज प्रशासन द्वारा दिए गए बयानों के आधार अन्य छात्रों एवं संबंधित प्राध्यापक के विरुद्ध रैगिंग का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। राजपूत महासभा इस कानूनी प्रक्रिया व पुलिस की निष्पक्ष कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करती है।

# 12 गांवों के ग्रामीणों ने नए कानूनगो वृत्त पन्याली सरेड़ी में मिलाने का जताया विरोध

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में ग्राम पंचायतों में दूसरे वार्डों को मिलाने को लेकर लोग लामबद्ध हो रहे हैं। वहीं, दूसरे पटवार वृत्त या कानूनगो वृत्त में शामिल करने का विरोध भी प्रशासन को झेलना पड़ रहा है।

उपतहसील कांगू क्षेत्र के एक दर्जन गांवों ने प्रशासनिक पुनर्गठन के एक नए फैसले का ग्रामीण एकजुटता के साथ विरोध किया है। इन गांवों को अचानक पटवार वृत्त बड़ोहग कानूनगो वृत्त कांगू से हटाकर नवगठित कानूनगो वृत्त पन्याली-सरेड़ी में शामिल कर दिया गया है। इस फैसले को ग्रामीण मनमाना और अव्यावहारिक बता रहे हैं। पुरानी व्यवस्था के तहत उपतहसील कांगू उनके गांवों से मात्र डेढ़ से दो किलोमीटर दूर था, जबकि नया कानूनगो कार्यालय 10 किलोमीटर दूर हो जाएगा। इसी विरोध को लेकर सभी प्रभावित गांवों में सनाही कलां, सनाही खुर्द, कोहलवीं, अटयालू, हार मसंदा, सासन मसंदा, कारगू जगीर, कारगू खालसा, चलैली, भढेड़ा, सासन ब्राह्मणा व ढगो के ग्रामीणों ने बैठक आयोजित कर सामूहिक रणनीति तैयार की। तहसीलदार कांगू ने बताया कि 12 गांवों को दूसरे कानूनगो वृत्त में शामिल करने की घोषणा केवल गजट में निकाली गई है। अभी तक इसकी अधिसूचना जारी नहीं की गई है। अभी तक सभी पटवार या कानूनगो वृत पुरानी व्यवस्था के अनुसार चलते रहेंगे।

### तहसीलदार के माध्यम से सरकार तक पहुंचाई गुहार

**बैठक** में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और पटवार वृत्त बड़ोहग को पुनः कानूनगो वृत्त कांगू में ही रखा जाए। ग्रामीणों ने अपनी इस मांग को लेकर नायब तहसीलदार कांगू बलवंत सिंह राणा के माध्यम से जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार को ज्ञापन भी सौंपा है। ग्रामीणों का तर्क है कि दशकों से चली आ रही व्यवस्था में अचानक बदलाव न केवल उनके लिए परेशानी का सबब है, बल्कि इससे प्रशासनिक कार्यकुशलता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से इस मुद्दे पर त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई की मांग की है।

### फैसला ग्रामीणों के हितों के विपरीत

**इस** संबंध में वरिष्ठ नागरिक जमना दास अग्निहोत्री ने बताया कि यह फैसला ग्रामीणों के हितों के विपरीत है और प्रशासन को ग्रामीणों की सुविधा व समय का ध्यान रखते हुए इस आदेश को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा की यदि प्रशासन उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं करता तो ग्रामीण माननीय उच्च न्यायालय में जाएंगे।

# जहरीला पदार्थ खाने से व्यक्ति की एम्स में मौत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की जाहू पंचायत के सुलगवान (जाहू कलां) गांव में संजय कुमार 48 पुत्र जगदीश चंद ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार लंबे समय से चल रहे जमीनी विवाद पर न्यायलय ने घर को डिस्मेंटल करने का फैसला सुनाया था। इसी के चलते वह कई दिनों से परेशान था। इस परेशानी के कारण बुधवार दोपहर को घर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया और बाद में तबीयत बिगड़ने पर स्वयं ही परिवारजनों को जहरीला पदार्थ खाने की बात कही। तबीयत बिगड़ते ही परिवारजन उसे भोरंज सिविल अस्पताल ले गए, जहां से चिकित्सकों ने उसे हमीरपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन स्थिति में सुधार न होने पर बाद में बिलासपुर एम्स में रेफर कर दिया गया, जहां पर संजीव कुमार ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक ने जमीनी विवाद के कारण जहरीला पदार्थ खाने की बात ब्यान में दी है। मृत्यू की सूचना मिलते ही जाहू पुलिस चौकी के कर्मचारियों ने बिलासपुर एम्स में मृतक के शव का पोस्टर्माटक करवा कर परिवारजनों को सौंप दिया है।

# विधायक रणजीत ने मरीजों की सुविधाओं के सुधार पर दिया जोर



डॉ. लश्करी राम राठौर सिविल अस्पताल टौणी देवी में आरकेएस की बैठक हुई आयोजित।

अनंत ज्ञान, टौणी देवी

डॉ. लश्करी राम राठौर सिविल अस्पताल टौणी देवी में शुक्रवार को आरकेएस की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने की।

इस अवसर पर एडीसी, बीएमओ टौणी देवी डॉ. रमेश रतू, जिला परिषद अध्यक्ष बबली, डॉ. कवीश खन्ना, एनजीओ प्रधान रविन्द्र चौहान, टप्परे और बारी पंचायतों के प्रधान और अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक में बीएमओ डॉ. रतू ने 2024-25 में अस्पताल के आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष में 9.25 लाख रुपए खर्च हुए हैं, जबकि 2026-27 के लिए प्रस्तावित बजट लगभग 54 लाख रुपए रखा गया है। अस्पताल में भवन निर्माण, फोटोस्टेट मशीन और लैब स्थापित करने की जरूरत पर चर्चा हुई। आरकेएस सदस्यों ने अस्पताल की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण, बाहरी वाहनों के कारण मरीजों को होने वाली समस्याएं और फास्ट एड ट्रेनिंग की 200 रुपए फीस हटाने की मांग उठाई। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि अस्पताल प्रदेश में कई क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन मरीजों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल में जल्द दो स्पेशलिस्ट डॉक्टर तैनात करने, आय-व्यय का ऑडिट करवाने और भूमि की निशानदेही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण रोकने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

# कोर्फबॉल फेडरेशन कप 13 से 15 फरवरी तक फगवाड़ा में होगा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** 22वां कोर्फबॉल फेडरेशन कप 13 से 15 फरवरी को लवली विश्वविद्यालय फगवाड़ा खेल परिसर में होगा। इसमें हिमाचल प्रदेश सहित आठ राज्यों की टीमें भाग लेगी। हिमाचल प्रदेश कार्यालय सचिव राहुल सुमन ने बताया कि अखिल भारतीय कोर्फबॉल फेडरेशन ने फेडरेशन कप के आयोजन के लिए समस्त राज्यों से अध्यक्षों व महासचिवों को पत्र द्वारा सूचित कर दिया है। फेडरेशन कप में भारत की वेस्ट आठ टीमों को शामिल किया गया है। इनमें हिमाचल प्रदेश, केरल, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडू, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व पंजाब की टीम को शामिल किया गया है। वेस्ट आठ टीमें ने 2025 में हुई सीनियर राष्ट्रीय कोर्फबॉल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके आधार पर फेडरेशन कप के लिए टीमों का चयन किया गया है। राहुल सुमन ने बताया कि हिमाचल की टीम के लिए जनवरी माह में ट्रॉयल लिया जाएगा। इससे चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप होगा और कैंप में अच्छी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हिमाचल प्रदेश की टीम का हिस्सा बनेंगे।

# धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द को मिलती है मजबूती: राजीव


जागरण व भंडारे में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

गांव मरुड़ा, शाहतलाई में दिलबाग नगर जालंधर कमेटी द्वारा आयोजित 10वें विशाल जागरण एवं भंडारे में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक समरसता का सुंदर संगम देखने को मिला।

इस पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं केसीसी के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर राजीव राणा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सौहार्द को नई मजबूती मिलती है। ऐसे आयोजन न केवल सनातन धर्म की परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने का भी कार्य करते हैं। बाबा बालक नाथ जी की पावन ज्योति के समक्ष आयोजित जागरण में भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जागरण में भाग लिया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में राम मूर्ति ठाकुर, पंडित राधे राधे, शैली मोगला, सचिन चोपड़ा, मुदित शर्मा, अमित वर्मा, तरुण एवं लक्की का विशेष योगदान रहा। आयोजक कमेटी ने मुख्य अतिथि राजीव राणा का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।

# केंद्र की तर्ज पर हिमाचल में तय हो ज्वाइनिंग अवधि

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश में 30 किलोमीटर दूरी तक हुए तबादले के लिए 2 दिन, 100 किलोमीटर तक के तबादले के लिए 5 दिन व 100 किलोमीटर से अधिक दूरी पर सामान्य क्षेत्र में हुए तबादले के लिए 10 दिन व हार्ड एरिया में ज्वाइनिंग के लिए 12 दिन की अवधि तय की जाए।

यह मांग प्रदेश सरकार व कार्मिक विभाग को भेजे गए ज्ञापन में राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियों, सिंगल लेन सड़कों, भूस्खलन, बर्फबारी तथा दूरस्थ क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं के अभाव को देखते हुए वर्ष 2023 में निर्धारित 1 से 5 दिन का ज्वाइनिंग टाइम व्यवहारिक नहीं है। केंद्रीय सिविल सेवा (ज्वाइनिंग टाइम) नियम, 1979 के अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों को स्थानांतरण पर दूरी के आधार पर 1 से 15 दिन तक का समय प्रदान किया जाता है। केंद्रीय नियमों में 1000 किलोमीटर दूरी तक 15 दिन ज्वाइनिंग टाइम तय है। प्रदेश सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधन के अनुसार 30 किलोमीटर तक 1 दिन और 30 किलोमीटर से अधिक दूरी पर अधिकतम 5 दिन का ही ज्वाइनिंग टाइम निर्धारित है। कर्मचारियों को नई तैनाती स्थल तक पहुंचने के साथ-साथ पुराने स्टेशन पर चार्ज हैंडओवर और पारिवारिक व्यवस्थाओं के लिए भी पर्याप्त समय मिलना चाहिए।

पहाड़ी राज्य में स्थानांतरण के दौरान 100 से 700 किलोमीटर तक की दूरी दुर्गम व संकरी सड़कों से तय करनी पड़ती है, इसलिए यह समय अपर्याप्त है। कई दुर्गम क्षेत्रों में आज भी सड़कें सिंगल लेन हैं अनेक स्थानों तक सड़क पहुंचती भी नहीं और बरसात व बर्फबारी के कारण मार्ग अक्सर बंद रहते हैं। इसका उदाहरण अगस्त 2025 में हुए 642 टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन सूची है, जब शिक्षक सड़कें बंद होने के चलते ज्वाइन नहीं हो सके। एक दिन के भीतर ज्वाइन करने की शर्त के चलते चार्ज हैंडओवर, अभिलेख हस्तांतरण और लंबित कार्य निपटाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता।

**बैठक** टीजीटी अध्यापकों की न्यूनतम बेसिक पे पंजाब के छठे वेतनमान आयोग के अनुरूप की जाए

# महासम्मेलन में डिमांड चार्टर में विभिन्न मांगों को रखा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश टीजीटी महासंघ का महासम्मेलन शुक्रवार को भोटा में आयोजित किया गया।

इसमें लगभग 1015 के करीब प्रशिक्षित स्नातक अध्यापकों ने भाग लिया। इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी टीजीटी साथियों को एक मंच पर लाना था और सर्व टीजीटी महासंघ की कार्यकारिणी का गठन करना था। कार्यकारिणी के गठन में मंडी से सुनील ठाकुर को सर्वसहमति से प्रधान नियुक्त किया गया, वरिष्ठ उपप्रधान राजीव सेरिया कांगड़ा से, राकेश धीमान ऊना, बीरी सिंह कुल्लू, राकेश धीमान ऊना, यशपाल बिलासपुर व प्रमिला ठाकुर मंडी से सह सचिव के लिए मनु देव शर्मा हमीरपुर से, रमन कांत सिंह कांगड़ा से, मोहिंदर सिरमौर, कमलेश लाहौल-स्पीति, दर्शन सिंह ऊना, कोषाध्यक्ष संजय कुमार हमीरपुर, प्रेस सचिव विनोद राजपूत चंबा, अविनाश सैनी मंडी व अनिल कुमार


टीजीटी महासंघ की बनाई गई कार्यकारिणी में चुने हुए पदाधिकारी।

मंडी को चुना गया. संघ के मुख्य संरक्षक मंडी से योगेश शर्मा को दिया गया। हमीरपुर से सुनील शर्मा को सर्व सहमति से महासचिव चुना गया।

हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ ने मांग-पत्र तैयार किया है जिसमें टीजीटी अध्यापकों की न्यूनतम बेसिक पे पंजाब के छठे वेतनमान आयोग के अनुरूप 45,400 निर्धारित कर उसे शीघ्र लागू किया जाए। 3 जनवरी 2022 के बाद नियुक्त टीजीटी साथियों को पंजाब की तर्ज पर 44900 कार इनिशियल स्टार्ट दिया जाए। टीजीटी संवर्ग के लिए 4-9-14 एसीपी व्यवस्था को पुनः बहाल किया जाए। 2024 में अनुबंध पर लगाए गए सभी टीजीटी को पूर्व की व्यवस्था अनुसार साल में दो बार साल में दो बार सितंबर तथा मार्च में नियमित किया जाए । कर्मचारी सेवा अधिनियम- 2024 को निरस्त किया जाए और अनुबंध सेवा के लिए नियुक्ति की तिथि से वरिष्ठता का लाभ प्रदान किया जाए। अनुबंध कार्यकाल के समस्त वित्तीय लाभ नियमित सेवा एवं पेंशन लाभों के लिए जोड़े जाएं। अध्यापकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से पूर्णतः मुक्त किया जाए ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दे सकें। टीजीटी अध्यापकों के कार्यभार का युक्तिसंगत संतुलन सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को निरंतर ऊँचा उठाने हेतु समय-समय पर शिक्षा विभाग व सरकार के समक्ष उचित नीतिगत मांगें रखने के लिए इस संगठन को उचित मंच प्रदान किया जाए।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को और अधिक सशक्त, पारदर्शी व प्रभावशाली बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इसके अलावा सर्व टीजीटी महासंघ का संविधान भी आमसभा में उपस्थित सभी टीजीटी अध्यापकों के अनुमोदन के साथ पारित किया गया। कार्यकारिणी का गठन आगामी 3 वर्षों के लिए किया गया तथा कार्यकारिणी को अधिकृत किया गया कि राज्य के विभिन्न जिलों तथा विभिन्न शिक्षा करो में अगले तीन वर्षों के लिए कार्यकारिणियों का गठन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति आयोग की आधिकारिक वेबसाइट की लॉन्च



हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग की आधिकारिक वेबसाइट लॉन्च की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेबसाइट के माध्यम से प्रदेश के लोगों को आयोग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का संतुलित और समग्र विकास तभी संभव है, जब सभी समुदायों का समान रूप से विकास हो। सरकार संवेदनशील वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं और नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान, सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा, विजय डोगरा सहित आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम के स्पेशल पैकेज का हिमाचल को इंतजार

## उद्योग मंत्री बोले-1500 करोड़ में से एक रुपया भी नहीं मिला, फाइनेंशियली गला घोंटने का प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



### कांग्रेस सरकार ने भाजपा से ज्यादा रिसोर्स मोबिलाइजेशन किया

**चौहान** ने कहा कि अगर रिसोर्स मोबिलाइजेशन की बात करें तो भाजपा सरकार ने पांच साल में 55,464 करोड़ का रेवेन्यू पांच साल में जुटाया, जबकि मौजूदा सरकार ने तीन साल में ही 50 हजार करोड़ रुपए की इनकम जुटाई है। हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने का प्रयास किया।

हिमाचल के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शुक्रवार को शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के दौरे पर आए। पीएम ने 1500 करोड़ रुपए का स्पेशल पैकेज हिमाचल को देने की घोषणा की। मगर अब तक एक रुपया भी हिमाचल प्रदेश को नहीं मिला। फाइनेंशियल हिमाचल का गला घोंटने का प्रयास हो रहा।

चौहान ने कहा कि हिमाचल की 75 लाख जनता आज भी पीएम मोदी के स्पेशल पैकेज का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि 2023 में भी हिमाचल में 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान आपदा से हुआ। केंद्रीय टीम ने भी 9 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान का आकलन किया और केंद्र ने 2006 करोड़ रुपए मंजूर किया। यह पैसा भी अब जाकर मिल रहा है।

चौहान ने कहा कि दिसंबर 2025 में भी 602 करोड़ रुपए 2023 की आपदा के लिए दिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र को जो भी सहायता देनी है, वह समय पर मिलनी चाहिए। हिमाचल में बीजेपी नेता केंद्र से अलग-अलग स्कीमों में मदद मिलने के झूठे दावे कर रहे हैं। उन्होंने बीजेपी नेताओं को झूठ नहीं बोलने की नसीहत दी है।

उद्योग मंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने चुनाव जीतने को मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का प्रयास किया। 150 यूनिट मुफ्त बिजली दी, महिलाओं को एचआरटीसी में 50 फीसदी सब्सिडी, मुफ्त पानी जैसे फैसले लिए। अमृत महोत्सव जैसे आयोजनों पर 64 करोड़ रुपए खर्च किए गए। अमृत महोत्सव के नाम पर सभी विधानसभाओं में राजनीतिक रैलियां की गई। इससे पहले ऐसा कभी नहीं किया गया।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि फाइनेंशियल हिमाचल का गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट 10257 करोड़ रुपए थी, जो 2025-26 में घटकर 3257 करोड़ रुपए कर दिया गया। इसके अलावा, हिमाचल को 2022 तक 2600 से 2700 करोड़ रुपए हर साल जीएसटी कॉम्पेनसेशन के मिलते रहे। यह भी जून 2022 में बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल ने ओपीएस लागू किया तो उसके एवज में 1770 करोड़ रुपए की एडिशनल बोरोईंग भी केंद्र ने बंद कर दी। कुल-मिलाकर 12 हजार करोड़ रुपए केंद्र ने हिमाचल का कम कर दिया। कोरोना काल में 2 फीसदी एडिशनल बोरोइंग बहाल की गई थी। हिमाचल में 2023 और 2025 की आपदा के बाद हिमाचल सरकार ने इस एडिशनल बोरोइंग को बहाल करने की मांग की थी। मगर केंद्र ने इसकी इजाजत नहीं दी।

# समाज को सही दिशा देते हैं साहित्यकार : विक्रमादित्य



शिमला के गेयटी थियेटर में पुस्तकों का लोकार्पण करते मंत्री विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

### गेयटी थिएटर में सात पुस्तकों का ऐतिहासिक लोकार्पण

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर सभागार में हिमाचल की संस्कृति, इतिहास और जनजातीय जीवन पर आधारित सात पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन करते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देने का कार्य करता है और लेखक सामाजिक चेतना के संवाहक होते हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की लोक परंपराएं, भाषा और संस्कृति इन रचनाओं के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचेंगी। लोकार्पित पुस्तकों में एसआर हरनोट की मंदिर और लोक श्रुतियां तथा कुंजोम, सुदर्शन वशिष्ठ की किन्नर कैलाश से मणिमहेश, अजेय की रोहतांग आर-पार का तीसरा संस्करण, टाशी छेरिंग नेगी की किन्नौर, लाहौल के युवा लेखक छेप राम की संस्कृति के सात अध्याय और अखिलेश पाठक की देवभूमि की आत्मा शामिल हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये पुस्तकें किन्नौर, लाहौल-स्पीति जैसे जनजातीय क्षेत्रों के जीवन, परंपराओं और हिमाचल की सांस्कृतिक आत्मा को सहेजने का महत्वपूर्ण प्रयास हैं।

मंत्री ने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे युवाओं में किताबें पढ़ने की प्रवृत्ति कम हुई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सोशल मीडिया का रचनात्मक उपयोग करें, लेकिन पुस्तकों से दूरी न बनाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### विक्रमादित्य सिंह आज बढ़ई के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 3 जनवरी को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बढ़ई के प्रवास पर रहेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री दोपहर 12 बजे बढ़ई में नवनिर्मित पंचायत भवन का उद्घाटन करेंगे, इसके उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनके समाधान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### अब्दुल करीम परिवार सहित कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** दरकोटी पंचायत के सलयाना गांव से अब्दुल करीम मुहम्मद ने अपने परिवारजनों सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता पुनः ग्रहण करते हुए संगठन में घर वापसी की। यह कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा की उपस्थिति में संपन्न हुआ, जहां करीम ने पार्टी की नीतियों और विचारधारा पर आस्था जताते हुए संगठन के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली पर भरोसा व्यक्त करते हुए कांग्रेस के साथ आगे बढ़ने की बात कही। इस अवसर पर मोती लाल डेरटा ने सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें पूर्ण मान-सम्मान और संगठनात्मक सहयोग का आश्वासन दिया।

### सचिवालय कर्मचारी सहकारी सभा का कैलेंडर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय कर्मचारी सहकारी ऋण एवं बचत (गैर कृषक) सभा समिति के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक सुरेश कुमार, समिति के अध्यक्ष ओपी दिनकर, उपाध्यक्ष मिलाप चंद, महा प्रबंधक कुशल ठाकुर सहित सभा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कर्मचारियों के कल्याण के लिए इसके प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

### एचपीयू में एबीवीपी ने उठाए छात्रों के मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राज्य विश्वविद्यालय इकाई ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में छात्र हितों से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों को मजबूती से उठाया। परिषद ने विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अव्यवस्था, प्रशासनिक लापरवाही और बुनियादी सुविधाओं की कमी पर चिंता जताई। एबीवीपी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को पूर्ण रूप से लागू करने, पाठ्यक्रमों को समयानुकूल व रोजगारोंमुखी बनाने और शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने की मांग की। साथ ही पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने पर जोर दिया गया। छात्रावासों की खराब स्थिति को गंभीर बताते हुए नए छात्रावासों के निर्माण, पुराने भवनों की मरम्मत तथा स्वच्छ पेयजल, बिजली, सफाई और मेस व्यवस्था सुधारने की मांग रखी गई। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और समयबद्ध परिणाम घोषित करने की भी मांग उठी।

**उधर,** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राज्य विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय में छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों को ज्ञापन सौंपा। इकाई सचिव कामरेड मुकेश ने कहा कि वर्ष 2013 के बाद से प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव बंद हैं, जिससे छात्र प्रतिनिधित्व कमजोर हुआ है और छात्र अपनी बात प्रभावी ढंग से प्रशासन तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं। एसएफआई ने मांग की कि छात्रों के जनवादी अधिकारों की बहाली करते हुए प्रत्यक्ष छात्र संघ चुनाव शीघ्र शुरू किए जाएं।

### छात्रा पल्लवी की मौत पर बहुजन मंच में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल बहुजन महाशक्ति एकता समाज मंच के प्रदेश संयोजक कर्म चंद भाटिया ने धर्मशाला में छात्रा पल्लवी की डिप्रेशन से मौत को दुखद और शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल परिवार का दुख नहीं, बल्कि सरकारी, सामाजिक और पुलिस व्यवस्था पर कलंक है। भाटिया ने दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी और समयबद्ध, निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने पुलिस की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो महीने तक एफआईआर दर्ज न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाटिया ने मुख्यमंत्री से डीजीपी अशोक तिवारी को हटाने या इस्तीफा देने की सख्त मांग की।

### कांग्रेस राज में बागवान बेहाल : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने एचपीएमसी के जरिए समय पर खाद और स्प्रे सामग्री न मिलने पर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सेब बागवानी के अहम दौर में यह लापरवाही सीधे बागवानों की मुश्किलें बढ़ा रही है। लोकमित्र केंद्रों और तहसीलों के चक्कर काटने के बावजूद बागवान सामग्री नहीं पा रहे, जबकि खाली भंडार फसलों को नुकसान और आमदनी में गिरावट का कारण बन सकते हैं। भारद्वाज ने तत्काल एचपीएमसी भंडारों में सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की और चेतावनी दी कि अगर जरूरत पूरी नहीं हुई तो भाजपा बागवानों के हित में सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

### धर्मशाला छात्रा मौत मामले में प्रदेश में आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** धर्मशाला की कॉलेज छात्रा की मौत के बाद प्रदेशभर में गहरा आक्रोश फैल गया है। अंतिम समय में रिकॉर्ड वीडियो में छात्रा ने एक प्रोफेसर पर मानसिक शोषण और 'बैड टच' के आरोप लगाए, जबकि कुछ सहपाठियों पर मारपीट का दावा किया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने यौन शोषण और रैगिंग से जुड़े मामले दर्ज किए। इलाज के दौरान लुधियाना में छात्रा की मौत हो गई। घटना के विरोध में शिमला रिज मैदान पर प्रदर्शन हुआ, जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता रवि कुमार दलित ने सरकार और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष न्यायिक जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# शाहपुर में हुई शिक्षा और आधारभूत संरचना के विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के शिक्षा और आधारभूत संरचना विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांगड़ा जिले के राजीव गांधी राजकीय मॉडल-डे-बोर्डिंग स्कूल, रैत के निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई, जिसमें बताया गया कि विभागीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

बैठक में रिडकमार उप-तहसील दरीणी और शाहपुर तहसील में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण की स्थिति और शाहपुर राजकीय डिग्री कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण के लिए धनराशि के प्रावधान पर विचार किया गया। केवल सिंह पठानिया ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने और समन्वय बनाकर क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख राजीव शर्मा और संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पंचायतों में हो रहा सर्वांगीण विकास : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को उपमंडल जुब्बल में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जुब्बल के समीप डकैड़ में निर्माणाधीन शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान का जायजा लेते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र बनेगा। यहां भविष्य में प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों से शिक्षक प्रशिक्षण के लिए आएंगे, जिससे शिक्षा का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस संस्थान के निर्माण पर 17 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं और इसका निर्माण हिमुडा द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्र को शीघ्र ही इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे संस्थान भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने खड़ापत्थर में 1 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत से बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य को भी देखा। ग्राम पंचायत पराली के प्रांगण में आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री ने कहा कि पराली पंचायत सहित आसपास की पंचायतों में सड़कों और भवनों के निर्माण से व्यापक विकास हुआ है। खड़ापत्थर-पटसारी सड़क का 17 करोड़ 16 लाख रुपए से उन्नयन किया जा रहा है, जबकि खड़ापत्थर-गिरी गंगा सड़क को 6 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से पक्का किया गया है। इन सड़कों से स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मडांन संपर्क मार्ग के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है और औपचारिकताएं पूरी होते ही कार्य आरंभ होगा। शिक्षा मंत्री ने नववर्ष 2026 के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

# रामपुर में खेतों और बागानों में अवशेष जलाने पर लगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

- एसडीएम ने जारी किए आदेश
- उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई और होगी जेल

हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर उपमंडल में प्रशासन ने शीतकाल के दौरान पर्यावरण संरक्षण और जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़ा रुख अपनाया है। एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने क्षेत्र में बागानों और खेतों के अवशेष (टहनियां, झाड़ियां, पत्तियां) जलाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

प्रशासन के अनुसार, सर्दियों के मौसम में अक्सर बागवान अपने बगीचों की सफाई के बाद अवशेषों को एक जगह इकट्ठा कर जला देते हैं। वर्तमान में शुष्क मौसम के कारण इन छोटी घटनाओं से भयानक आग लगने का खतरा बना रहता है, जो न केवल निजी संपत्ति और बागानों को नुकसान पहंचा सकती है, बल्कि समीपवर्ती वनों को भी राख कर सकती है।

एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र जारी कर ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि इन आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 152 और अन्य प्रासंगिक पर्यावरण कानूनों के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### वायु प्रदूषण व जनहित में उठाया कदम

**खुले** में आग जलाने से न केवल आगजनी का खतरा बढ़ता है, बल्कि इससे वायु की गुणवत्ता भी खराब होती है, जिससे सार्वजनिक उपद्रव की स्थिति उत्पन्न होती है। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अवशेषों के निस्तारण के लिए पर्यावरण अनुकूल विकल्प जैसे खाद बनाना या मल्चिंग अपनाएं।

# पल्लवी की मृत्यु पर जयराम ठाकुर ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- बोले-पुलिस की लापरवाही शर्मनाक उच्च स्तरीय जांच जरूरी



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांगड़ा में बिटिया पल्लवी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जारी बयान में कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि बिटिया की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान मिले और शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने का धैर्य प्रदान हो।

जयराम ठाकुर ने कहा कि इस पूरे मामले में शुरू से ही पुलिस की लापरवाही की बातें सामने आ रही हैं, जो बेहद शर्मनाक हैं। उन्होंने मांग की कि प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आए और बिटिया पल्लवी को न्याय मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

वहीं, धर्मशाला में कॉलेज छात्रा पल्लवी की मौत के मामले को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले की निष्पक्ष, गहन और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए कहा कि यह प्रकरण अत्यंत गंभीर है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। पार्टी ने स्पष्ट किया कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना ही जांच की मूल भावना होनी चाहिए।

माकपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कार्रवाई में कथित देरी, रैगिंग और छेड़छाड़ के आरोपों की गहन जांच तथा जातीय उत्पीड़न की आशंका से जुड़े सभी पहलुओं को गंभीरता से खंगालने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी भी स्तर पर चूक या जिम्मेदारी तय होती है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस पर पुलिस महानिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले से जुड़े सभी तथ्यों और आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# किन्नौर में दो मंजिला मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिला की रूपी पंचायत के नालिंग-2 गांव में शुक्रवार सुबह एक दो मंजिला मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में पूरा मकान जलकर राख हो गया। घटना सुबह करीब 6 बजकर 45 मिनट की बताई जा रही है। यह मकान बुद्ध राम का था, जिसमें रसोईघर सहित चार कमरे पूरी तरह जल गए और परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। आग लगने के समय मकान के निचले कमरे में बुद्ध राम का बेटा सुभाष सो रहा था। सुबह ग्रामीणों ने घर से धुआं उठता देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और सुभाष को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक आग पूरे मकान में फैल चुकी थी। गनीमत यह रही कि समय रहते युवक की जान बचा ली गई।

घटना के समय मकान मालिक बुद्ध राम बीमारी के चलते ज्यूरी में थे, जबकि उनकी पत्नी राम कली किसी काम से पास के गांव गई हुई थीं। सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया। प्रशासन ने राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवार को शीघ्र राहत और सहायता देने की मांग की है।

# बीपीएल पर कैंची चला कर गरीबों को सूची से बाहर कर रही सरकार : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



### बोले-व्यवस्था परिवर्तन नहीं गरीबों का व्यवस्था पतन कर रही कांग्रेस सरकार

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में गरीबों के हितों पर लगातार प्रहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीपीएल के लिए नए नियम लाकर बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को सूची से बाहर करने की तैयारी की जा रही है, जिससे आम आदमी, गरीब और मध्यम वर्ग की मुश्किलें और बढ़ेंगी। डॉ. बिंदल के अनुसार यह कदम किसी सुधार की दिशा में नहीं, बल्कि योजनाओं से वंचित करने की साजिश है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रस्तावित नियम लागू होते ही कई ऐसे परिवार बीपीएल सूची से बाहर हो जाएंगे, जिन्हें वास्तव में सरकारी सहायता की सबसे अधिक जरूरत है। उन्होंने इसे गरीब विरोधी नीति बताते हुए कहा कि सरकार की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। कांग्रेस व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है, लेकिन जमीन पर हालात यह हैं कि गरीबों के लिए व्यवस्था कमजोर की जा रही है और उन्हें लाभों से दूर किया जा रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण और गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनसे दिहाड़ीदारों और गरीब परिवारों को सीधा लाभ मिल रहा है, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार इन योजनाओं को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा में भी राज्य सरकार ने अपना हिस्सा समय पर न देकर ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाया और जिम्मेदारी केंद्र पर डालती रही।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों के लिए केंद्र से मिली राहत राशि का भी सही उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपए की सहायता होने के बावजूद जरूरतमंदों तक मदद नहीं पहुंच पाई और विकास कार्य प्रभावित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि भाजपा गरीबों, बीपीएल परिवारों और आपदा प्रभावित लोगों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी और कांग्रेस सरकार की नीतियों को जनता के सामने उजागर करती रहेगी।

# कांग्रेस मंत्रियों में झूठ बोलने की होड़ : सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना से विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बयान पर पलटवार करते हुए सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मंत्रियों में झूठ बोलने और केंद्र सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाने की होड़ मची हुई है।

सत्ती ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बिना किसी संवैधानिक पद के अपने नेता राहुल गांधी की रैलियों पर प्रदेश के करोड़ों रुपए खर्च किए और अब नैतिकता का पाठ पढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय मिली राहत राशि से जश्न मनाने वाली कांग्रेस को पहले केंद्र से प्राप्त 6000 करोड़ रुपए की आपदा सहायता का पूरा हिसाब जनता को देना चाहिए।

सरकार स्वयं स्वीकार कर चुकी है कि अब तक प्रभावितों को केवल लगभग 500 करोड़ रुपए ही राहत के रूप में दिए जा सके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी नाकामियों से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र और पूर्व भाजपा सरकार पर आरोप मढ़ रही है। सत्ती ने दावा किया कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक निर्माण विभाग के अधिकांश कार्य केंद्र सरकार के सहयोग से ही संभव हो पाए हैं।

**अपील** | शिमला विंटर कार्निवाल के समापन समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बोले-

# नशे के खिलाफ समाज का एकजुट होना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



विंटर कार्निवाल के समापन समारोह में राज्यपाल समारिका का विमोचन करते हुए।

प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला विंटर कार्निवाल के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए प्रदेश में बढ़ते नशे के खतरे पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट और निरंतर प्रयास करने होंगे। सांस्कृतिक संध्या के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रत्येक नागरिक से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं और सामूहिक चेतना को दिशा देते हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिमला विंटर कार्निवाल हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और प्रसिद्ध आतिथ्य परंपरा का जीवंत प्रतिबिंब बनकर उभरा है। स्थानीय निवासियों और पर्यटकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुतियों को प्रभावशाली बताया और कहा कि कार्निवाल का तीसरा संस्करण शिमला शहर की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है।

उन्होंने शिमला नगर निगम और आयोजन समिति को सामाजिक जागरूकता के साथ सांस्कृतिक उत्सव को सफलतापूर्वक जोड़ने के लिए बधाई दी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और संतुलित पर्यटन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति और परंपराओं की सुरक्षा के बिना सुरक्षित भविष्य की कल्पना संभव नहीं है। सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध हास्य कलाकार अहसान कुरैशी और जानी-मानी बॉलीवुड गायिका हेमा सरदेसाई की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक हरीश जनारथा, उप-महापौर उमा कौशल, राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, आयुक्त नगर निगम शिमला भूपेंद्र अत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

समारोह से पूर्व शिमला नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने राज्यपाल एवं लेडी गवर्नर को सम्मानित किया। इसके उपरांत राज्यपाल ने 'वॉयस ऑफ शिमला सीजन-3' के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए, जिसमें प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए सौरव अत्री को, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपए पूनम पंडित को तथा तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपए सुभाष को दिया गया। उन्होंने शिमला विंटर कार्निवल की स्मारिका का विमोचन भी किया।

# बडोहग पटवार वृत्त शिफ्ट करने का फैसला जनविरोधी : डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने कांग्रेस सरकार द्वारा बडोहग पटवार वृत्त को कांगू से हटाकर उपतहसील गलोड़ में स्थानांतरित करने की अधिसूचना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार का जनविरोधी और अव्यावहारिक निर्णय बताया।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि बडोहग पटवार वृत्त के अंतर्गत 11 से 12 गांव आते हैं, जहां के हजारों लोगों को अब तक राजस्व कार्यों के लिए कांगू में सुविधा मिलती रही है। उन्होंने बताया कि कांगू की दूरी केवल 2-3 किलोमीटर है, जबकि गलोड़ उपतहसील 8 से 14 किलोमीटर दूर है, जिससे आम जनता पर समय और आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद से लगातार जनविरोधी फैसले ले रही है और अब तक 1500 से अधिक सरकारी संस्थान बंद किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र होने के बावजूद जनता को परेशान करने जैसा कदम है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अधिसूचना को तुरंत वापस लिया जाए, अन्यथा जनता को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पुराना मटौर व बगली में 5 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता रमेश धीमान ने बताया कि 05 जनवरी को मरम्मत कार्य के चलते 11 केवी बगली फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों नंनधेड, पुराना मटौर, घुंड़ी, बगली, अंसोली, पटोला, घाना, गंगभैरों, गगली, चैतड़ू, बनवाला, मनेड, मस्तपुर, कंदरेड, सराह तथा लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह तथा आस-पास के क्षेत्रों में प्रातः 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी।

### प्रेरणा शर्मा बनीं कार्यसमिति सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए धर्मशाला की प्रेरणा शर्मा को हिमाचल प्रदेश महिला मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। यह



नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर द्वारा शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद की गई है। प्रेरणा शर्मा की पहचान पार्टी के प्रति निष्ठा, कर्मठता और सक्रिय संगठनात्मक भूमिका के लिए रही है। लंबे समय से महिला मोर्चा और पार्टी गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए उन्होंने जमीनी स्तर पर महिलाओं को संगठन से जोडऩे में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनकी इसी सक्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रेरणा शर्मा के साथ प्रदेश भर से 15 अन्य महिला नेत्रियों को भी महिला मोर्चा की कार्यसमिति में शामिल किया गया है। इन नियुक्तियों से महिला मोर्चा को नई ऊर्जा मिलने के साथ-साथ संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त करने में मदद मिलेगी। नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रेरणा शर्मा को बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से महिला मोर्चा को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### सिक्योरिटी गार्ड बनने के लिए आएं ज्वालामुखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि सिस इंडिया लिमिटेड हमीरपुर द्वारा पुरुष सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के कुल 150 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा 14,000 से 24,000 रुपये मासिक वेतन मिलेगा। साक्षात्कार के लिए आवेदक आवश्यक दस्तावेजों–दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा की कॉपी एवं अनुभव प्रमाणपत्र (यदि हो) के साथ उपस्थित होंगे। साक्षात्कार का समय व स्थान इस प्रकार हैं। 05 जनवरी: उप रोजगार कार्यालय ज्वालामुखी, 06 जनवरी: उप रोजगार कार्यालय नगरोटा बगवां, 07 जनवरी: क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय फतेहपुर, 08 जनवरी: उप रोजगार कार्यालय लम्बागांव, 09 जनवरी: उप रोजगार कार्यालय पालमपुर में होंगे। सभी इच्छुक आवेदक विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 83518-90071 पर संपर्क किया जा सकता है।

### प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य पदोन्नति पर आभार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा द्वारा 267 प्रवक्ताओं को नियमित प्रधानाचार्य पदोन्नति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव का आभार व्यक्त किया। हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के मुख्य संरक्षक राकेश भड़वाल, संरक्षक पारस धीमान एवं धीरज व्यास अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास महासचिव बलजीत सिंह अटवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार एवं रमेश ठाकुर वित्त सचिव तिलक राज राणा समस्त उपमंडल अध्यक्षों एवं सचिवों ने संयुक्त रूप से कहा कि संघ लगातार शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से संपर्क में रहा और लगातार प्रवक्ता पदोन्नति की मांग उठाता रहा परिणामस्वरूप वरिष्ठ प्रवक्ताओं को पदोन्नति का तोहफा प्राप्त हुआ। शिक्षा की गुणात्मक व्यवस्था के लिए प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय मुखिया का होना आवश्यक है, इसका अभास संघ लगातार सरकार एवं संबंधित अधिकारियों को करवाता रहा। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में लगभग 900 से अधिक प्रधानाचार्य के पद पिछले लगभग तीन वर्ष से रिक्त चल रहे थे और प्रवक्ता संघ लगातार किसी न किसी माध्यम से सरकार से संपर्क साध कर पदोन्नति की मांग करता रहा।

# हेरोइन व प्रतिबंधित कैप्सूलों सहित पकड़े दोषी को 10 वर्ष का कारावास

## दूसरे दोषी को 6 माह की सजा, डमटाल पुलिस को गश्त में मिली थी सफलता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हेरोइन और नशीले कैप्सूलों के साथ पकड़े गए एक आरोपी पर आरोप सिद्ध होने पर 10 साल का कठोर, जबकि एक आरोपी को दोष सिद्ध होने पर छह माह कारावास की सजा हिमाचल प्रदेश राज्य वक्फ ट्रिब्यूनल धर्मशाला के चेयरमैन जसवंत सिंह की अदालत ने सुनाई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना डमटाल जिला कांगड़ा की टीम सितंबर, 2020 की रात को गश्त पर थी। इस दौरान रात्रि करीब 11:30 बजे पुलिस टीम भाटिया स्टोन क्रशर के सामने स्थित शीतला माता मंदिर के पास पहुंची, जहां दो युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गए और भागने का



प्रयास करने लगे। आरोपियों की पहचान अमन कुमार उर्फ बिल्ला निवासी इंदौरा और राजन उर्फ प्रिंस निवासी इंदौरा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार इनमें से एक युवक ने पेड़ के पास काले रंग का लिफाफा फेंक दिया, जबकि दूसरे युवक ने अपनी पजामा लोअर की जेब से एक वस्तु निकालकर जमीन पर फेंक दी। पुलिस ने दोनों को मौके पर काबू किया। तलाशी के

- **राजन को एक लाख रुपए जुर्माना, न चुकाने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास**
- **अमन को 10,000 रुपए जुर्माना, न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास**

दौरान काले लिफाफे से प्रतिबंधित 495 कैप्सूल बरामद हुए, जिनका कुल वजन 327.7 ग्राम पाया गया। वहीं, दूसरे आरोपी द्वारा फेंके गए पारदर्शी पॉलीथिन लिफाफे से 3.02 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया तथा मामला न्यायालय पहुंचा। वहीं मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने 12 गवाह पेश किए। साक्ष्यों और रिकॉर्ड के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया तथा अमन कुमार उर्फ बिल्ला को 6 माह का कठोर कारावास और 10,000 रुपये जुर्माना लगाया। वहीं जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं, दूसरे आरोपी राजन उर्फ प्रिंस को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष का कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर उसे 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इस केस की पैरवी जिला न्यायवादी संजीव राणा ने की। इस केस में नायब कोर्ट हैरी सहायक रहे।

# संगेहड़ क्षेत्र में 07.75 ग्राम चिट्टे सहित एक गिरफ्तार



संगेहड़ क्षेत्र में 07.75 ग्राम चिट्टे सहित पकड़ा आरोपी एसआईयू टीम के साथ।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वर्ष 2026 के पहले ही दिन पुलिस को अहम सफलता मिली है। एसआईयू यूनिट के एएसआई सतेंद्र कुमार व उनकी टीम ने पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत संगेहड़ क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 07.75 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। यह बरामदगी राजेंद्र कुमार उर्फ ननू पुत्र बाबू राम निवासी गांव संगेहड़, डाकघर मोहटली, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21-61-85 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी धर्मचंद वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# अंकित कौंडल राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद के लिए हुए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर के कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्र अंकित कौंडल का चयन राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद 2025-26 के राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। उन्होंने जोनल राउंड (जोन-6: हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर एवं उत्तराखंड) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का आयोजन स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरणीय जागरूकता, नीति-निर्माण की समझ और नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाना है। राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन जनवरी 2026 में निर्धारित है, जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। अपनी



प्रतिक्रि या में अंकित कौंडल ने अपने चयन का श्रेय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के मार्गदर्शन और सतत सीखने की संस्कृति को दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए मंचों और अवसरों ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर आत्मविश्वास के साथ स्वयं को प्रस्तुत करने में मदद की। अंकित के इस चयन पर विश्वविद्यालय समुदाय, शिक्षकों, सहपाठियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कानूनी सहायता और मुफ्त हेल्पलाइन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी पठानकोट की ओर से जिले को ड्रग फ्री बनाने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अथॉरिटी के चेयरमैन डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज जतिंद्र पाल सिंह खुरमी के निर्देशानुसार तथा सीजेएम एवं सेक्रेटरी जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी रुपिंदर सिंह के आदेशों के तहत 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान के अंतर्गत ब्लॉक नरोट जैमल सिंह के गांव चातक स्थित आंगनवाड़ी सेंटर का दौरा किया गया। इस अवसर पर जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के पैनल एडवोकेट विनोद कुमार और एडवोकेट हनी माईनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एडवोकेट्स ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा युवा पीढ़ी को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, जिसे रोकने के लिए समाज को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने नशा छुड़ाओ केंद्रों की भूमिका पर भी चर्चा की और बताया कि अथॉरिटी द्वारा गांव-गांव व शहर-शहर मुफ्त कानूनी सहायता को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही निशुल्क हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर पीएलवी जागीर सिंह, कुलविंदर कौर, सरपंच रजनी बाला, चंद्र कांता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गोकुल बुटेल ने पपरोला में 4डी/5डी अल्ट्रासाउंड सेंटर का किया शुभारंभ

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



पपरोला में गोकुल बुटेल 4डी/5डी अल्ट्रासाउंड सेंटर का शुभारंभ करते हुए।

**बैजनाथ।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल ने शुक्रवार को पपरोला में एएनएच 4डी/5डी अल्ट्रासाउंड सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में गोकुल बुटेल ने प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और इस दिशा में निजी संस्थानों की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों की भारी संख्या को देखते हुए निजी संस्थान उन लोगों के लिए एक बेहतर विकल्प प्रदान करते हैं जो अपनी सुविधा के अनुसार शीघ्र उपचार चाहते हैं।

बुटेल ने विश्वास जताया कि इस नए केंद्र में उपलब्ध 4डी और 5डी अल्ट्रासाउंड की अत्याधुनिक तकनीक से बैजनाथ और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ होगा। गोकुल बुटेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राज्य में निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मानकों को पूरा करने वाले निजी स्वास्थ्य संस्थानों की आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाए। उन्होंने बल दिया कि प्रक्रियाओं में सरलता आने से स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, जिसका सीधा लाभ आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के रूप में मिलेगा। उन्होंने अल्ट्रासाउंड के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. साहिल अरोड़ा, डॉ. प्रियंका अरोड़ा, डॉ. तरसेम अरोड़ा और उनकी पूरी टीम को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए बधाई दी। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पालमपुर के सफल संचालन के बाद यह संस्थान की तीसरी शाखा है, जो स्थानीय जनता को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगी। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक करोल, एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंद्र बिट्टू, नगर परिषद पपरोला पार्षद अनिता कुमारी और राजेश कलोडी सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान एग्रीस्टैक पोर्टल पर अवश्य करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **पंजीकरण से मिलेगा विशेष पहचान नंबर, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित**
- **किसान लोकमित्र केंद्र या मोबाइल से फ्री कर सकते हैं पंजीकरण**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है । यह जानकारी देते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकरण करने पर किसानों को एक विशेष पहचान नंबर मिलेगा और आने वाले समय में कृषि से सम्बंधित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनके पास यह विशेष पहचान नंबर होगा।

उन्होंने कहा कि किसान अपना पंजीकरण किसी भी नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर करवा सकते हैं यह पंजीकरण सभी लोकमित्र केंद्र में निशुल्क कराया जा सकता है। सरकार द्वारा प्रत्येक सफल पंजीकरण के लिए लोकमित्र केंद्र को 12 रुपये दिए जा रहे हैं। इसलिए सभी किसान इस निशुल्क सेवा का लाभ उठाएँ। इसके अतिरिक्त किसान अपने मोबाइल फोन से भी एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकरण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए किसान अपना आधार कार्ड, आधार से जुड़ा फोन तथा अपनी जमीन के किसी भी भाग का जमाबंदी ततीमा या अपना कोई भी खसरा नंबर लेकर लोकमित्र केंद्र में जाएं तथा पंजीकरण करवाएं जब एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान की जमीन के किसी भी एक भाग का खसरा नंबर भरा जाएगा तो उस किसान के नाम की अन्य सभी जगह की जमीन का विवरण पोर्टल में खुद ही लिंक हो जाएगा इसलिए जमीन के सभी भागों के जामबंदीद ततीमा ले जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जिला के राजस्व विभाग के ग्रामीण स्तर के अधिकारियों से कहा कि जिन किसानों के पास उनकी जमीन का खाता खतौनी नंबर नहीं है उन्हें उनकी जमीन का खाता खतौनी नंबर उपलब्ध करवायें तथा पोर्टल में एंट्री होने के उपरांत पोर्टल में इसे मंजूरी भी दें। इसके साथ ही लोकमित्र केंद्र के मालिक जल्दी से जल्दी किसानों की एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीकरण के कार्य को पूरा करें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसानों को इस सम्बन्ध में कोई भी समस्या हो ता कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सूक्खू सरकार हर मोर्चे पर फेल: परमार

## कहा, बेरोजगार ढूंढ रहे नौकरी, महिलाएं कर रही हैं 1500 का इंतजार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने सूक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा। परमार ने कहा कि सुक्खू सरकार तीन साल में हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। युवा बेरोजगार नौकरी के इंतजार में हैं और महिलाएं 1500 ढूंढ रही है। विपिन सिंह परमार शुक्रवार को जनसम्पर्क अभियान के दौरान सुलह विधानसभा क्षेत्र के गांव गढ़ मलकेहड़, हलदरा कोना तथा बेरघट्टा में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

विपिन सिंह परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बेरोजगार युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। कांग्रेस पार्टी ने 5 साल में 5 लाख को रोजगार देने का वादा करके सत्ता हासिल की थी, पर अब तीन साल बीत जाने के बाद भी रोजगार देने में नाकाम रही है। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पास तीन साल की एक भी उपलब्धि नहीं है। इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। विपिन सिंह



सुलह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान के दौरान विपिन परमार व अन्य।

परमार ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा की पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियां हवा हो गई हैं। सूक्खू सरकार लगातार कर्ज का बोझ प्रदेश के लोगों पर बढ़ा रही है। परमार ने कहा प्रदेश के लोग अब सुख सरकार से पीछा छुड़ाना चाहते हैं। लोग कांग्रेस सरकार से हिसाब बराबर करने का इंतजार कर रहे हैं। परमार ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस सरकार का 2027 में सूपड़ा साफ करने

- **2027 में कांग्रेस सरकार का सूपड़ा साफ करने का लिया संकल्प**

का संकल्प लिया है। इस मौके पर विकास धीमान, भंडारी राम, जोगिंदर चौहान, सरूप शर्मा, बनिता गुलेरिया, ज्ञान चंद भूरिया, अशोक घारिया, रंजीत कटोच, राज कुमार, पृथी चंद भूरिया, अरुण कुमार, सुधीर गुलेरिया, मनोज शर्मा, मनोज कुमार, महिंदर प्रताप चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

# अनुबंध लाभ को गिने जाने पर स्थिति स्पष्ट करे वित्त विभाग: राजिंद्र मन्हास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ के कांगड़ा जिला प्रधान राजिंदर मन्हास ने जारी प्रेस बयान में वित्त विभाग को कड़े शब्दों में चेताते हुए कहा कि अनुबध को पेंशन के लिए जोडऩे पर स्पष्ट स्थिति स्पष्ट करें। जिला प्रधान ने कहा कि वित्त विभाग के ढुलमुल रवैये की वजह से सैंकड़ों कर्मचारियों के पेंशन केस विभागों में धूल फांक रहे हैं । कई रिटायर कर्मचारी 2024 में लाखों रुपए एनपीएस का सरकारी शेयर सरकार को जमा करवा चुके हैं, परन्तु अभी तक उन्हें पेंशन नहीं मिली है । जिला प्रधान ने कहा कि 2024 में एक अधिसूचना शीला देवी केस की निकाली गई जिसमें अनुबंध लाभ की पेंशन के लिए गणना करने के स्पष्ट आदेश थे जिसके तहत कुछ कर्मचारियों को इसका लाभ भी मिला, परन्तु फरवरी माह में प्रदेश सरकार ने अनुबंध को लेकर बिल पास कर दिया जिसमें अनुबंध से संबंधित अन्य वित्तीय लाभ देने से मना कर दिया गया



परन्तु बिल में कहीं भी यह बात नहीं थी की अनुबंध की गणना पेंशन के लिए नहीं होगी। यहां से ही यह मामला बिगड़ा और कुछ विभागों ने अनुबंध को पेंशन के लिए नहीं गिने जाने के पत्र निकाल दिए, जबकि वित्त विभाग ने इस मामले में चुप्पी साध ली और कई पेंशन केस लटका दिए गए । जिला प्रधान ने कहा की अभी उच्च न्यालय ने भी स्पष्ट किया है कि अनुबंध को पेंशन के लिए कम से कम गिना जाए, परन्तु फिर भी वित्त विभाग ने इस विषय में कोई स्पष्ट आदेश जारी नहीं किये है जबकि कुछ विभागों ने अपने स्तर पर अनुबंध काल को पेंशन के लिए गिने जाने के पत्र निकाल दिए हैं । जिला प्रधान ने कहा कि वित्त विभाग की यह चुप्पी समझ से परे है इससे सरकार की कर्मचारियो में छवि भी खराब हो रही है जबकि मुख्यमंत्री हर मंच से यह कह रहे हैं की वह हर कर्मचारी को पेंशन के दायरे में लाएंगे। जिला प्रधान ने मुख्यमंत्री से भी इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# थाईलैंड महिला टीम ने एचपीसीए को हराकर दूसरी जीत की दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **थाइलैंड ने 20 ओवर में 106 रन का दिया लक्ष्य**
- **एचपीसीए की महिला टीम 100 रन पर ऑल आउट 6 रनों से हारी**

थाइलैंड की महिला सीनियर टीम ने अभ्यास मैच के तहत शुक्रवार को भी एचपीसीए की महिला सीनियर क्रिकेट टीम को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। शुक्रवार को खेले गए मैच में थाइलैंड की टीम ने एचपीसीए की टीम को 6 रनों से हरा दिया है। शुक्रवार को खेले गए मैच में एचपीसीए की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। जबकि बल्लेबाजी करने उतरी थाइलैंड की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 106 रन बनाए। थाइलैंड की ओर से पिछले मैच की जीत की हीरो रही सलामी बल्लेबाज नथाकान चांथम ने नाबाद अर्धशतक लगाते हुए 51 रन बनाए। जबकि चनिदा ने 20, ननापत ने 12 व फतिना के 11 रनों की बदौलत टीम उपरोक्त रनों तक पहुंच पाई। जबकि जबकि एचपीसीए की ओर से गेंदबाज नीना व यमुना ने क्रमशः तीन-तीन, जबकि निकिता, प्राची व अहाना ने एक-एक विकेट हासिल की। वहीं इन रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल की टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 100 रन ही बना सकी।

हिमाचल की ओर से देवांशी ने सर्वाधिक 30 रन की पारी खेली। जबकि मोनिका ने 28, अहाना ने 13 व सोनल ने टीम के लिए 10 रन जोड़े। इसके अलावा टीम की कोई भ खिलाड़ी बल्लेबाजी में खासा कमाल नहीं कर सकी। वहीं थाइलैंड की ओर से गेंदबाज चानिदा ने 2 जबकि थिचापा, सुलिपोरन, ओनिचा ने क्रमशः 1-1 विकेट दर्ज की। इसके अलावा थाइलैंड की टीम ने हिमाचल की 4 खिलाड़ियों को रन आउट किया।

**कार्यक्रम** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

# नशा व मोबाइल के दुष्प्रभावों से दूर रहने का आह्वान

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अश्विनी पराशर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने की। इस अवसर पर उप-प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना ऋषि, डॉ. दीप ठाकुर, प्रोफेसर रेनू डोगरा, प्रोफेसर सुनीता कटोच तथा प्रोफेसर अमरजीत सहित अन्य प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिनमें समूह नृत्य एवं गायन शामिल रहे। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। मुख्य



शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

अतिथि डॉ. अश्विनी पराशर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भगवद् गीता के श्लोकों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे की लत तथा मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित और सकारात्मक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारियों प्रोफेसर राजीव भोरिया एवं प्रोफेसर पूनम शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह के अंत में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को विभिन्न पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# दस विषयों की टेट का परीक्षा परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

- **टीजीटी आर्ट्स में 10858 परीक्षार्थियों में 1429 पास**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। नवम्बर-2025 में प्रदेश स्तर पर स्थापित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित इन परीक्षाओं में टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल, टीजीटी नॉन मेडिकल, टीजीटी हिंदी, स्पेशल एजुकेटर (प्री प्राइमरी से 5वीं), स्पेशल एजुकेटर (छठी से 12वीं), पंजाबी, उर्दू, जेबीटी, टीजीटी संस्कृत शामिल थीं जिनका परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया है।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी आर्ट्स में 10858 परीक्षार्थियों में 1429 पास घोषित हुए हैं। परीक्षा परिणाम 13.2 प्रतिशत रहा। टीजीटी मेडिकल में 4309 में से 1743 पास हुए तथा परीक्षा परिणाम 40.05 प्रतिशत रहा। इसी तरह टीजीटी नॉन मेडिकल में 5878 परीक्षार्थी थे जिनमें 741 पास हुए हैं तथा परीक्षा परिणाम 12.8 प्रतिशत रहा। टीजीटी हिंदी में 2187 परीक्षार्थियों में से 1279 पास हुए तथा परीक्षा परिणाम 41.5 प्रतिशत रहा। टीजीटी संस्कृत में 1541 परीक्षार्थियों में से 427 पास हुए तथा परीक्षा परिणाम 27.7 प्रतिशत रहा। इसके अलावा पंजाबी विषय में 56 परीक्षार्थी थे जिनमें से सिर्फ 3 ही पास हुए हैं तथा परीक्षा परिणाम 5.4 प्रतिशत रहा। उर्दू विषय मे 9 में से 2 पास हुए तथा परीक्षा परिणाम 22.2 प्रतिशत रहा। स्पेशल एजुकेटर (प्री प्राइमरी से 5वीं) विषय में 621 में से 557 पास हुए हैं तथा परीक्षा परिणाम 89.7 रहा। वहीं स्पेशल एजुकेटर (छठी से 12वीं) में 150 में से 144 तथा परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा।


# कभी रहती थी 10 से 12 हजार किग्रा चाय की डिमांड

## अब 1300 किलो तक सिमटी विदेश में डिमांड, पिछले छह से सात वर्षों में विदेशों में घटी पहुंच

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** धर्मशाला में बनने वाली कांगड़ा चाय की कभी विदेश में सैंकडों किलोग्राम की डिमांड रहती थी, जिसमें लगातार गिरावट आ रही है। करीब एक दशक से पहले धर्मशाला से 10 से 11 हजार किलोग्राम चाय बेची जाती थी, जबकि इस बार मात्र 1300 किलोग्राम चाय की डिमांड विदेश से आई है।

जानकारी के अनुसार कोरोना काल के बाद विदेश में कांगड़ा चाय की डिमांड में कमी दर्ज हुई है, पिछले छह से सात वर्ष से चाय डिमांड में कमी का सिलसिला जारी है। गौरतलब है कि धर्मशाला में इस बार कांगड़ा चाय का उत्पादन पिछले वर्ष की अपेक्षा कम दर्ज किया गया है, लेकिन घरेलू मार्केट में प्रति किलोग्राम रेट में उत्पादकों को अच्छे रेट मिलने से कुछ राहत मिली है।





**पूर्व** में विदेशों में कांगड़ा चाय की अच्छी डिमांड रहती थी, लेकिन पिछले 6-7 वर्षों से इसमें गिरावट आई है। यूरोप और मिडल ईस्ट में चल रही जंग इसका प्रमुख कारण है। ज्यादातर धर्मशाला चाय उद्योग में बनने वाली कांगड़ा चाय फ्रांस में ही सप्लाई होती है, इस बार करीब 1300 किलोग्राम का ऑर्डर धर्मशाला चाय उद्योग को मिला है।

-अमन पाल सिंह, प्रबंधक, धर्मशाला चाय उद्योग

अनंत ज्ञान खास खबर

### यूरोप और मिडल ईस्ट में चल रही जंग प्रमुख कारण

**जानकारी** के अनुसार यूरोप और मिडल ईस्ट में चल रही जंग भी इसका प्रमुख कारण है। धर्मशाला में बनने वाली पहले तोड़ की चाय की विदेश में ज्यादा डिमांड रहती है। फ्रांस में कांगड़ा चाय की ज्यादा डिमांड रहती है। यही नहीं फ्रांस और जर्मनी के चाय विक्रेता, धर्मशाला स्थित चाय उद्योग जहां विभिन्न प्रकार की चाय का उत्पादन होता है, उसका भी दौरा कर चुके हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों से विदेशों में कांगड़ा चाय की घटती डिमांड से चाय उत्पादक भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

# रैगिंग से छात्रा की मौत दुखद, हिमाचल में कानून व्यवस्था का निकला जनाजा : सुधीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- कहा, मैं पीड़ित परिवार के साथ हूं, न्याय दिलवाकर रहूंगा

धर्मशाला विधानसभा हलके के तहत बाघनी पंचायत निवासी एक छात्रा की डिप्रेशन में आने के बाद मौत होना बेहद दुखद है। धर्मशाला कॉलेज की तीन छात्राएं और एक प्रोफेसर पर इस छात्रा से मारपीट, डराने-धमकाने और अश्लील हरकतें करने के आरोप हैं। यह घटना हिमाचल के लिए बेहद दुखद और प्रदेश सरकार के लिए शर्मनाक है। यह बात भाजपा नेता व धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने कही। शुक्रवार को जारी बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि बाघनी पंचायत निवासी पीड़ित परिवार के साथ वह डटकर खडे हैं। इस परिवार को वह न्याय दिलवाकर रहेंगे।




सुधीर ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह बड़ी नाकामी है। उन्होंने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि कुछ लोग इस मामले को दबाने में लगे रहे। उन्होंने कहा कि मसला गरमाने पर अब परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने धर्मशाला थाने में मामला दर्ज कर लिया है। शर्मा ने हैरानी जताई कि पिछले साल 18 सितंबर को इसी कॉलेज में पढ़ने वाली 3 छात्राओं ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की और उसे डराया-धमकाया। इसके अलावा कॉलेज के एक प्रोफेसर पर उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें तक की। इस तरह की घटनाएं निकम्मे सरकार के नाक तले हो रही हैं। पहले भी कर्मियों को तंग किया गया है। प्रदेश सरकार में शिक्षा के संस्थानों में हो रही रैगिंग जैसी भयावह घटना ने झकझोर कर रख दिया है। धर्मशाला में एक भी विकास कार्य नहीं हो रहा है। कुछ समय पहले स्मार्ट सिटी आदि प्रोजेक्टों से दुनिया भर में इस शहर का नाम था, अब मुख्यमंत्री सुक्खू के इशारे पर धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की साख खराब कर रहे हैं। सुधीर ने कहा कि भाजपा पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाएगी।

# धर्मशाला कॉलेज की पल्लवी की लड़ाई लड़ेगी आम आदमी पार्टी : काली दास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की छात्रा पल्लवी की यौन शोषण, जाति एवं मानसिक उत्पीड़न के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने कड़ा संज्ञान लिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास ने जारी बयान में कहा कि आम आदमी पार्टी पीड़ित लड़की पल्लवी की मृत्यु के लिए वर्तमान सरकार, शिक्षा विभाग तथा कॉलेज प्रशासन की लापरवाही को मानती है।



उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लोगों खास करके महिलाओं, बच्चों और यहां तक की सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों को भी प्रताड़ित किया जाता है और वर्तमान सरकार में इसमें वृद्धि हुई है। प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं दिख रही है। उन्होंने प्रदेश पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी प्रश्न उठाए कि जब पीड़ित पल्लवी को जातीय आधार पर यौन शोषण तथा मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था तब वे पुलिस प्रशासन के पास एफआईआर दर्ज करने के लिए गए तो पुलिस प्रशासन ने उन की एफआईआर 2 माह तक दर्ज नहीं की। अंत में प्रताड़ित करने वाले लोग जिसके नाम मृतिका पल्लवी ने मरने से पहले परिजनों को बताए हैं व उनके पास रिकार्डिंग भी उपलब्ध है, वो अभी तक खुले में घूम रहे हैं और सरकार का डर दिखा कर पल्लवी के परिवार व पुलिस प्रशासन को डरा रहे हैं। यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं दिया गया तो 'आप' विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार, कॉलेज प्रशासन व पुलिस प्रशासन की होगी। यदि समय पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर ली जाती है और आरोपी व्यक्तियों से कड़ी पूछताछ की जाती तो शायद आज पल्लवी जिंदा होती। उसने स्पष्ट बताया है कि उसके साथ जाति आधारित बातें करके उसका यौन, शारीरिक व मानसिक शोषण किया गया। इससे पहले भी रोहडू में 12 वर्ष से बच्चे को भी जाति उत्पीड़न के कारण ही आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# प्राध्यापक पर लगे आरोपों पर हुई चर्चा

## धर्मशाला कॉलेज इकाई की बैठक में छात्रा के दुखद निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

- सोशल मीडिया आरोपों में विरोधाभास, निष्पक्ष एवं गहन जांच की आवश्यकता
- प्राध्यापक का सेवा-रिकॉर्ड अनुशासित और नैतिक निष्पक्ष कार्रवाई का आग्रह

हिमाचल राजकीय प्राध्यापक संघ की राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला इकाई की एक आपात बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई, जिसमें सोशल और प्रिंट मीडिया में महाविद्यालय के एक प्राध्यापक पर लगाए जा रहे गंभीर आरोपों पर विस्तृत और गंभीर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत सत्र 2024-25 की एक छात्रा के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए की गई तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की गईं।

बैठक में संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर स्पष्ट किया गया कि संबंधित छात्रा सत्र 2024-25 की छात्रा थी और वर्तमान शैक्षणिक सत्र में उसका राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में कोई प्रवेश दर्ज नहीं है। संघ ने यह भी अवगत कराया कि महाविद्यालय में यौन शोषण, रैगिंग एवं अन्य गंभीर मामलों से निपटने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एक सुदृढ़ और प्रभावी आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली पहले से ही लागू है।

महाविद्यालय के अभिलेखों का हवाला देते हुए बताया गया कि जब छात्रा नियमित छात्रा के रूप में अध्ययनरत थी, उस दौरान उसने किसी भी प्रकार की शिकायत कॉलेज प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत नहीं की थी। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों में कई विरोधाभास पाए जाने की बात भी बैठक में सामने आई, जिसके चलते इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और गहन जांच की आवश्यकता पर बल दिया गया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि संबंधित प्राध्यापक पर लगाए गए जातिगत आरोप तथ्यों से मेल नहीं खाते, क्योंकि वे स्वयं पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं। बताया गया कि उक्त प्राध्यापक वर्ष 2006 से प्रदेश के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं और अब तक उनका सेवा-रिकॉर्ड उच्च नैतिक मूल्यों, अनुशासन और शैक्षणिक प्रतिबद्धता का परिचायक रहा है।

हिमाचल राजकीय प्राध्यापक संघ की स्थानीय इकाई के अध्यक्ष डॉ. विक्रम श्रीवत्स और महासचिव डॉ. आशीष रंजन ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों और साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने आग्रह किया कि भविष्य में होने वाली किसी भी जांच या कार्रवाई के दौरान निष्पक्षता और न्याय सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति की छवि को अनावश्यक रूप से क्षति न पहुंचे।

# छात्राओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह विफल

## शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं, छात्रा की मौत के बाद खुली नींद : भाजयुमो

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश भाजयुमो महामंत्री शाश्वत कपूर, प्रवक्ता युवा मोर्चा साहिल शर्मा, महामंत्री अरुण कौशल, प्रदेश भाजुयमो मीडिया सह प्रभारी अरविंद सिंह की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में एक अत्यंत गंभीर मुद्दे को उठाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। शाश्वत कपूर ने कहा कि संबंधित छात्रा लंबे समय से उत्पीडन् का शिकार थी। पीड़िता ने साहस जुटाकर कॉलेज प्रशासन के समक्ष लिखित शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि कॉलेज प्रशासन ने शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जब परिजन न्याय की आस में पुलिस के पास पहुँचे, तब भी मामला दर्ज नहीं किया गया। युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि छात्रा की दुखद मृत्यु के बाद ही प्रशासन की नींद खुली, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर प्रशासन की आंखें खुलने से पहले और कितनी निर्दोष जानें जाएंगी? उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में पूरे प्रदेश में छात्र-छात्राओं के बीच भय का माहौल बना हुआ है। महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को लेकर सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। महिलाओं और युवाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर रूप से चरमराई हुई है। युवा मोर्चा ने पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही



प्रदेश भाजयुमो महामंत्री शाश्वत कपूर प्रेसवार्ता करते हुए।

- प्रदेश में भय का माहौल, महिला सुरक्षा पर सरकार के दावे खोखले

उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाए जाएं, चाहे वे किसी भी पद पर क्यों न हों, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें अपराधी मानते हुए कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो युवा मोर्चा इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा।

# बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवम परिहार ने संभाला कार्यभार



अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला

- पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर में देंगे सेवाएं

पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर में शुक्रवार को प्रसिद्ध एवं अनुभवी बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवम परिहार ने आधिकारिक रूप से सेवाएं प्रारंभ कर दी हैं। इस दौरान प्रेसवार्ता में अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ रिपिन हीरा ने कहा कि डॉ. शिवम परिहार के जुडऩे से क्षेत्र के शिशुओं एवं बच्चों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। डॉ. शिवम परिहार को बाल स्वास्थ्य, नवजात शिशु देखभाल एवं बच्चों से संबंधित जटिल रोगों के उपचार में काफी अनुभव है। डॉ. शिवम परिहार ने कहा कि पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल से जुडक़र मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मेरा उद्देश्य है कि बच्चों को समय पर, सुरक्षित और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएं तथा अभिभावकों को सही मार्गदर्शन मिले। मीडिया प्रतिनिधियों के साथ-साथ अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर, स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 18 .74 लाख की सब्सिडी लौटाने व एफआईआर के आदेश

## घटिया पॉलीहाउस मामले में ऐतिहासिक फैसला, कंपनी को किसानों से धोखाधड़ी पड़ी महंगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

- मुख्यमंत्री नूतन पॉलीहाउस योजना में खुलासा, फर्जी सामग्री पर आयोग सख्त
- 100 माइक्रोन निकली 200 माइक्रोन की शीट, घटिया निर्माण से फसल बर्बाद
- कांगड़ा उपभोक्ता आयोग ने कंपनी के खिलाफ एफआईआर के दिए निर्देश

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग कांगड़ा के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा व सदस्यों ने 'मुख्यमंत्री नूतन पॉलीहाउस परियोजना' के तहत घटिया सामग्री का उपयोग करने और किसान को धोखा देने के मामले में मेसर्स ग्रीन टेक एग्री सेक्टर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। आयोग ने कंपनी को आदेश दिया है कि वह सरकार से प्राप्त 18 लाख 74 हजार 658 की सब्सिडी राशि कृषि विभाग को 9 प्रतिशत ब्याज सहित वापस करे। इसके साथ ही पीड़ित किसान को हुए आर्थिक और मानसिक नुकसान के लिए कुल 8.20 लाख का भुगतान करने का भी निर्देश दिया गया है।



यह मामला शाहपुर के निवासी आशीष सागर द्वारा दायर किया गया था, जिन्होंने अपनी आजीविका के लिए राज्य सरकार की योजना के तहत तीन पॉलीहाउस लगवाए थे। शिकायत के अनुसार कंपनी ने निर्माण में बहुत ही घटिया और निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया। निर्माण के कुछ ही समय बाद, सामान्य बारिश और हवा के कारण पॉलीहाउस की शीट फट गई और सिंचाई प्रणाली खराब हो गई, जिससे किसान की टमाटर और खीरे की पूरी फसल बर्बाद हो गई। किसान का आरोप था कि कंपनी ने फर्जी तरीके से पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करवाए और अनुबंध के खाली कॉलम नहीं भरे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने स्थानीय आयुक्त और राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एसएफएल), जुंगा से तकनीकी जांच करवाई। फोरेंसिक जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि पॉलीहाउस शीट पर 200 माइक्रोन की मोटाई छपी होने के बावजूद, वास्तव में वह केवल 100 माइक्रोन की निकली। प्रयोगशाला की रिपोर्ट ने स्पष्ट किया कि शीट की मजबूती और गुणवत्ता निर्धारित सरकारी मानकों से आधी भी नहीं थी। आयोग ने इसे 'भ्रामक और जाली सामान' की श्रेणी में रखते हुए सेवा में भारी कमी माना।

आयोग के अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा और सदस्यों ने कंपनी की कार्यप्रणाली को गंभीर अपराध मानते हुए कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक को कंपनी के खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने यह भी पाया कि जिले के कई अन्य किसानों ने भी इसी तरह की घटिया सामग्री की शिकायत की है। व्यापक जनहित को देखते हुए इस आदेश की एक प्रति केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण और सचिव कृषि, हिमाचल प्रदेश सरकार को भी भेजी गई है ताकि दोषियों पर नकेल कसी जा सके।

मुआवजे के रूप में आयोग ने कंपनी को निर्देश दिया कि वह पीड़ित किसान को फसल के नुकसान के लिए पांच लाख, दंडात्मक हर्जाने के तौर पर तीन लाख और मुकदमेबाजी के खर्च के रूप में 20 हजार का भुगतान 45 दिनों के भीतर करे। साथ ही, कृषि विभाग को भविष्य में सामग्री के उचित विश्लेषण और सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

# त्रियूंड ट्रैकिंग साइट से लौटते वक्त रास्ता भटके 4 पर्यटक किए रेस्क्यू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के प्रसिद्ध और रमणीक पर्यटक स्थल त्रियूंड से लौटते समय दिल्ली से आए चार दोस्त रास्ता भटक गए। घने जंगल और पहाड़ी रास्तों के कारण वे सही मार्ग नहीं खोज पाए, जिससे उनकी चिंता बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए युवकों ने मोबाइल फोन के माध्यम से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) से संपर्क कर अपनी लोकेशन और रास्ता भटकने की सूचना दी।

डीडीएमए द्वारा तुरंत इस सूचना को मैक्लोडगंज पुलिस तक पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना समय गंवाए रेस्क्यू टीम को बताए गए क्षेत्र की ओर रवाना किया। जानकारी के अनुसार यह घटना एक दिसंबर की है, जब चारों युवक ट्रैकिंग के उद्देश्य से त्रियूंड गए थे। वापसी के दौरान वे भागसूनाग वाटरफॉल के ऊपरी क्षेत्र में गलत दिशा में चले गए और मुख्य मार्ग से भटक गए। युवकों ने काफी देर तक स्वयं सही रास्ता खोजने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध होने के कारण उन्होंने समय रहते डीडीएमए से मदद मांगी, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। सूचना के आधार पर मैक्लोडगंज थाना पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हुई और दुर्गम रास्तों से होते हुए युवकों तक पहुंची। लगभग चार घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पुलिस टीम ने सभी चारों युवकों को सुरक्षित खोज निकाला और उन्हें मैक्लोडगंज पहुंचाया। प्राथमिक पूछताछ और संतुष्टि के बाद युवकों को उनके गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया गया।

पुलिस और डीडीएमए की त्वरित कार्रवाई की युवकों ने सराहना की और सुरक्षित बचाव के लिए आभार जताया। प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि ट्रैकिंग के दौरान निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें, मौसम और समय का ध्यान रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन से संपर्क करें।

# शिमला की ममता वर्मा को डीडी न्यूज में महानिदेशक का प्रभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) की वरिष्ठ अधिकारी ममता वर्मा को डीडी न्यूज़ का महानिदेशक (डायरेक्टर जनरल) का प्रभार सौंपा गया है। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत दूरदर्शन समाचार के संचालन की यह अहम जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, जिससे सार्वजनिक प्रसारण व्यवस्था को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। 1994 बैच की आईआईएस अधिकारी ममता वर्मा मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के शिमला से हैं। उन्होंने शिमला के लोरेटो कॉन्वेंट और सेंट बीड्स कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की है। इससे पहले वे केंद्र सरकार के पंचायती राज विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दे रही थीं। प्रशासनिक अनुभव, मीडिया समझ और नीति निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# सड़क सुरक्षा पर फिल्म बनाइए और जीतिए 25 हजार की इनामी राशि

अनंत ज्ञान, नाहन

सड़क हादसों में कमी लाने और आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा 'सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के तहत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के इच्छुक प्रतिभागी सड़क सुरक्षा विषय पर शॉर्ट फिल्म या वीडियो बनाकर अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। परिवहन विभाग इसके लिए नकद इनामी राशि के साथ साथ सर्टिफिकेट और ट्रॉफी देकर सम्मानित भी करेगा। प्रतियोगिता के लिए बनाई जाने वाली फिल्म या वीडियो हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में हो सकती है, जिसकी अधिकतम अवधि 5 मिनट निर्धारित की गई है। प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि 15 फरवरी 2026 तक ई-मेल departmentoftransporthp@gmail.com पर या परिवहन निदेशालय, लीड एजेंसी, रोड़ सेफ्टी सेल, शिमला-171004 के पते पर भेज सकते हैं। इस महोत्सव में हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है।

इन सभी प्राप्त वीडियो और फिल्मों में से सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा। अलग-अलग आयु वर्गों में चुने गए विजेताओं को इनाम राशि के साथ सर्टिफिकेट और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। विभाग 18 से 25, 25 से 32, 32 से 40 आयु वर्ग और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के विजेता प्रतिभागियों को 25-25 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदान करेगा। इसके अलावा 20 स्पेशल प्राइज भी रखे गए हैं। इन प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपये और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) सिरमौर सोना चंदेल ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी फिल्म या वीडियो भेजकर इस प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते हैं। प्रत्येक प्रविष्टि के साथ एक निर्धारित फॉर्म जमा करना अनिवार्य होगा।

# नादौन की छात्राएं सीख रहीं हेल्थ केयर के व्यावहारिक कौशल




पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में संचालित व्यावसायिक विषय हेल्थ केयर की छात्राएं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीख रही।

अनंत ज्ञान, नादौन

पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में संचालित व्यावसायिक विषय हेल्थ केयर की छात्राएं वर्तमान में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीख रही हैं।

विद्यालय के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की व्यावसायिक शिक्षिका शिवानी शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राएं आस्था हॉस्पिटल, पक्का-भरो में चल रही तीन दिवसीय इंटर्नशिप ट्रेनिंग में नियमित रूप से भाग ले रही हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को अस्पताल में उपयोग होने वाली नई तकनीकों, पेशेवर कार्यप्रणाली, रोगी देखभाल, प्राथमिक उपचार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। छात्राएं प्रतिदिन अस्पताल जाकर वास्तविक कार्य वातावरण में सीख रही हैं, जिससे उनके आत्मविश्वास और व्यावसायिक दक्षता में वृद्धि हो रही है। विद्यालय की प्रधानाचार्या राजकुमारी कौशल ने बताया कि इस प्रकार की हेल्थ केयर इंटर्नशिप ट्रेनिंग छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे वे न केवल भविष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगी, बल्कि अपने घर व समाज में प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने में भी सक्षम बनेंगी। शिक्षा विभाग और विद्यालय द्वारा किए गए इस प्रयास से छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण मिल रहा है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नादौन में ट्रक की चपेट में आने से प्रवासी की मौत

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र में फोरलेन पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। यह दुर्घटना नादौन से करीब दो किलोमीटर दूर गगाल गांव के पास देर शाम हुई। जानकारी के अनुसार एक प्रवासी मजदूर पैदल गगाल की ओर जा रहा था, तभी नादौन से हमीरपुर की तरफ जा रहे ट्रक (एचपी 24डी 2362) ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही यातायात प्रभारी एसआई नरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी नादौन निर्मल सिंह ने बताया कि मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### अल्फा स्कूल झंडूता में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में स्थित अल्फा पब्लिक स्कूल झंडूता में गत दिवस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रसिद्ध समाजसेवी अमरनाथ धीमान ने शिरकत की और मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्कूल गान से हुई। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, गायन, नाटक और लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। बच्चों की प्रतिभा देखकर मुख्यातिथि अमरनाथ धीमान ने उनकी सराहना की और शिक्षा के महत्त्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र किया और अभिभावकों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह समारोह स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए उत्साह का केंद्र रहा।

### जोल में कलश यात्रा से भागवत कथा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले के हरलोग क्षेत्र के गांव जोल में नववर्ष का शुभारंभ पर श्रीमद्भागवत कथा के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली तथा ढोल-नगाड़ों के साथ पावन श्रीमद्भागवत कथा ग्रंथ को सादर आयोजन स्थल तक लाया गया तथा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ कथा यज्ञ का शुभारंभ हुआ। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित रसिक जी महाराज ने पहले दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए श्रीमद्भागवत कथा के महत्व के बारे प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महर्षि वेद व्यास द्वारा संक्षेप में भगवत पुराण के स्थान, विषय और महत्व का वर्णन किया गया है। यह पुराण हिन्दू धर्म के आधारभूत ग्रंथों में से एक है और भगवान विष्णु के अवतारों की कथाएं इसमें विस्तृत रूप से प्रस्तुत हैं। भागवत पुराण के श्लोक और अध्यायों की संख्या के कारण इसे अष्टादश पुराणों में गिना जाता है। उन्होंने कहा कि इस पुराण के स्कन्धों में विष्णु के अवतारों का सम्पूर्ण वर्णन है। स्कन्ध एक में सृष्टि का विस्तृत वर्णन है, जिसमें वेदों का महत्त्व और धर्म का उपदेश दिया गया है। स्कन्ध दो से दस तक में विष्णु के विभिन्न अवतारों की चरित्रकथाएं हैं, जिनमें श्रीकृष्ण का जीवन विशेष रूप से विस्तारपूर्वक बताया गया है। यहां पर उनके बालक लीलाएं, गोपियों के संग वन भ्रमण, रासलीला, कंस वध, गीता उपदेश, ब्रजवासियों के साथ नीति-नियमों का पालन आदि का वर्णन मिलता है।

### राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएं युवा : प्रजापति

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता क्षेत्र की बलघाड़ पंचायत के गांव धराड़ में धराड़ प्रीमियर लीग सीजन-3 का भव्य शुभारंभ हुआ। शिव शक्ति युवक मंडल द्वारा आयोजित 7 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन शिक्षाविद् एवं समाजसेवी सुमन प्रजापति ने रामबन खेल मैदान में किया। इस अवसर पर अंजना प्रजापति भी उपस्थित रहीं। उद्घाटन समारोह में सुमन प्रजापति ने युवाओं से शिक्षा और रोजगार कौशल के साथ खेलों को भी समान महत्व देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क जैसे जीवन मूल्यों को मजबूत करते हैं तथा युवाओं को मोबाइल और नशे से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। टूर्नामेंट में 10 से 12 टीमें भाग ले रही हैं। प्रवेश शुल्क 1100 रुपए रखा गया है, जबकि विजेता को 7100 रुपए और उपविजेता को 4100 रुपए पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट का समापन 8 जनवरी को होगा। उद्घाटन मैच में टीम री रढोह और प्राहु के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

### हिमाचल ने कोरियन मार्शल आर्ट में जीते 9 पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय टोग ईल मू डू संघ के तत्वावधान से 11वीं राष्ट्रीय टोग ईल मू डू मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का 31 दिसंबर 2025 को करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में संपन्न हुई। इसमें हिमाचल प्रदेश की टीम ने एक स्वर्ण पदक, सात रजत और एक कांस्य पदक जीत कर अपने हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश टोग ईल मू डू संघ के अध्यक्ष बृज लाल चैहान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत के 17 राज्यों के लगभग 850 खिलाड़ियों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश के 8 खिलाड़यो ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया जिसमें कियुरुगीय फाइट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर मे पराशिव राजपूत ने रजत पदक, अभिनक्ष कौडंल ने स्वर्ण पदक और सीनियर वर्ग में अंशुमन ने रजत पदक और लड़कियों मे सब जूनियर भार वर्ग मे प्रेक्षा ने रजत, और कैडेट वर्ग मे रागनी देवी ने रजत पदक, सूर्यांशी ने कांस्य पदक, जूनियर मे निकिता ने रजत पदक और सीनियर मे नेहा ने रजत पदक और पोमसे ईवेंट मे नेहा ने रजत पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। टीम कोच अजय कुमार व टीम मैनेजर डिंपल विशिष्ठ इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

### व्यास स्कूल में डीएसपी मदन ने नवाजे मेधावी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर के साथ सटे चांदपुर कस्बे में स्थित व्यास पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डीएसपी मदन ने बच्चों को जीवन में दृढ़ निश्चय, कड़ी मेहनत और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है जो चुनौतियों से घबराते नहीं बल्कि उनका सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने बच्चों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान भी किया और कहा कि आने वाला समय उन्हीं का है जो अनुशासन, चरित्र और सकारात्मक सोच को बनाए रखते हैं। उन्होंने मेधावी छात्रों, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र उत्साहित और प्रोत्साहित दिखाई दिए। कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। इनमें एएन गौतम, पूर्व पंचायत प्रधान अपर्ण गौतम, जगन्नाथ गौतम, राजीव गौतम, आशीष गौतम और कमल ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी ने स्कूल प्रबंधन की ओर से आयोजित इस वार्षिक कार्यक्रम की सराहना की और विद्यार्थियों की प्रतिभाओं की प्रशंसा की।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
**आवश्यकता**
**बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए**
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

# 2025 में जिले में बढ़े अपराध

## 2024 में 959 मामले हुए थे दर्ज, पिछले साल संख्या बढ़कर 993 हुई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले की विभिन्न पुलिस थानों से संकलित अपराध आंकड़ों की तुलना करें तो वर्ष 2024 की अपेक्षा 2025 में कुल दर्ज अपराधों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं, सड़क हादसों में कमी आई है। वर्ष 2024 में जहां कुल 959 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 993 पहुंच गई। हालांकि, राहत की बात यह है कि कुछ गंभीर अपराधों और सड़क हादसों में गिरावट भी सामने आई है। सड़क सुरक्षा के लिहाज से 2025 अपेक्षाकृत बेहतर रहा। रोड एक्सीडेंट के मामलों में 2024 के 141 मामलों की तुलना में 2025 में 125 मामले दर्ज हुए, जो सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में 554 आईपीसी अपराध दर्ज हुए थे, जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 592 हो गई। यानी कुल मिलाकर आईपीसी अपराधों में इजाफा हुआ है। कुल मिलाकर 2025 में अपराध के आंकड़े मिश्रित तस्वीर पेश करते हैं। जहां हत्या, दंगा और सड़क हादसों में कमी राहत देती है, वहीं महिलाओं से जुड़े अपराधों और कुल मामलों की बढ़ती संख्या पुलिस-प्रशासन व समाज—दोनों के लिए चिंता का विषय है। आने वाले समय में अपराध नियंत्रण के साथ-साथ महिला सुरक्षा और नशे से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत महसूस की जा रही है।



### महिलाओं से जुड़े अपराधों ने बढ़ाई चिंता

**महिलाओं** से जुड़े अपराधों के आंकड़े चिंता बढ़ाते हैं। बलात्कार के मामले 2024 में 13 से बढ़कर 2025 में 21 हो गए। महिला व बालिकाओं से जुड़े अपराध 19 से बढ़कर 26 तक पहुंच गए। शालीनता भंग (आउटरेजिंग मॉडस्टी) के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई–2024 में 30 और 2025 में 38 मामले,हालांकि, महिलाओं के प्रति क्रूरता के मामलों में मामूली राहत रही, जो 22 से घटकर 20 हुए।

### हत्या और दंगों के मामलों में कमी

**गंभीर** अपराधों की बात करें तो हत्या के मामलों में कमी दर्ज की गई है। 2024 में 6 हत्याएं दर्ज हुई थीं, जो 2025 में घटकर 3 रह गईं। इसी तरह दंगा (रायटिंग) के मामलों में भी गिरावट आई–2024 में 26 मामले थे, जबकि 2025 में यह संख्या 17 रही।

### चोरी और डकैती के मामलों में गिरावट

**संपत्ति** संबंधी अपराधों में कुछ हद तक कमी आई है। चोरी के मामले 56 से घटकर 50 हुए। सेंधमारी (बर्गलरी) 32 से घटकर 24 पर आ गई। वहीं, एनडीपीएस, आबकारी, एक्साइज व अन्य विशेष अधिनियमों के तहत दर्ज मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2024 में जहां कुल 366 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 427 हो गया।

### कोट कैहलूर में मिली महिला की लाश का मामला सुलझा

# महिला की हुई थी हत्या, यूपी और गुजरात से तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना कोट कैहलूर के अंतर्गत श्री नयना देवी के दक्ष कन्या जंगल में गत 17 दिसंबर को मिली अज्ञात महिला की लाश के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। महिला की हत्या हुई थी। इस मामले में उत्तर प्रदेश और गुजरात से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना कोट कैहलूर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी थाना कोट कैहलूर के नेतृत्व में एक विशेष अन्वेषण टीम का गठन किया गया, जिसने मौके से मिले साक्ष्यों और तकनीकी तथ्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। पुलिस जांच के दौरान मिले अहम सुरागों पर काम करते हुए टीम ने तीन आरोपियों राज किशोर पुत्र मंगल प्रसाद, प्रवीण कुमार उर्फ अंकित पुत्र राज किशोर तथा अवनीश कुमार पुत्र राजकुमार, सभी निवासी जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश के उन्नाव और गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों का ट्रांजिट रिमांड लेकर बिलासपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां अदालत ने पांच दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया है। आरोपियों को 6 जनवरी 2026 को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा। एसपी संदीप धवल ने बताया कि तफ्तीश पर पाया गया कि मृतका रुखसाना बानो पहले से विवाहित थी और उसके 2 बच्चे भी हैं। पहले पति को छोड़ दिया और आरोपी प्रवीण उर्फ अंकित के संपर्क में आई तथा प्रवीण इसे अपने साथ सूरत ले गया, जहां पर यह रुखसाना बानो के साथ 3,4 महीने अपने दोस्त अवनीश के कमरे में रहे। कुछ समय बाद रुखसाना बानो ने प्रवीण को शादी के लिए दबाव बनना शुरू किया और इसे तंग करने लगी। प्रवीण उससे छुटकारा पाना चाहता था, इसलिए इसको गुजरात से कानपुर और वहां से हिमाचल के श्री नयना देवी में लेकर आया था। यहां इसने अपने दोस्त अवनीश को बुलाया तथा घर से अपने पापा को इसलिए बुलाया कि कोई इन पर शक न करे। रुखसाना को मारने इके बाद ही उसने अपने पिता का सच बताया था।



# कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नव वर्ष के पहले दिन केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 111 रुपए की बढ़ोतरी किए जाने को लेकर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महासचिव हीरा पाल सिंह ने इस निर्णय की आलोचना करते हुए कहा कि एक ओर सरकार राष्ट्र निर्माण और भारत को विश्व शक्ति बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

**कहा- जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है सरकार**

उन्होंने कहा कि महंगाई केवल एलपीजी गैस तक सीमित नहीं है, बल्कि खाद्य पदार्थों, सब्जियों, फलों, दूध, ड्राई फ्रूट्स सहित रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसके साथ ही सोना-चांदी जैसे आभूषणों की कीमतों में भी लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जिससे आम लोगों की बचत पर असर पड़ रहा है। हीरा पाल सिंह ने कहा कि जहां एक ओर रुपए के अवमूल्यन की स्थिति बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर महंगाई की मार से हर वर्ग से प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक मंदी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर सवाल उठाने वालों को देशविरोधी ठहराने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वास्तविक जनसमस्याओं से ध्यान भटकाया जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को उत्पादन से जुड़ी खाद, उर्वरक, कीटनाशक और अन्य कृषि सामग्री महंगे दामों पर मिल रही है, जबकि उनके अनाज की खरीद अपेक्षाकृत कम कीमतों पर की जा रही है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो रही है, वहीं बिचौलियों को लाभ पहुंचने के आरोप भी सामने आ रहे हैं।

# 108 वर्षीय कै. रुमेल आज भी अनुशासनप्रिय

## सुरेश नड्डा की विक्टोरिया क्रॉस विजेता वीर भंडारी के दोस्त से मुलाकात की स्मृतियां

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक एवं अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुरेश नड्डा ने बिलासपुर पहुंचकर देश की सैन्य परंपरा, वीरता और अनुशासन की एक प्रेरक कहानी साझा की। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्हें 108 वर्ष की आयु में भी पूरी तरह सक्रिय और ऊर्जावान कैप्टन रुमेल सिंह से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मुलाकात न केवल भावनात्मक थी, बल्कि जीवन भर प्रेरणा देने वाली भी रही। सुरेश नड्डा ने बताया कि मन में लंबे समय से यह इच्छा थी कि कैप्टन रुमेल सिंह से भेंट की जाए। इस इच्छा को उनकी पत्नी का भी समर्थन मिला और दोनों जसूर के लिए रवाना हुए। वह पंजाब नेशनल बैंक, राजा का तालाब शाखा पहुंचे, जहां कैप्टन रुमेल के आने का कार्यक्रम तय था। जैसे ही 108 वर्षीय कैप्टन बैंक परिसर में पहुंचे, उनकी चुस्ती, स्फूर्ति और मुस्कराता व्यक्तित्व देखकर सभी चकित रह गए। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर शाखा प्रबंधक रश्मि शर्मा ने पूरे स्टाफ के साथ कैप्टन साहिब का सम्मान किया और उनसे केक कटवाया। उन्हें कुल्लू टोपी, रेजिमेंटल कैप, मफलर और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। आत्मीय बातचीत के दौरान कैप्टन साहिब ने अनुशासन, देशभक्ति और स्वस्थ जीवन से जुड़े कई अनुभव साझा किए। सुरेश नड्डा ने यह भी बताया कि कैप्टन रुमेल सिंह और विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित उनके पिता वीर भंडारी राम के बीच गहरी मित्रता रही है। दोनों के बीच वर्षों पुराना आत्मीय संबंध था, जो केवल सैनिक सेवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानवीय मूल्यों और राष्ट्रप्रेम पर आधारित था। इसी मित्रता के कारण वे स्वयं वीर भंडारी राम जी के पुत्र के रूप में कैप्टन साहिब से मिलने पहुंचे।



कैप्टन रुमेल सिंह के साथ सुरेश नड्डा।

कार्यक्रम के समापन पर भारी बारिश के बावजूद कैप्टन रुमेल सिंह ने स्वयं उन्हें गाड़ी तक पहुंचाया और स्नेहपूर्वक विदा किया। यह जानकर सभी हैरान रह गए कि कैप्टन साहब अपनी स्कूटी पर स्वयं बैंक आए थे और आज भी अपने सभी कार्य स्वयं करते हैं। सुबह जल्दी उठना, योग और व्यायाम करना तथा हमेशा प्रसन्न रहना उनकी नियमित दिनचर्या है। कैप्टन रुमेल आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी दीर्घायु, अनुशासन और देशभक्ति पूरे समाज के लिए आदर्श है। उन्होंने सभी की ओर से कैप्टन रूमेल के उत्तम स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की।

# विकास के लिए आत्मविश्वास, दृढ़ता एवं कौशल अहम : रेखा

## एनटीपीसी कोलडैम में बालिका सशक्तिकरण अभियान की दो दिवसीय अनुवर्ती कार्यशाला का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एनटीपीसी कोलडैम की नैगम सामाजिक दायित्व गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान की अनुवर्ती कार्यशाला का शुभारंभ अध्यक्ष संगिनी संघ रेखा ठाकुर द्वारा किया गया। यह अनुवर्ती कार्यशाला 2 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला उन बालिकाओं के लिए अनुवर्ती सत्र के रूप में आयोजित की गई है, जिन्होंने 2025 में बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम में भाग लिया था। उद्घाटन समारोह में अपर महाप्रबंधक मंगला हरिंद्रन, वरिष्ठ सदस्या संगिनी संघ नर्मदा राव, संगिनी संघ की कार्यकारी समिति के पदाधिकारी, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) डॉ. अंजुला अग्रवाल व सहायक प्रबंधक (सीएसआर) पूरन सिंह उपस्थित रहे।



एनटीपीसी कोलडैम के अधिकारियों द्वारा बालिकाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रेखा ठाकुर ने बालिका सशक्तिकरण अभियान से प्राप्त सीख को न केवल आत्मसात करने, बल्कि उसे अपने जीवन में लागू करने एवं दूसरों तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने आत्मविश्वास, दृढ़ता एवं कौशल विकास के महत्व पर बल देते हुए प्रतिभागियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। इस सत्र में परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के ग्यारह सरकारी विद्यालयों की 45 बालिकाओं ने भाग लिया।

# शाहतलाई को जल्द मिलेगी नई सीवरेज सुविधा : विवेक कुमार

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बाबा बालक नाथ की तपोस्थली शाहतलाई के लोगों को जल्द नई सीवरेज लाईन सुविधा मिलेगी। इसके लिए जल शक्ति विभाग की ओर से रिवाईजड सैद्धातिक मंजूरी इसके लिए प्रदान की है। करीब 25 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के तहत चालू वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए इस प्रोजेक्ट के लिए करीब पांच करोड़ की राशि भी स्वीकृत हुई है। इससे शाहतलाई के लोगों को लाभ मिलेगा। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए जल्द ही इसकी आधारशिला रखी जाएगी। सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद संबधित विभाग की ओर से आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह जानकारी झंडूता कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने दी। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्रिहोत्री का आभार जताया है।

# आरटीओ की लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

परिवहन विभाग द्वारा सुरक्षा-जीवन रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आरटीओ बिलासपुर राजेश कुमार कौशल द्वारा जिला के विभिन्न स्थानों जिनमें जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, बिलासपुर द्वारा आयोजित किया जा रहे राज्य युवा उत्सव-2026' कार्यक्रम में युवा कलाकारों, प्रवासी मजदूर समूह, चेतना चौक, आईटीआई चौक, बस स्टैंड, गुरुद्वारा चौक, कॉलेज चौक शामिल हैं, इन स्थानों पर जन जागरूकता अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आम जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने बारे लोगों को जागरूक किया गया।


पैदल चलने वालों को चाहिए कि जहां भी फुटपाथ उपलब्ध हो, उसका अनिवार्य रूप से उपयोग करें। यदि फुटपाथ न हो, तो सड़क के किनारे यातायात की विपरीत दिशा में चलें, ताकि आने वाले वाहनों पर नजर रखी जा सके।

# एंटी-चिट्टा अभियान से भाजपा को डर : बंबर ठाकुर

## पूर्व सीएम जयराम ठाकुर पर लगाए चिट्टा तस्करों के पक्ष में खड़े होने के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि बिलासपुर में चला एंटी-चिट्टा अभियान अब तक का सबसे बड़ा और प्रभावशाली जन आंदोलन साबित हुआ है। विपक्ष को इस अभियान की सराहना करनी चाहिए थी, लेकिन भाजपा इससे बौखला गई है। उन्होंने विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर चिट्टा तस्करों के पक्ष में खड़े होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ने पिछले वर्ष भी बिलासपुर में इसी मंच से चिट्टा तस्करों के समर्थन में रैली की थी। बंबर ठाकुर ने यह बयान बिलासपुर में भाजपा की चार दिन पहले हुई रैली पर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नेता के मंच पर नशेड़ी बैठे थे और उनके अपने विधायक का नशा परीक्षण कराया जाना चाहिए। बंबर ने दावा किया कि दो दिन पहले इसी मंच से चिट्टा तस्करों के पक्ष में रैली की गई थी, जिनमें से कुछ लोग आज जेल की सलाखों के पीछे हैं और उन्हें जमानत पर रिहा कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि लगट क्षेत्र की महिला मंडल की महिलाएं चिट्टा तस्करों के खिलाफ रात में पहरा दे रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को चिट्टे में संलिप्त होने का अंदेशा था, जिस कारण मारपीट की घटना हुई और एफआईआर दर्ज की गई। इस एफआईआर को निरस्त करने की मांग को लेकर वे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले, जिन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन दूसरे दिन यही महिलाएं वकील के बहकावे में आकर भाजपा की रैली में आई। बंबर ने कहा कि ऐसा कोई कानून नहीं है कि आज एफआईआर दर्ज हो और कल ही उसे रद्द कर दिया जाए।



# रेनबो मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल घुमारवीं में अत्याधुनिक एमआरआई सुविधा शुरू

## नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं स्थित रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक एमआरआई मशीन का विधिवत शुभारंभ किया गया। धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं जैसे क्षेत्र में अत्याधुनिक एमआरआई सुविधा की शुरुआत स्थानीय जनता के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि अब गंभीर बीमारियों की जांच के लिए लोगों को बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय, धन और असुविधा से बचा जा सकेगा। यह सुविधा क्षेत्रवासियों को सुलभ, सटीक और समय पर जांच उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी।

मंत्री ने हॉस्पिटल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र द्वारा इस प्रकार की आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना समाज के प्रति उत्तरदायित्व का परिचायक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाना है और इस दिशा में किए जा रहे ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। हॉस्पिटल प्रबंधन ने जानकारी दी कि नई एमआरआई मशीन अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिससे जांच अधिक सटीक, तेज और सुरक्षित होगी। यह सुविधा विभिन्न जटिल रोगों के निदान में सहायक होगी, जिससे उपचार समय पर और बेहतर ढंग से संभव हो सकेगा। साथ ही, एमआरआई जांच को किफायती दरों पर उपलब्ध करवाने का भी प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। हॉस्पिटल प्रबंधन ने यह भी बताया कि इस सुविधा के आरंभ होने से बिलासपुर जिला सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें जांच के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। कार्यक्रम में चिकित्सकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और इस पहल को क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

**सराहना** प्राकृतिक आपदाओं, आर्थिक व राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद सरकार ने किया सराहनीय काम

# कांग्रेस सरकार के तीन साल बेमिसाल: राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में आयोजित पत्रकारवार्ता में नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं, आर्थिक दबाव एवं राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद अपना तीन वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रदेश सरकार ने अपने सीमित आर्थिक संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया। प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र सरकार से 9300 करोड़ रुपए की राहत की मांग की गई थी, जिसके सापेक्ष केंद्र से केवल 1500 करोड़ ही स्वीकृत किए गए, वह भी दो किस्तों में। उन्होंने बताया कि पूर्व में केंद्रीय सहायता के रूप में प्रदेश को लगभग 11,432 करोड़ प्राप्त होते थे, जो अब घटकर मात्र 3,257 करोड़ रुपए रह गए हैं। इसके साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति (कंपनसेशन) भी बंद कर दी गई है, जिसके चलते यह राशि लगभग 11 हजार करोड़ रुपए से घटकर केवल 300 करोड़ रुपए रह गई है। बावजूद इसके प्रदेश सरकार ने हिमाचल के हितों की रक्षा करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। वाइल्ड फ्लावर हॉल मामले में प्रदेश सरकार ने हिमाचल के पक्ष में लगभग 300 करोड़ प्राप्त किए। इससे प्रति माह लगभग पौने दो करोड़ रुपए की नियमित आय हो रही है। जेएसडब्ल्यू मामले में भी प्रदेश सरकार ने उच्चतम न्यायालय में प्रदेश हित में मुकदमा जीतकर लगभग 250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व सुनिश्चित किया है। बीबीएमबी से संबंधित मामलों में भी प्रदेश का लगभग 4500 करोड़ रुपए का बकाया मिलना अभी शेष है, जिसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है।

### बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में राज्य युवा उत्सव का किया आगाज

**बिलासपुर।** युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा बिलासपुर के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में दो दिवसीय राज्य युवा उत्सव 2025-26 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय आयोजन का विधिवत शुभारंभ मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। कार्यक्रम में हिमुडा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य जितेंद्र चंदेल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



राजेश धर्माणी ने कहा कि राज्य युवा उत्सव केवल प्रतियोगिताओं तक सीमित आयोजन नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने, संचार कौशल विकसित करने तथा नेतृत्व क्षमता को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए स्वयं पर विश्वास और निरंतर अभ्यास सबसे महत्वपूर्ण हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वह दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी मौलिक पहचान को समझें और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने विचारों, रुचियों, दृष्टिकोण और जीवन लक्ष्यों के कारण विशिष्ट होता है और यही विशिष्टता उसे समाज में अलग पहचान दिलाती है।

# डलहौजी में नए साल की पहली बर्फ ने बिखेरी खुशियां

## डैनकुंड पीक पर सैलानियों का सैलाब, होटल व्यवसायियों और व्यापारियों में खुशी



नए साल की पहली बर्फबारी से गुलजार हुई डलहौजी, डैनकुंड पीक पर सैलानियों का सैलाब।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

नव वर्ष 2026 के पहले ही दिन डलहौजी में हुई सीजन की पहली बर्फबारी ने पर्यटन नगरी को सैलानियों से गुलजार कर दिया। देवदार के घने जंगलों और पहाड़ों पर जमी बर्फ ने पूरे क्षेत्र को सफेद चादर में ढक दिया। डैनकुंड पीक और लक्कड़ मंडी का दृश्य किसी क्रिसमस ट्री की तरह खूबसूरत नजर आया।

देश के विभिन्न राज्यों से आए सैलानी सुबह से ही ऊंचाई वाले इलाकों की ओर निकल पड़े। जैसे ही ताजा बर्फ गिरने लगी, बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के चेहरों पर खुशी झलकने लगी। पहली बार बर्फ देखने वाले पर्यटक बर्फ के गोले फेंकते हुए नए साल का जश्न मनाते दिखे।

भोपाल से आए पर्यटकों ने बताया कि वे पिछले दो दिन डलहौजी में रुके थे और डैनकुंड पीक पहुंचकर ताज़ी बर्फबारी का अद्भुत नज़ारा देखकर उनका नया साल यादगार बन गया। इंदौर और चंडीगढ़ से आए पर्यटकों ने भी बर्फबारी को लंबे समय से यादगार अनुभव बताया।

बर्फबारी से पर्यटन को नई रफ्तार मिली है, और होटल व्यवसायियों, टैक्सी ऑपरेटरों और स्थानीय व्यापारियों में खुशी की लहर है। हालांकि बर्फ हल्की रही, लेकिन सैलानियों का उत्साह देखते ही बनता था। मौसम साफ रहने के कारण शुक्रवार को धूप भी खिली रही। आने वाले दिनों में यदि बर्फबारी जारी रही, तो डलहौजी में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सनवाल के पहाड़ों में बर्फबारी, किसानों व बागवानों में खुशी, ठंड का असर बढ़ा



**हसन शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** सनवाल समेत आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में हुई इस बर्फबारी को वर्ष 2026 की पहली बर्फबारी माना जा रहा है। निचले क्षेत्रों में बारिश होने से ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ गया है। सीजन की पहली बर्फबारी से किसानों व बागवानों के चेहरे पर खुशी नजर आई। लंबे समय से बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रहे बागवानों को फसलों और बागवानी के लिए बेहतर संकेत मिलने की उम्मीद जगी है। खासकर सेब व अन्य नकदी फसलों के लिए यह बर्फबारी लाभकारी मानी जा रही है।

बर्फबारी के चलते पहाड़ी इलाकों में शीतलहर का असर तेज हो गया है व तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा लेते नजर आए। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आगामी दिनों में ठंड का असर और बढ़ सकता है, जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित होने की संभावना है।

# नशा तस्करी, अवैध शराब और मारपीट के मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला पुलिस चंबा ने 02 जनवरी को जिले के विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के तहत कुल 11 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। दर्ज मामलों में नशा तस्करी, अवैध शराब, अपहरण, मारपीट तथा सड़क दुर्घटना जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

पुलिस थाना चुवाड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत दो अलग-अलग अभियोग पंजीकृत किए गए। पहले मामले में नाकाबंदी के दौरान सेठी राम निवासी रामपुर (पंजाब) व दो अन्य व्यक्तियों से 22.04 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्रेम राज से 98 ग्राम चरस बरामद की।

पुलिस थाना तीसा में दर्ज एक गंभीर मामले में शिकायतकर्ता ठाकुरू निवासी चमला ने बताया कि उसके बेटे द्वारा कोर्ट मैरिज करने के बाद 15-16 लोगों ने जबरन घर में घुसकर मारपीट की और उसकी बहू को जबरन साथ ले गए। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों चुवाड़ी, डलहौज़ी, तीसा, किहार व सिहूंता में अवैध शराब के 6 मामले दर्ज किए गए। इन कार्रवाइयों के दौरान पुलिस ने दुकानों व थैलों की तलाशी में कुल हजारों मिलीलीटर शराब बरामद की। सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस थाना तीसा में एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपी ने उसका रास्ता रोककर दराटी से हाथ पर वार किया और गाली-गलौच की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सड़क से नीचे गिरी कार

**पुलिस** थाना डलहौज़ी में दर्ज मामले में तेज व लापरवाह ड्राइविंग के कारण कार सड़क से नीचे गिर गई, जिससे एक मकान की छत और तीन पानी के टैंक क्षतिग्रस्त हो गए तथा एक व्यक्ति घायल हो गया। चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## मुख्यमंत्री और पशुपालन मंत्री की पहल: भेड़-बकरी पालकों के लिए ऐतिहासिक योजना शुरू

# 'पहल' योजना से पशुपालन क्षेत्र को मिलेगा नया संबल

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश के भेड़ एवं बकरी पालकों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान के लिए एक ऐतिहासिक योजना 'पहल' की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से न केवल हजारों भेड़-बकरी पालकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, बल्कि विलुप्त होती जा रही इस पारंपरिक आजीविका को भी नया संबल प्राप्त होगा।

पिछले एक वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद पशुपालन विभाग ने सचिव पशुपालन विभाग रितेश चौहान के नेतृत्व में इस योजना की विस्तृत कार्य योजना तैयार की है। योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी भेड़ एवं बकरी पालकों का पंजीकरण किया जाएगा, उनकी पशुधन नस्ल में सुधार, नियमित चिकित्सा सहायता एवं टीकाकरण की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही ऊन, मांस एवं दूध जैसे उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने के लिए ठोस प्रबंध किए गए हैं।



डिप्टी डायरेक्टर मुंशी कपूर।

करीब 294.36 करोड़ रुपये की लागत वाली यह योजना प्रदेश के पशुपालन क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना के निर्माण में निदेशक डॉ. संजीव धीमान,डॉ उप निदेशक मुंशी कपूर ,उप निदेशक डॉ. सतीश कपूर उप निदेशक , सहायक निदेशक डॉ. रविन्द्र ठाकुर, सीईओ वूल फेडरेशन दीपक सैनी, प्राध्यापक डॉ. वरुण संख्यान सहित विभाग के अनेक अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

चंबा जिला में उप निदेशक (डिप्टी डायरेक्टर) पशुपालन विभाग के पद पर सेवाएं दे चुके मुंशी कपूर जो की अपने बेहतरीन कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले अधिकारी ने कहा कि वे स्वयं भी गद्दी समुदाय से आते हैं, इसलिए भेड़-बकरी पालकों की समस्याओं, उनकी जीवनशैली और चुनौतियों को वे भली-भांति समझते हैं। उनके अनुसार 'पहल' योजना भेड़-बकरी पालकों के जीवन स्तर में सुधार के साथ-साथ हिमाचल की पारंपरिक पशुधन संस्कृति और गद्दी समुदाय की आजीविका को संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### 'पहल' योजना की प्रमुख विशेषताएं

- भेड़ एवं बकरी पालकों का करवाना होगा पंजीकरण
- नस्ल सुधार, चिकित्सा सहायता एवं टीकाकरण
- ऊन, मांस एवं दूध का उचित मूल्य
- प्रत्येक भेड़ पालक का 10 लाख रुपये का बीमा
- बर्फीले क्षेत्रों में प्रहरी के रूप में कार्य करने पर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष तक वित्तीय सहायता
- ऊंचे हिमालयी क्षेत्रों में आपात स्थिति के लिए जीवन रक्षक उपकरण किट
- 95 प्रतिशत अनुदान पर 10 भेड़/बकरी उपलब्ध
- भेड़-बकरी पालन में नए स्टार्टअप को बढ़ावा
- मांस, ऊन एवं दूध का ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन
- प्रदेश के सभी सरकारी भेड़ फार्मों का जीर्णोद्धार एवं विस्तार

# जल आपूर्ति और सीवरेज बिलों पर असमंजस

## स्थानीय नागरिकों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, स्पष्टीकरण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में जल आपूर्ति एवं सीवरेज बिलों के निर्गमन को लेकर उपभोक्ताओं में भारी असमंजस और नाराज़गी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को एक मोमरेंडम उन्हें सौंपा और कहा कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुछ उपभोक्ताओं को बिल जारी किए जा रहे हैं, जबकि कई उपभोक्ताओं को लंबे समय से न तो जल आपूर्ति और न ही सीवरेज के बिल प्राप्त हो रहे हैं।

इस विषय को लेकर चम्बा वासियों ने अधीक्षण अभियंता, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग, चम्बा को लिखित रूप में स्पष्टीकरण देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा बिलों का नियमित निर्गमन न होने से उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में हैं और भविष्य में एकमुश्त भारी बिल आने की आशंका भी बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि जल आपूर्ति एवं सीवरेज बिल जारी न होने के कारणों को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट किया जाए। साथ ही यदि इस संबंध में राज्य सरकार की ओर से कोई आदेश या अधिसूचना जारी की गई है, तो उसकी प्रति भी उपलब्ध करवाई जाए।

लोगों का यह भी कहना है कि जब विभाग स्वयं बिल जारी नहीं कर रहा है, तो ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं पर विलंब शुल्क या किसी प्रकार का दंड लगाना पूरी तरह अनुचित होगा। उन्होंने मांग की है कि यदि भविष्य में बिल जारी किए जाते हैं, तो इस अवधि का विलंब शुल्क पूरी तरह माफ किया जाए।

इसके अलावा सीवरेज शुल्क को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। नागरिकों का कहना है कि सीवरेज शुल्क के लिए मीटर की कोई आवश्यकता नहीं होती, फिर भी सीवरेज बिल जारी न होना समझ से परे है। साथ ही जल आपूर्ति मीटर केवल एक ही विशेष कंपनी से खरीदने के निर्देशों को लेकर भी पारदर्शिता पर सवाल उठाए गए हैं।

चम्बा वासियों ने विभाग से मांग की है कि इन सभी बिंदुओं पर शीघ्र और लिखित रूप में स्पष्टीकरण दिया जाए, ताकि उपभोक्ताओं में फैली भ्रांतियां दूर हो सकें और भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी से बचा जा सके।



उपभोक्ताओं ने अधीक्षण अभियंता से विलंब शुल्क व सीवरेज शुल्क पर पारदर्शिता के लिए नागरिकों ने उठाए सवाल।

# बग्गा रुंगड़ी से दुर्गेठी तक सड़क जर्जर स्थानीय लोगों व वाहन चालकों में रोष



पठानकोट-भरमौर एनएच पर बग्गा रुंगड़ी से दुर्गेठी तक सड़क की खस्ताहाल।

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे 154ए पर बग्गा रुंगड़ी से लेकर दुर्गेठी तक सड़क की हालत बेहद खराब बनी हुई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी परतें और उखड़ी हुई सतह से वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई स्थानों पर गड्ढों के बीच ही सड़क दिखाई देती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है।

बग्गा क्षेत्र में सड़क पर जमी मोटी धूल-मिट्टी उड़कर आसपास के घरों और दुकानों में जा रही है। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हुआ है। पहले यहां छोटे-बड़े वाहन रुकते थे, जिससे ढाबा संचालकों और दुकानदारों की आमदनी होती थी, लेकिन अब वाहन चालक रुकने से बचते हैं।

वाहन चालकों का कहना है कि रुंगड़ी नाला और चूड़ी के पास संकरा व उतार-चढ़ाव वाला मार्ग होने से आए दिन जाम लगता है। लोथल घार, रांग घार से दुर्गेठी तक सड़क में सुधार न होने से लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से गड्ढे भरने और सड़क की साफ-सफाई की मांग की है।

# स्थायी अधिकारियों के अभाव में लड़खड़ा रहा भरमौर प्रशासन

## अतिरिक्त कार्यभार और डेपुटेशन पर टिकी सरकारी व्यवस्था, जनता हो रही परेशान

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

भरमौर जनजातीय उपमंडल मुख्यालय में सरकारी तंत्र पूरी तरह से लड़खड़ा चुका है। हालात यह हैं कि अधिकांश विभाग स्थायी अधिकारियों के बिना ही चल रहे हैं और पूरा प्रशासन उधारी के अधिकारियों व अतिरिक्त कार्यभार के भरोसे टिका हुआ है। नतीजा यह है कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर में सरकारी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं और आम जनता को अपने ही कामों के लिए दफ्तर-दफ्तर भटकना पड़ रहा है।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां कई महत्वपूर्ण विभागों में मुखिया के पद खाली पड़े हैं। बीते कुछ दिनों से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी और वन मंडल अधिकारी जैसे अहम पद भी अतिरिक्त कार्यभार के सहारे चलाए जा रहे हैं, क्योंकि संबंधित अधिकारी अवकाश पर हैं। सवाल यह उठता है कि एक संवेदनशील जनजातीय क्षेत्र की प्रशासनिक जिम्मेदारी आखिर किसके भरोसे छोड़ी गई है। सबसे चिंताजनक स्थिति उपमंडल अधिकारी (नागरिक) के पद को लेकर है, जो पिछले कई महीनों से रिक्त चल रहा है। यही अधिकारी भरमौर के लगभग दस विभागों के डी.डी.ओ. की शक्तियां रखता है। ऐसे में बिना एसडीएम के विकास कार्य, वित्तीय स्वीकृति और प्रशासनिक फैसले कैसे लिए जा रहे हैं, यह अपने आप में बड़ा सवाल है। लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग जैसे आधारभूत ढांचे से जुड़े विभागों में अधिशासी अभियंता के पद खाली पड़े हैं। खंड विकास अधिकारी का पद भी लंबे समय से रिक्त है। हैरानी की बात यह है कि विकासखंड मैहला के खंड विकास अधिकारी, जिनके पास पहले से ही 45 पंचायतों का कार्यभार है, उन्हें भरमौर का अतिरिक्त दायित्व सौंप दिया गया है। क्या एक ही अधिकारी से दो विकासखंडों का न्यायसंगत संचालन संभव है? जनजातीय क्षेत्र होने के कारण भरमौर में काम करने की अवधि सीमित होती है। सर्दियों के चार महीने विकास कार्य पूरी तरह ठप रहते हैं।

भरमौर में जिन अधिकारियों पर बजट को समय पर खर्च करने की जिम्मेदारी होती है, वही पद खाली होने के कारण करोड़ों रुपये के बजट के सरेंडर होने का खतरा बना हुआ है। अतिरिक्त कार्यभार झेल रहे अधिकारी समयाभाव के चलते भरमौर को प्राथमिकता नहीं दे पा रहे, जिससे विकास की रफ्तार थम सी गई है।

केवल अधिकारी ही नहीं, बल्कि अधीनस्थ कर्मचारियों के पद भी अधिकांश कार्यालयों में रिक्त पड़े हैं। कई विभाग एक-दो कर्मचारियों के भरोसे चल रहे हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र भरमौर में दर्जनों पद खाली हैं, जिससे सरकारी कामकाज लगभग ठप होने की कगार पर पहुंच चुका है।

स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी हालात चिंताजनक हैं। डॉक्टरों और अध्यापकों के पद रिक्त होने से मरीजों और छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनजातीय क्षेत्र के लोगों को न तो समय पर इलाज मिल पा रहा है और न ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार बार-बार जनजातीय क्षेत्रों के विकास के दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट है। सवाल यह है कि आखिर भरमौर की इस प्रशासनिक बदहाली की जिम्मेदारी कौन लेगा? यदि शीघ्र स्थायी नियुक्तियां नहीं की गईं, तो भरमौर में विकास केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

**जनजातीय उपमंडल में रिक्त पड़े पदों के कारण लग रही है विकास पर ब्रेक**

### क्या कहते हैं विधायक

**इस** विषय पर विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि वह यहां पर रिक्त चल रहे पदों को लेकर विधानसभा में भी कई बार मामला उठा चुके हैं। सरकार कहती है कि नीड बेस पर काम कर रही है इससे ज्यादा नीड क्या होगी। डॉक्टरों के पदों को भरने के लिए भी विधायक को कोर्ट जाना पड़ा। स्टाफ की कमी के कारण लोगों को काफी परेशानियां आ रही है।

# ब्रेही स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में रचा कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, ब्रेही**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्रेही के लिए यह गर्व का विषय है कि विद्यालय के दस छात्र-छात्राओं का चयन अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। यह जानकारी विद्यालय प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने तीसरे शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेटी में तीसरे शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार की 'अपना विद्यालय' योजना के अंतर्गत विद्यालय को गोद लेने वाले भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन जैसी राम विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. महेन्द्र सिंह ने बताया कि सितंबर माह में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड परीक्षा में विद्यालय के दस विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा जनवरी माह में आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर कैप्टन जैसी राम ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र चयनित छात्र-छात्राओं को प्रदान किए। साथ ही एलिमेंटरी शिक्षा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को एलिमेंटरी कंप्लीशन प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए तथा सभी विद्यार्थियों को मिठाई बांटी गई।

कार्यक्रम में विद्यालय के अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता कृष्ण चन्द ने तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कक्षा 12वीं की छात्रा स्नेहा देवी को बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति (स्स्ष्ट) के अध्यक्ष संजय कुमार ने आठवीं कक्षा के छात्रों को एलिमेंटरी कंप्लीशन प्रमाण पत्र वितरित किए

**स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र वितरण से छात्र-छात्राओं का बढ़ा उत्साह**

# छात्रों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही प्रदेश सरकार: धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय मेडिकल कॉलेज, नेरचौक के सभागार में आयोजित डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डडौर के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कार बांटे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्र जीवन व्यक्तित्व विकास की पहली सीढ़ी होती है। छात्रों को इस समय का सदुपयोग करते हुए शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ अनुशासन में रहते हुए चरित्र निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में डीएवी स्कूल, डडौर के छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि डीएवी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रही है। इसी के दृष्टिगत खेलकूद, संगीत, शारीरिक शिक्षा इत्यादि पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी कई पहल की गई हैं और युवाओं को आधुनिक प्रौद्योगिकी से जोड़ने एवं इसमें पारंगत करने के लिए नए पाठ्यक्रम इसमें जोड़े गए हैं। इससे पहले मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। एआरओ हिमाचल जोन कुलदीप गुलेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में हिमाचल में 70 डीएवी स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। स्कूल के प्रिंसिपल प्रशांत शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और स्कूल की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। समारोह में स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति, पर्यावरण संरक्षण, नशा निवारण विषय पर तथा अन्य आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस धर्मचन्द चौधरी, एसएमसी सदस्य लोकेश कपूर, एसडीएम स्मृतिका नेगी सहित विभिन्न डीएवी स्कूलों के प्रधानाचार्य, बच्चों के अभिभावक तथा स्कूल के छात्र उपस्थित रहे।

**डीएवी स्कूल डडौर के मेधावी छात्रों को बांटे पुरस्कार**

# युवाओं को नशे से बचने के बताए उपाय

## एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चम्बा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर 'संकल्प 2025-26' का दूसरा दिन आयोजित हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने बताया कि दिन की शुरुआत स्वयंसेवी पलक द्वारा पहले दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और एनएसएस गीत के साथ हुई। आज का विचार स्वयंसेवी हिमानी ने साझा किया 'पतझड़ हुए बिना पेड़ पर नए पत्ते नहीं आते, ठीक उसी तरह जीवन में परेशानियों और कठिनाइयों का सामना किए बिना अच्छे दिन नहीं आते।'

स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया। कूड़ा, प्लास्टिक और पॉलिथीन इकठ्ठा किया गया, नालियों और भवन के कमरों की सफाई की गई। इसके बाद ग्राम पंचायत द्रमण के अंतर्गत गांव गलु (परेल-2) में सफाई अभियान एवं जागरूकता रैली निकाली गई।



चंबा महाविद्यालय परिसर और गांव गलु में साफ-सफाई करते स्वयंसेवी।

स्वयंसेवियों ने लोगों को घर घर जाकर प्लास्टिक का सही निस्तारण करने और कचरे को अलग रखने के महत्व के बारे में जागरूक किया। अकादमिक सत्र में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करण हितैषी ने नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी। उन्होंने चिट्टा, हेरोइन, गांजा, तम्बाकू एवं शराब जैसे नशों के शरीर, मस्तिष्क, परिवार और समाज पर प्रभावों का विस्तृत वर्णन किया और युवाओं को नशे से बचने के उपाय बताए।

इस अवसर पर प्रोफेसर अविनाश, प्रोफेसर संतोष और स्वयंसेवियों में पलक, हिमानी, अक्षिता, अश्विन, नीरज, खेमराज समेत अन्य उपस्थित रहे। प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि समाज सेवा न केवल समुदाय को लाभ पहुंचाती है बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में भी सहायक होती है।

# छोटा भंगाल घाटी के लिए फिर से तेज हुई एंबुलेंस सुविधा की मांग

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** बैजनाथ क्षेत्र की दुर्गम छोटाभंगाल घाटी के समस्त लोगों के लिए एक एंबुलेंस सुविधा प्रदान करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है।

जिला परिषद सदस्य पवना देवी ने बताया कि वे गत पांच वर्षों से सरकार व प्रशासन से इस घाटी के लिए एंबुलेंस सुविधा की मांग उठाती आ रही हैं और लगभग तीन वर्ष पूर्व उनका प्रस्ताव भी मंजूर हो चुका था, लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बावजूद सरकार द्वारा एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं करवाई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष रूप से पूर्व भाजपा सरकार के दौरान राजनीतिक कारणों से इस मांग को दबाकर रखा गया, जबकि घाटी की बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, धरमाण, मुल्थान लोआई, स्वाड़ व पोलिंग पंचायतों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, घाटी के एक छोर कोठी कोहड़ और दूसरे छोर लोहारडी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी करीब 20 किलोमीटर है और आपात स्थिति में लोगों को मंडी जिला की चौहार घाटी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट की एंबुलेंस पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे भारी परेशानी होती है, वहीं एंबुलेंस सुविधा न होने के कारण आपातकाल में मरीजों को किराये के वाहनों से अस्पताल ले जाना पड़ता है, जिस पर जिला परिषद सदस्य पवना देवी सहित जनकल्याण सभा के प्रदेशाध्यक्ष चुनीलाल ने चेतावनी दी कि यदि वर्तमान सरकार व प्रशासन ने शीघ्र एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई तो घाटी के सैकड़ों लोग सरकार और प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।



**पांच वर्षों से लंबित मांग सुविधा न मिलने पर आंदोलन की चेतावनी**

# 5 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका पदों के साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, तीसा।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, तीसा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 5 जनवरी को आयोजित किए जाएंगे। पात्र आवेदकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित तिथि को एसडीएम कार्यालय, भंजाराडू में समय पर उपस्थित हों। इन पदों के लिए अंतिम आवेदन तिथि 23 दिसंबर 2025 थी। क्षेत्र की महिलाओं में भर्ती प्रक्रिया को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। चयन प्रक्रिया पारदर्शी और नियमानुसार संपन्न कराई जाएगी।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

**मैं, खिमा देवी** पत्नी श्री नरोत्तम राम, डाकघर बाल्ट, तहसील सदर, बाल्ट, मंडी, हिमाचल प्रदेश-175008 घोषणा करती हूँ कि मैं अपना नाम आधार नंबर 737953572032 में खिमी देवी से बदलकर खिमा देवी करना चाहती हूँ। संबंधित सभी लोग कृपया नोट करें।

‘कुमंत्रणा से राजा का, कुसंगति से साधु का, अत्यधिक दुलार से पुत्र का और अविद्या से ब्राह्मण का नाश होता है।

-विदुर

## संपादकीय

# दूषित पानी मौतों पर विवाद

मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी से हुई लोगों की मौत का मामला दिन-ब-दिन और अधिक उलझता जा रहा है। यह सिर्फ एक प्रशासनिक चूक का सवाल नहीं रह गया है, बल्कि अब यह मानवीय संवेदनाओं, जवाबदेही और शासन की पारदर्शिता पर सीधा प्रश्न खड़ा करता नजर आ रहा है। राज्य सरकार जहां अब तक केवल चार मौतों की आधिकारिक पुष्टि कर रही है, वहीं मृतकों के परिजन, स्थानीय लोग और अस्पतालों के आंकड़े कम से कम पंद्रह मौतों की ओर इशारा कर रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर सच्चाई क्या है और उसे सामने लाने से परहेज क्यों किया जा रहा है?

जो तथ्य जमीन पर दिख रहे हैं, उनसे साफ प्रतीत होता है कि हालात बेहद गंभीर हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या, मौतों के प्रमाण पत्र और प्रभावित परिवारों की गवाही सरकारी दावों से बिलकुल अलग तस्वीर पेश कर रही है। इसके बावजूद सरकार का बार-बार मौतों की संख्या को कम बताना संदेह को जन्म देता है। क्या यह आंकड़ों का खेल है या फिर हकीकत को दबाने का प्रयास? यदि वास्तव में दूषित पानी के कारण पंद्रह लोगों की जान गई है, तो फिर राज्य सरकार इसे स्वीकार करने से क्यों कतरा रही है? यही सवाल अब आम जनता के बीच आक्रोश का कारण बनता जा रहा है।

सरकार की इस कथित चुप्पी और टालमटोल की नीति ने लोगों के विश्वास को गहरा आघात पहुंचाया है। नागरिकों को यह महसूस होने लगा है कि प्रशासन सच सामने लाने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहा है। यही वजह है कि यह मामला अब हाईकोर्ट तक पहुंच चुका है। अब पीड़ित परिवारों सहित आम जनता को न्यायपालिका से ही इंसाफ की उम्मीद बंधी है। लोगों का मानना है कि जब कार्यपालिका जवाब देने में विफल हो रही है, तब न्यायालय ही सच्चाई सामने ला सकता है।

इस पूरे घटनाक्रम में मोहन सरकार की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। विपक्ष लगातार सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी इस घटना को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे डबल इंजन सरकार की नाकामी करार देते हुए कहा कि बुनियादी सुविधाओं तक में अगर लोगों की जान सुरक्षित नहीं है, तो विकास के दावे खोखले हैं। विपक्ष के इन आरोपों ने मामले को और अधिक राजनीतिक रंग दे दिया है।

हालांकि, सरकार ने दबाव बढ़ने के बाद कुछ प्रशासनिक कार्रवाई जरूर की है। नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही एडिशनल कमिश्नर सिसोनिया का तबादला भी कर दिया गया है। इतना ही नहीं, इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया गया है। इन कदमों को सरकार की सख्ती के तौर पर पेश किया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह पर्याप्त है या फिर सिर्फ दिखावटी कार्रवाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए यह भी सामने आया है कि पानी में हैजा फैलाने वाला घातक बैक्टीरिया विब्रियो कोलेरी पाया गया है। इसके बावजूद सरकारी तंत्र इसे प्रारंभिक रिपोर्ट बताकर गंभीरता को कम करने की कोशिश करता नजर आ रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि भागीरथपुरा इलाके में एक पुलिस चौकी के पास मुख्य पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन में रिसाव पाया गया है। इसी स्थान के ऊपर एक शौचालय बना हुआ है। इसी वजह से सीवेज का गंदा पानी पाइपलाइन में मिल गया और पूरे इलाके की जलापूर्ति दूषित हो गई। हालांकि यह तर्क अपनी जगह हो सकता है, लेकिन सवाल यह है कि इतनी बड़ी लापरवाही आखिर कैसे हुई और समय रहते इसकी जांच क्यों नहीं की गई?

विशेषज्ञों का कहना है कि दूषित पानी में हैजा जैसे घातक बैक्टीरिया का पाया जाना बेहद खतरनाक संकेत है। लैब रिपोर्ट में भी यह पुष्टि हो चुकी है कि पानी में सीवेज मिला हुआ था। ड्रेनेज के पानी में कई तरह के हानिकारक तत्व मौजूद होते हैं। फिलहाल लोग अपनी तरफ से सावधानी बरतने को मजबूर हैं। कई इलाकों में लोग बोरिंग का पानी उबालकर पी रहे हैं या फिर बोतलबंद पानी का सहारा ले रहे हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय क्रिकेटर


**चेतन** शर्मा का नाम भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक सफल तेज गेंदबाज के रूप में दर्ज है।चेतन शर्मा का जन्म 3 जनवरी 1966 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। वह पूर्व भारतीय क्रिकेटर यशपाल शर्मा के भतीजे हैं। चेतन ने कम उम्र में ही क्रिकेट में अपनी पहचान बना ली थी। महज 17 साल की उम्र में उन्होंने पंजाब के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पदार्पण किया और अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर जल्द ही भारतीय टीम में जगह बनाई। 7 दिसंबर 1983 को उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया, जबकि 17 अक्तूबर 1984 को पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा।



चेतन शर्मा
जन्म : 3 जनवरी, 1966

चेतन शर्मा का अंतरराष्ट्रीय करियर कई यादगार उपलब्धियों से भरा रहा। 1987 के रिलायंस वर्ल्ड कप में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ हैट्रिक लेकर वनडे विश्व कप के इतिहास में यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज बने। इसके अलावा इंग्लैंड दौरे पर बर्मिंघम टेस्ट में उन्होंने एक मैच में 10 विकेट झटके, जो आज भी भारतीय गेंदबाजों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। वह इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने वाले इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं।

अपने करियर में चेतन शर्मा ने 23 टेस्ट मैचों में 61 विकेट और 65 वनडे मैचों में 67 विकेट हासिल किए। घरेलू क्रिकेट में भी उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा, जहां उन्होंने 121 फर्स्ट क्लास मैचों में 433 विकेट लिए। चोटों के कारण उनका करियर अपेक्षाकृत जल्दी समाप्त हो गया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कपिल देव का उत्तराधिकारी माना जाता था। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद चेतन शर्मा ने टीवी क्रिकेट एक्सपर्ट के रूप में काम किया और बाद में बीसीसीआई में चयनकर्ता की भूमिका निभाई। 20 दिसंबर 2020 को उन्हें सीनियर चयन समिति का चेयरमैन बनाया गया। नवंबर 2022 में उन्हें पद से हटाया गया, लेकिन बाद में दोबारा नियुक्ति हुई। हालांकि ताजा विवादों के बाद उन्होंने खुद इस्तीफा देकर एक बार फिर सुर्खियां बटोर ली हैं। ह्य■



कविता

## निकला था कुछ सपने खरीदने

अनंत ज्ञान

प्रदीप भारद्वाज, मंडी शहर (हि.प्र.) मो. 9418454420

**निकला** था कुछ सपने खरीदने
जाने इस वर्ष उसका बटुआ किधर गया
उसकी गुस्ताखियां अब भी पकड़ी न गई
लोग कहते हैं कि वो इस वर्ष सुधर गया
प्याऊ के सारे घड़े खाली पड़े हैं
लगता है इस वर्ष वो बुजुर्ग गुजर गया
उदासियां कुछ ज्यादा ही मिली
इस वर्ष वो जिधर जिधर भी गया
सड़क पहुंची इस वर्ष मेरे गांव
पुराना पीपल न जाने जाने किधर गया
हर एक बच्चे के हाथ में मोबाइल है
आम तोड़ता बच्चा इस वर्ष किधर गया

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# बांग्लादेश नरसंहारः ऑपरेशन सर्चलाइट और पाक सेना की हार

‘लश्कर भी तुम्हारा सरदार भी तुम्हारा तुम झूठ को सच लिख दो अखबार भी तुम्हारा, इस दौर में फरियादी जाएं तो कहां जाएं, कानून भी तुम्हारा दरबार भी तुम्हारा’। अर्जुन सिंह चांद की ये नज्म हिंदू समुदाए की कातिल बन चुकी बांग्लादेश की हुकूमत पर सटीक बैठ रही है। बांग्ला तहजीब के लोगों के प्रति पाक हुक्मरानों का व्यवहार हमेशा हिकारत भरा रहा है।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

25 मार्च 1971 की रात बांग्ला आवाम पर रोज-ए-महशर साबित हुई। जब पूर्वी पाक के सैन्य कमांडर टिक्का खान व उनके तर्जुमान राव फरमान अली तथा खादिम हुसैन राजा तीनों जरनैलों ने खूनी ‘आपरेशन सर्च लाइट’ को अंजाम देकर लाखों निर्दोष बांग्ला लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। 28 मार्च 1971 की रात को पाक सेना की 22वीं बलूच रेजिमेंट ने को मिला छावनी में ईस्ट बंगाल राइफल के सेंटर पर हमला करके बंगाली मूल के 17 अधिकारियों सहित 953 सैनिकों को हलाक करके उन सैनिकों के पारिवारिक आवासों में महिलाओं व बच्चों को भी मार डाला था। पाकसेना ने ‘ढाका विश्वविद्यालय’ पर हमला करके हॉस्टल में छात्रों तथा शिक्षकों का सामूहिक नरसंहार कर दिया था। ब्रिटिश पत्रकार ‘एंथोनी मस्केरेनहास’ ने ऑपरेशन सर्च लाइट के नरसंहार को 13 जून 1971 को ब्रिटेन के अखबार ‘संडे टाइम्स’ के जरिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेश किया था। एंथोनी मस्केरेनहास ने अपनी किताब ‘द रेप ऑफ बांग्लादेश’ में खुलासा किया था कि बांग्ला लोगों का सरेआम कत्ल करने वाली पाक फौज के अधिकारी उस नरसंहार को पवित्र और अपवित्र के बीच की जंग बता रहे थे।

सर्च लाइट की हलाकत को बांग्ला उपन्यासकार अनवर पाशा ने अपने उपन्यास ‘रोटी कपड़ा औरत’ में बयान किया था, मगर पाक सेना ने 14 दिसंबर 1971 को अनवर पाशा को भी हलाक कर दिया था। ऑपरेशन सर्च लाइट के एक अहम किरदार तथा पूर्वी पाक में पाक सेना की 14वीं डिवीजन के कमांडर मेजर जनरल खादिम हुसैन राजा ने अपनी किताब ‘अपने ही देश में अजनबी’ में आपरेशन सर्च लाइट के नरसंहार के कई खूनी रहस्यों को उजागर किया था। बांग्ला अवाम पर दरिंदगी का मंजर इस कदर भयानक था कि खादिम राजा ने अपने परिवार से कहा था कि बांग्लादेश के नरसंहार पर लिखी उनकी किताब का विमोचन खादिम की मौत के बाद ही किया जाए। सन् 1971 की जंग के दौरान भारतीय सेना ने पूर्वी पाक में



ऑपरेशन सर्च लाइट के एक अन्य सूत्रधार मेजर जनरल ‘राव फरमान अली’ को युद्धबंदी बना लिया था।

राव फरमान अली से बरामद उसकी डायरी में सर्च लाइट की कत्लोगारत का कोड वर्ड ‘बांग्लादेश की हरियाली को लाल कर देंगे’ लिखा था। पाक सदर जुल्फिकार अली भुट्टो सन् 1974 में बांग्लादेश के दौरे पर गए तो उस वक्त बांग्लादेश के सदर शेख मुजीबुर्रहमान ने फरमान अली की वो डायरी भुट्टो के सामने पेश की थी। 1971 की जंग में पाकसेना की शर्मनाक शिकस्त पर पाक हुकूमत ने 26 दिसंबर 1971 को ‘युद्ध जांच आयोग’ तश्कील किया था। बंगाली मूल के जज हमूदुर रहमान ने सपुर्द ढ़ाका की गुनहगार पाक फौज व उसके सिपहसालारों की कायरता को पूरी तफसील से बेनकाब करके 23 अक्तूबर 1974 को जब अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो को पेश की तो पाक अवान-ए-सदर का माहौल मातम में बदल गया। नतीजन पाक सैन्य हुक्मरानों ने उस रिपोर्ट को ‘टॉप सिक्रेट’ करार देकर ‘रावलपिंडी’ के ‘संयुक्त स्टाफ मुख्यालय’ में बंद कर दिया तथा कभी सार्वजनिक नहीं किया।

1990 के दशक में हमूदुर रहमान आयोग की रिपोर्ट सामने आने के बाद पाकिस्तान की सेना का असली चेहरा दुनिया के सामने बेनकाब हो गया। इस रिपोर्ट ने 1971 के बांग्लादेश युद्ध के दौरान पाक फौज द्वारा किए गए गंभीर अपराधों, युद्ध में मिली शर्मनाक हार और सामूहिक आत्मसमर्पण की सच्चाई को उजागर किया। आयोग ने पूर्वी पाकिस्तान में बैंकों की लूट, आम नागरिकों के नरसंहार और महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार जैसी घटनाओं के लिए कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया था।

रिपोर्ट में एयर मार्शल इनामुल हक, वाइस एडमिरल मोहम्मद शरीफ, टिक्का खान, राव फरमान अली और आत्मसमर्पण करने वाले जनरल नियाजी जैसे अधिकारियों पर कार्रवाई और सजा की सिफारिश की गई थी। साथ ही तत्कालीन सैन्य शासक याहिया खान, पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई और जुल्फिकार अली भुट्टो को भी पाकिस्तान के विभाजन का दोषी माना गया। ‘ऑपरेशन सर्चलाइट’ के दौरान हुए नरसंहार से आहत होकर टाइम मैगजीन ने टिक्का खान को बांग्लादेश का कसाई तक कहा। भारत की सैन्य दखल और कुर्बानियों के कारण ही बांग्लादेश का अस्तित्व संभव हो सका। भारत ने लाखों शरणार्थियों को पनाह दी और 13 दिनों में पाक सेना को घुटनों पर ला दिया। इसके बावजूद मौजूदा समय में बांग्लादेश का पाकिस्तान के प्रति झुकाव भारत के लिए चिंता का विषय बनता जा रहा है, जो भविष्य की रणनीतिक चुनौतियों की ओर इशारा करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों में और सुधार की है आवश्यकता

भारत में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर अनेक कानून बनाए गए हैं। संविधान ने महिलाओं को समानता, स्वतंत्रता और सम्मान के अधिकार दिए हैं।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसके साथ ही दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, बलात्कार जैसे गंभीर अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। इन कानूनों का उद्देश्य महिलाओं को न केवल कानूनी संरक्षण प्रदान करना है, बल्कि उन्हें मानसिक और सामाजिक सुरक्षा भी देना है। हालांकि, आज भी समाज में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार घटित हो रहे हैं। यह दर्शाता है कि केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। कानून के प्रभावी ि, यान्वयन, समाज में बदलाव और महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता की भी आवश्यकता है। कई बार अपराधियों में कानून का डर कम दिखाई देता है। इसका मुख्य कारण मामलों का लंबा खिंचना, जांच में लापरवाही और दोषियों को समय पर सजा न मिल पाना है।

निर्भया कांड के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए आपराधिक कानूनों में बड़े बदलाव किए गए। सजा को कठोर बनाया गया, फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना की गई और जांच प्रक्रिया को तेज करने की पहल की गई। इसके अलावा, घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा कानून और दहेज निषेध अधिनियम जैसी कई कानूनी व्यवस्थाएं महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए लागू की गईं।

इन सुधारों के बावजूद महिलाओं के खिलाफ अपराध कम नहीं हुए। इसका कारण यह भी है कि कई बार पीड़ित महिलाओं को थाने में शिकायत दर्ज कराने में डर लगता है। पुलिस की संवेदनशीलता की कमी, सामाजिक दबाव और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून की जानकारी का अभाव इन समस्याओं को



और बढ़ा देता है। जब तक कानून जमीन पर प्रभावी रूप से लागू नहीं होंगे, तब तक उनका उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। आज भी अदालतों में महिलाओं से जुड़े मामलों का निपटारा वर्षों तक चलता है। इस लंबी प्रक्रिया से पीड़ति महिला मानसिक, सामाजिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करती है। इसलिए, महिलाओं से जुड़े मामलों के लिए विशेष अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए और पीड़ति को मुफ्त कानूनी सहायता और काउंसलिंग उपलब्ध कराई जानी चाहिए। कानून तभी प्रभावी हो सकते हैं, जब समाज की सोच में बदलाव आए। आज भी कई मामलों में पीड़िता को ही दोषी ठहराया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस या कानून की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इस दिशा में स्कूलों और कॉलेजों में लैंगिक समानता, नैतिक शिक्षा और संवेदनशीलता पर विशेष ध्यान देना होगा। समय के साथ महिलाओं के खिलाफ नए प्रकार के अपराध भी सामने आ रहे हैं। साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न और सोशल मीडिया का दुरुपयोग ऐसे नए खतरे हैं, जिनके लिए सख्त और स्पष्ट कानूनों की आवश्यकता है। इसके साथ ही पुलिस, न्यायपालिका और प्रशासन को अधिक जवाबदेह बनाया जाना चाहिए, ताकि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में तेजी से कार्रवाई हो सके।

अतः महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानून का होना एक मजबूत आधार है, लेकिन केवल कानून ही पर्याप्त नहीं हैं। उन्हें प्रभावी, व्यावहारिक और संवेदनशील बनाना और उनका सही क्रियान्वयन करना आवश्यक है। जब तक कानून का डर अपराधी के मन में नहीं होगा और पीड़ित महिला को तुरंत न्याय नहीं मिलेगा, तब तक महिलाओं की सुरक्षा केवल एक नारा बनकर रह जाएगी। आवश्यक है कि समाज, सरकार और न्यायपालिका मिलकर महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास करें। महिलाओं को सुरक्षित और समान अवसर देने से ही समाज में संतुलन, शांति और प्रगति संभव है।०

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# यूनानी अर्थशास्त्री ने दुनिया को सुनाई भारत की अनूठी विकास गाथा


इक्कसवीं सदी की वैश्विक राजनीति सैन्य ताकत, खुले टकराव या वैचारिक ध्रुवीकरण तक सीमित नहीं रह गई है। यह सदी उन देशों की भी है, जिनके लिए युद्ध, धमकी और विचारधारात्मक वर्चस्व कोई मायने नहीं रखता है, ये तो अपनी उपयोगिता, विश्वसनीयता और साझीदारी-क्षमता से शक्ति अर्जित कर रहे हैं।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र लेखक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

दरअसल हाल ही में यूट्यूब पर सामने आए एक वीडियो में प्रसिद्ध यूनानी अर्थशास्त्री और राजनेता यानिस वारुफाकिस का एक तटस्थ विश्लेषण इसी तथ्य को रेखांकित कर रहा है। यह वीडियो 29 दिसंबर 2025 को अपलोड हुआ है और इसमें भारत की एक वैश्विक शक्ति बनने की खामोशी से चल रही यात्रा को बेहद बारीक अवलोकन के साथ प्रस्तुत किया गया है। इस विश्लेषण का केंद्रीय तर्क यह है कि 21वीं सदी की सबसे परिपक्व और प्रभावी महाशक्ति रणनीति किसी अमेरिका या चीन की नहीं है, वह भारत की है। भारत को इन्होंने सिर्फ एक उभरती अर्थव्यवस्था होने तक स्वीकार भर नहीं किया है, वे इससे आगे की बात करते हैं और एक ऐसे रणनीतिक खिलाड़ी के रूप में देखते हैं जो अनेक देशों के साथ एक साथ कई शक्ति केंद्रों में समानांतर रिश्ते निभाते हुए भी अपनी निर्णय-स्वतंत्रता से समझौता नहीं करता है। यही वह बिंदु है, जहां भारत पारंपरिक महाशक्ति मॉडल से अलग दिखाई देता है।

वीडियो में भारत की विदेश नीति को स्ट्रैटेजिक ऑटोनॉमी यानी रणनीतिक स्वायत्तता का आदर्श उदाहरण बताया गया है। भारत एक ओर क्वाड का सदस्य है, जहां अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ सुरक्षा सहयोग करता है तो दूसरी ओर ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य होकर चीन और रूस के साथ आर्थिक-राजनीतिक मंच साझा करता है। सामान्यतः यह स्थिति ‘असंभव’ मानी जाती है, क्योंकि ये दोनों गुट वैश्विक राजनीति में



प्रतिद्वंद्वी समझे जाते हैं। किंतु भारत ने दिखा दिया है कि स्पष्ट प्राथमिकताओं और दीर्घकालिक दृष्टि के साथ यह संतुलन संभव है और लाभकारी भी।

यहां एक महत्वपूर्ण तुलना सामने आती है। अमेरिका अपने साझीदारों से वफादारी की अपेक्षा करता है और चीन अपने सहयोगियों से अधीनता। भारत इसके उलट संप्रभु समानता और आपसी हितों पर आधारित साझीदारी की बात करता है। यही कारण है कि वह सहयोग करता है पर न किसी के अधीन होता है न किसी को अधीन करता है। यह शैली भारत को दबाव-मुक्त बनाती है और वैश्विक राजनीति में उसे एक अलग पहचान देती है। ऊर्जा नीति इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। 2024 में पश्चिमी प्रतिबंधों और दबावों के बावजूद भारत ने रूस से रिकॉर्ड स्तर पर सस्ता कच्चा तेल खरीदा, जिससे उसकी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 40 प्रतिशत पूरा हुआ।

इससे भारतीय उपभोक्ताओं को अरबों डॉलर की बचत मिली। पश्चिमी देशों ने इसे सैंक्शन बस्टिंग कहा। वहीं भारत ने इसे व्यावहारिक और जनहितकारी स्मार्ट इकोनॉमिक्स के रूप में प्रस्तुत किया। इसी दौरान अमेरिका और यूरोप के साथ रक्षा, सेमीकंडक्टर और हाई-टेक सहयोग भी जारी रहा। यानिस वारुफाकिस की भाषा में कहें तो यही संतुलित बहुपक्षवाद है।

विनिर्माण के क्षेत्र में भी भारत किसी से टकराव नहीं करता है, आकर्षण की नीति पर चल रहा है। Apple का चीन के बाहर सबसे बड़ा iPhone उत्पादन भारत में होना, Samsung का भारत को वैश्विक निर्माण केंद्र बनाना और द्धह्यद्बह्यह्व की प्रस्तावित फैक्ट्री वस्तुतः ये सभी संकेत हैं कि भारत वर्ल्ड फैक्ट्री बनने की दिशा में चुपचाप आगे बढ़ रहा है।

महत्वपूर्ण यह है कि भारत अब केवल असेंबली नहीं, बल्कि डिजाइन, शोध और नवाचार का केंद्र भी बन रहा है। Google की AI रिसर्च, Microsoft की क्लाउड डेवलपमेंट और Amazon की लॉजिस्टिक इनोवेशन का भारत की ओर आना इसी इंटेलेक्चुअल कैपिटल माइग्रेशन का प्रमाण है। भारत की दीर्घकालिक शक्ति उसकी जनसांख्यिकी में निहित है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सिरमौर के चांदनी खेल मैदान में युवाओं के लिए अनुकरणीय खेलकूद कार्यक्रम

जिला सिरमौर के चांदनी गांव का विशाल और खूबसूरत खेल मैदान हर व्यक्ति और विशेषकर युवाओं के लिए जागरूकता और अनुशासन का प्रेरक स्थल बन चुका है। यह मैदान सतौन क्षेत्र से कुछ ही दूरी पर स्थित है और पिछले छह वर्षों से स्वर्गीय सुरेन्द्र ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहा है।



ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह न केवल अपने आकार और हरे-भरे मैदान के लिए जाना जाता है, बल्कि यह खेलकूद प्रतियोगिताओं के संचालन में अनुशासन और नशों से दूर रहने का उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे संचालित करने वाले क्लब के सभी सदस्य नशों से पूरी तरह दूर रहते हैं। हिमाचल में नशों की वजह से कई युवा मौत के कगार तक पहुंच चुके हैं और अनेकों परिवार उजड़ चुके हैं। ऐसे में यह पहल युवाओं के लिए प्रेरक है, क्योंकि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि मानसिक दृढ़ता और भविष्य की तैयारी का माध्यम भी है। जैसा कि कहा जाता है, ‘खेलेगा युवा तो नशे से दूर रहेगा युवा’, चांदनी का यह उदाहरण इसे प्रमाणित करता है।

चांदनी खेल मैदान सिरमौर के इतिहास में सबसे बड़ा और गोलाकार मैदान माना जाता है। पूरे मैदान की हरी-भरी घास और सुंदर संरचना इसे और भी आकर्षक बनाती है। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से सैकड़ों क्रिकेट टीमें हिस्सा लेती हैं और हर वर्ष इसका आयोजन बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ होता है। नियमों और फैसलों में पारदर्शिता बनी रहती है और क्लब द्वारा प्रतियोगिता को जवाबदेही के साथ संचालित किया जाता है।

इस डिजिटल युग में, प्रतियोगिता के मैचों का लाइव प्रसारण किया जाता है।



अनुभवी कमेंटेटर्स हर पल की जानकारी दर्शकों तक पहुंचाते हैं, जिससे प्रतियोगिता और अधिक लोकप्रिय और व्यावसायिक बनती है। क्लब केवल क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है। यह सांस्कृतिक और पहाड़ी कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

इस वर्ष क्लब ने लोकप्रिय हास्य कलाकार कपिल शर्मा को 1 दिसंबर को कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। क्लब साल भर में तीन मुख्य कार्यक्रम आयोजित करता है- क्रिकेट प्रतियोगिता, वॉलीबाल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम, जो ग्रामीण स्तर पर लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। यह पहल ग्रामीण युवाओं को मनोरंजन, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व को समझाने का माध्यम बनती है।

इस प्रकार, चांदनी का खेल मैदान और क्लब का यह कार्यक्रम यकीनन अन्य क्षेत्रों के लिए अनुसरणीय मॉडल बन गया है। यह न केवल युवाओं को नशे से दूर रहने की प्रेरणा देता है, बल्कि स्थानीय प्रतिभा और संस्कृति को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, यह युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी विकसित करता है। अतः सिरमौर का यह चांदनी खेल मैदान साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर प्रयास से युवा अपनी पहचान बना सकते हैं, समाज में सम्मान पा सकते हैं और भविष्य में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को खेलकूद, संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित करते हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में अनुशासन और प्रतिभा का वातावरण तैयार करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छोटा भंगाल व चौहार घाटी की ऊंची चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी



छोटाभंगाल व चौहार घाटी की ऊंची चोटी पर हुई ताजा बर्फबारी का मनमोहक दृश्य।

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**दुर्गम क्षेत्रों में एक से चार इंच तक गिरी ताजा बर्फ**

बरोट। छोटाभंगाल व चौहार घाटी में शुक्रवार को कहीं-कहीं बादल छाए रहने के साथ दोनों घाटियों के लोगों ने धूप का सेंकर आनंद लिया। वीरवार देर शाम से घाटियों के निचले क्षेत्रों में करीब आधे घंटे तक मुसलाधार बारिश हुई, जबकि ऊंची-ऊंची पहाड़ियों और दुर्गम गांवों में रातभर रुक-रुककर बर्फबारी होती रही, जिससे सल्याहतर पास, थमसर, जालसू, जोत, जुआरडू, पनियारटू, पलाचक, फुतकीगढ़, टीकागढ़, करडा गहर, भरगु, लोलर, डेहनसर, चांगीचल्यार, देवीदड़ सहित छोटाभंगाल घाटी के राजगुंधा, कुक्कडगुंधा, कुड़धार, शपोहता, बड़ा ग्रां, नलहौता, कोली रूलिंग, कोठी कोहड़, चेलरा दी मलाह, धरमाण, सरमाण, नेर, उहलधार, जुधार, स्वाड़, भुजलिंग, पोलिंग, अंदरली मलाह, खड़ी मलाह, तरमेहर, लोआई, नपौहता, रोपड़ु तथा चौहार घाटी के मियोट, खलैहल, बड़ी व छोटी झरवाड, मंडी रूलिंग समालंग, मढ़, धमच्याण, लटराण, ख्वाण, झटिंगरी, फुलाधार, टाटरी धार व पालखुंडी जैसे दुर्गम गांवों में एक से चार इंच तक ताजा बर्फ जमी, जिससे बड़ा भंगाल का संपर्क शेष दुनिया से कट गया और वीरवार देर रात से शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति भी बाधित रही। वहीं घाटी के निवासी रामसरन चौहान, वजिन्द्र सिंह, करमचंद, विनोद कुमार, रूपी देवी, जोगिन्द्र सिंह, अमरिकी चंद, अमीं चंद, राजिंद्र कुमार, सोनू कुमार, सुनील कुमार, दुर्गा दास व बलदेव राज ने बताया कि यह सीजन की पहली बर्फबारी है जो जौ व गेहूं की फसलों के लिए लाभकारी है तथा इससे खेतों में नमी आने के साथ सूखे के कारण उड़ती धूल और आगजनी की घटनाओं से भी राहत मिली है।

# चांबी-जय देवी मार्ग बना जानलेवा

## मानसून की मार से धंसे गड्ढों में तब्दील, लोक निर्माण विभाग भी नहीं ले रहा है सुध

भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान



खस्ताहाल चांबी-जय देवी सड़क, जो हर पल हादसों को न्योता दे रही है।

महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला चांबी-जय देवी सड़क मार्ग इन दिनों बदहाली की चरम स्थिति में पहुंच चुका है। ऊंची पहाड़ियों और वन क्षेत्र से होकर गुजरने वाला यह मार्ग न केवल नाचन को सुंदरनगर और करसोग विधानसभा क्षेत्रों से जोड़ता है, बल्कि रामपुर, शिमला और किन्नौर जैसे पहाड़ी जिलों को आने-जाने के लिए भी एक अहम संपर्क सड़क है। इसके अतिरिक्त फौज से संबंधित सामग्री की आवाजाही में भी इस मार्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के चलते यह सड़क राम भरोसे छोड़ दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इस मार्ग की न तो ढंग से मरम्मत की गई और न ही स्थायी सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। हालात यह हैं कि सड़क जगह-जगह गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पिछले वर्ष 2025 की मानसूनी बारिश ने इसकी स्थिति को और बदतर बना दिया। कई स्थानों पर भू-स्खलन के कारण सड़क संकरी हो गई है, जबकि कुछ हिस्से पूरी तरह ढह चुके हैं। सड़क की ऊपरी परत उखड़ जाने से कच्चा धरातल साफ दिखाई देता है, जिससे वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। मार्ग पर कई जगह सड़क धंसने से वाहनों को तेज झटके लगते हैं। जट्टा रा नाला के पास पहाड़ी से निकलने वाली प्राकृतिक जलधारा लगातार सड़क पर बहती रहती है, जिससे कीचड़ और पानी फैलकर पूरा इलाका तालाब जैसा बन जाता है। यहां वाहन अक्सर फिसलकर फंस जाते हैं और दोपहिया वाहन चालक मामूली चूक में औंधे मुंह गिर पड़ते हैं। परिणामस्वरूप कई बार लंबा जाम भी लग जाता है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों का आरोप है कि पानी की निकासी के लिए सड़क के नीचे पाइप डालने की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन लोक निर्माण विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस मार्ग का कायाकल्प नहीं किया गया तो यह सुचारू यातायात में बड़ी बाधा बन जाएगा। उन्होंने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि चांबी-जय देवी मार्ग की दशा सुधारने के लिए शीघ्र पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन करसोग अस्पताल का आगामी लक्ष्य : डॉ. चौहान

अनंत ज्ञान, करसोग

नागरिक चिकित्सालय करसोग में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी करसोग डॉ. गोपाल चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने व स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अस्पताल के चिकित्सकों सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर बीएमओ करसोग द्वारा अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को फल भी वितरित किए। उन्होंने अपनी टीम के साथ सभी वार्डों और इमरजेंसी का दौरा किया और सभी मरीजों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

बैठक में नागरिक चिकित्सालय करसोग में पिछले 6 माह की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई और आगामी 3 माह का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया। अस्पताल में मरीजों को उपचार की उच्चस्तरीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अगले तीन माह के लिए लक्ष्य निर्धारित भी किया गया। जिसमें अस्पताल को नेशनल क्वालिटी सर्टिफिकेशन, कैंटीन स्थापित करना, जन औषधि स्टोर शुरू करना, रेडियोलॉजी के एस्टीमेट तैयार करना, स्टाफ से सुझाव के लिए सुझाव पेटी लगाना, सीटी स्कैन, एमसीएच सेंटर, क्रिटिकल हेल्थकेयर सेंटर संबंधी पत्राचार को पूरा करने और खराब पड़ी मशीनों को ठीक करवाना शामिल है।

### 6 माह में हुई प्रगति

नई एक्स-रे मशीन लगाना, अल्ट्रासाउंड शुरू करना, ऑक्सीजन प्लांट शुरू करना, वेंटिलेटर शुरू करना, लैब में नए उपकरण उपलब्ध करवाने, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, ब्लड स्टोरेज यूनिट शुरू करने, ऑनलाइन एक्स-रे, दैनिक बुलेटिन जारी करने, बच्चेदानी के कैंसर की जांच, एडवांस एंबुलेंस सेवा, टायलेट रिपेयर कार्य, रक्तदान शिविर, पोषण दिवस, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, सफाई अभियान जैसी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

## न्यूज ब्रीफ

### खेत में काम कर रहे व्यक्ति पर हमला, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, मंडी। पुलिस चौकी बस्सी थाना जोगिंदरनगर में भूरी सिंह पुत्र भादरू राम निवासी गांव कमेहड़, डाकघर चलाहरग द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई है। शिकायत में भूरी सिंह ने बताया कि वह अपने खेत में कार्य कर रहा था, इसी दौरान उसका पड़ोसी प्रताप सिंह वहां पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि प्रताप सिंह ने भूरी सिंह को जान से मारने की धमकी दी तथा किसी वस्तु से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसे चोटें आईं। घायल को उपचार के लिए ले जाया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 126(2), 115(2), 351(2) व 352 BNS के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### बालिका सशक्तिकरण अभियान की कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। एनटीपीसी कोलडैम की सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान की अनुवर्ती कार्यशाला का शुभारंभ अध्यक्षा संगिनी संघ रेखा ठाकुर द्वारा किया गया। यह कार्यशाला 2 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित की जा रही है और 2025 के अभियान में भाग लेने वाली बालिकाओं के लिए अनुवर्ती सत्र के रूप में आयोजित की गई है। उद्घाटन समारोह में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं संगिनी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। रेखा ठाकुर ने बालिकाओं से सिखी गई जानकारियों को आत्मसात करने, अपने जीवन में लागू करने और दूसरों तक पहुँचाने का आग्रह किया। इस सत्र में परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के ग्यारह सरकारी स्कूलों की 45 बालिकाओं ने भाग लिया। बालिकाओं ने अपनी पिछली उपलब्धियां साझा की और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए एनटीपीसी का धन्यवाद किया।

### अंशिका को मिली अध्यक्ष की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान, नेरचौक। श्री लाल बहादुर शास्त्री सरकारी नर्सिंग कॉलेज में स्टूडेंट नर्सेज एसोसिएशन का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह छात्र संगठन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता और शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्य करता है। डॉ. बंदना, प्रधानाचार्य, नेरचौक की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में अंशिका को अध्यक्ष, मनीषा को उपाध्यक्ष, जागृति को महासचिव, शगुन और प्रांजल को कोषाध्यक्ष, तन्वी और सानिया को प्रेस सचिव, अपूर्वा को खेल सचिव, सेजल और साक्षी को कार्यकारिणी सदस्य, तमन्ना और मेहक को मैस सचिव, चेतना और शिवांगी को स्वास्थ्य सचिव, दीक्षा और रिया रघु को हॉस्टल सचिव तथा अक्षिता और अंशिका परमार को शैक्षणिक प्रतिनिधि चुना गया।

### सूरत सिंह के निधन पर जताया शोक

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। धर्मपुर उपमंडल के सज्याओ क्षेत्र के जोढन गांव निवासी सूरत सिंह गुलेरिया का दो दिन पहले आकस्मिक निधन हो गया। 30 दिसंबर को सीने में हल्का दर्द होने पर वे दवा लाए और रात को सो गए, लेकिन उसी रात दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। सुबह परिजन उन्हें बिस्तर पर मृत अवस्था में पाए। 95 वर्ष की आयु में भी वे अत्यंत सक्रिय थे और जोढन से सजाओपीपलू तक नियमित पैदल आते-जाते थे, जिससे वे हरफनमौला पैदल यात्री के रूप में पहचाने जाते थे। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, किसान सभा के खंड अध्यक्ष रणताज राणा, मोहन लाल, मेहर सिंह, मास्टर पृथ्वी सिंह, सतीश, टेकसिंह, श्याम सिंह, बाला राम, शंभू राम, नानक चंद, हरिचंद, पृथीपाल, रत्न सिंह, डीडी ठाकुर, बलबीर सिंह, चंद पाल, प्रताप सिंह आदि ने उनके आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। साथ ही सजाओपीपलू निवासी 42 वर्षीय सोनू कुमार के निधन पर भी शोक जताया गया।

# सरकाघाट अस्पताल में फैमिली प्लानिंग के 37 ऑपरेशन सफल



सफलता के बाद डॉक्टरों व चिकित्सकीय टीम ने प्रसन्नचित मुद्रा में खुशी जताई।

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट नागरिक अस्पताल में फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम के तहत कुल 37 ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। यह सभी ऑपरेशन अनुभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुण जसवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए, जबकि एनेस्थेटिस्ट डॉ. संजीव कुमार ने सुरक्षित और संतुलित एनेस्थीसिया देकर मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की। ऑपरेशन से पहले और बाद में मरीजों की समुचित देखभाल वार्ड सिस्टर अंजू द्वारा की गई। अस्पताल प्रबंधन और व्यवस्थाओं में एमएचएस दयानंद का विशेष योगदान रहा। स्टाफ नर्सों डिम्पल, और संतोष ने पूरे कार्यक्रम के दौरान सेवाभाव और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभाए। ऑपरेशन थियेटर में ओटीए गोपाल और शाल्वी पठानिया ने तकनीकी सहयोग प्रदान कर कार्य को सुचारू रखा। इसके अतिरिक्त मास्ट राम, सुरेश, सतीश, विजय, कंचन और रत्नी देवी सहित अन्य कर्मचारियों ने भी सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अस्पताल के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि इस पहल से परिवार नियोजन को बढ़ावा मिलेगा, मातृ स्वास्थ्य सुदृढ़ होगा और जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में सकारात्मक कदम साबित हुआ है, कल सभी को छुट्टी दे दी जाएगी।

# हमले मामले में दो गिरफ्तार एक नाबालिग जुवेनाइल कोर्ट में किया जाएगा पेश

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। किरतपुर-मनाली फोरलेन पर हराबाग स्थित ढाबा संचालक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुंदरनगर पुलिस ने अहम सफलता हासिल की है। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण के नेतृत्व में थाना प्रभारी कमलकांत व पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पंजाब के पटियाला से गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी वयस्क है, जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत मंडी स्थित जुवेनाइल न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां से आगे की कार्रवाई व रिमांड संबंधी निर्णय लिया जाएगा। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि एफआईआर संख्या 282/2025 दिनांक 31 दिसंबर 2025 भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 109, 333, 115(2), 352 व 3(5) के तहत दर्ज की गई है। घायल ढाबा संचालक का एम्स बिलासपुर में उपचार जारी है और उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# कांग्रेस नेता प्रेम लाल ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से मिलकर उठाई जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू को जनसमस्याएं बताते हुए प्रेम लाल गुड्डू।

**नाचन क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा, सीएम को दी नए साल की शुभकामनाएं**

मंडी जिला से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष मंडी प्रेम लाल गुड्डू ने शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर लोगों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से नाचन विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया और उनके शीघ्र समाधान की मांग की। प्रेम लाल गुड्डू ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को क्षेत्र में विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं, सड़कों, पेयजल और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। प्रेम लाल गुड्डू ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेगी। इस अवसर पर प्रेम लाल गुड्डू ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नए साल की शुभकामनाएं भी दीं और उनके स्वस्थ एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

मुख्यमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि प्रेम लाल गुड्डू की पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए उनके द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दों को सरकार गंभीरता से लेती है। प्रेम लाल गुड्डू पिछले 40 वर्षों से कांग्रेस पार्टी के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं और संगठन को मजबूत करने में उनका अहम योगदान रहा है। वे हमेशा आम लोगों की आवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

# चालान कर 1000 रुपए जुर्माना वसूला

अनंत ज्ञान, मंडी। जिला पुलिस मंडी ने हाल ही में नियमों के उल्लंघन को रोकने और सड़क सुरक्षा व सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 498 चालान जारी किए गए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 10 चालान किए गए, जिनसे 1000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई लोगों में कानून का पालन करने की जागरूकता बढ़ाने और सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस अधीक्षक मंडी, साक्षी वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों और सार्वजनिक कानूनों का पालन करें। उन्होंने चेताया कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नर्सिंग कॉलेज नेरचौक की इशिता बनी मिस फेयरवेल



नर्सिंग कॉलेज नेरचौक में विभिन्न शीर्षकों से सम्मानित छात्राएं प्रधानाचार्य के साथ।

विनोद, अनंत ज्ञान

नेरचौक। श्री लाल बहादुर शास्त्री, सरकारी नर्सिंग कॉलेज, नेरचौक में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान से विदा हो रहे विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर को सम्मानित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ बंदना प्रधानाचार्या नर्सिंग कॉलेज श्री लाल बहादुर शास्त्री गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नेरचौक तथा अन्य शिक्षकों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया, जिससे कार्यक्रम को गरिमामय एवं प्रेरणादायक आरंभ प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि डॉ वंदना ने विद्यार्थियों के संस्थान में बिताए गए समय को जीवन की अमूल्य धरोहर बतलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों द्वारा गीत एवं अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में शीर्षक चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इशिता को मिस फेयरवेल, मुस्कान शर्मा को प्रथम रनर-अप, अंजली को द्वितीय रनर अप, तनिशा को मिस इव, तनु जलाना को मिस पर्सनेलिटी, के खिताब से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और भी बढ़ गया।

# सरकाघाट बस स्टैंड पर संदिग्ध हालात में मिले व्यक्ति की मौत

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सरकाघाट थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की अस्वाभाविक मौत का मामला सामने आया है। पुलिस थाना सरकाघाट को गत देर रात को सूचना मिली कि सरकाघाट बस स्टैंड पर खड़ी बस एचपी-28ए-4011 के अंदर सीट पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से उसे सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया, जहां मेडिकल अधिकारी ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान मिलाप चंद पुत्र केहर सिंह निवासी गांव बाड़ू, डाकघर घरवासरा, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी के रूप में हुई। मृतक की उम्र 47 वर्ष बताई गई है। 2 जनवरी 2025 को हेड कांस्टेबल अजय कुमार नंबर 85 ने मृतक के परिजनों व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए। परिजनों ने मृत्यु को लेकर किसी भी प्रकार का संदेह व्यक्त नहीं किया है। मृतक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल सरकाघाट में करवाया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई जारी है।

# संधोल की शिखा ने शिक्षा में हासिल किया नया मुकाम

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**आईआईटी खड़गपुर में पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च के लिए हुई चयनित**

शिखा ठाकुर ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। संधोल क्षेत्र के गांव निचली बैरी की शिखा ठाकुर अब आईआईटी खड़गपुर से अपनी पोस्ट डॉक्टरल की पढ़ाई पूरी करेंगी। उनका चयन पोस्ट डॉक्टरल फेलो स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) खड़गपुर वेस्ट बंगाल के लिए हुआ है। डॉ. शिखा ठाकुर, पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च, डायबीटिज एंड कैंसर बायलॉजी आईआईटी खड़गपुर से करेंगी।



बता दें कि संधोल क्षेत्र से संबंध रखने वाली इस बेटी डॉ. शिखा ठाकुर ने हाल ही में पीएचडी (मेडिसिनल केमिस्ट्री) की उपाधि देश के प्रतिष्ठित संस्थान बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पिलानी राजस्थान से सफलतापूर्वक पूर्ण की थी। डॉ. शिखा ठाकुर की शैक्षणिक यात्रा अत्यंत प्रेरणादायक रही है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा मॉडल हाई स्कूल संधोल में हुई। इसके पश्चात उन्होंने सेंट पॉल स्कूल पालमपुर से उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रोहड़ू से बी. फार्मेसी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब से एम. फार्मा की उपाधि हासिल की और अंततः BITS पिलानी से पीएचडी पूर्ण कर सफलता का नया मुकाम हासिल किया। शिखा के पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो उनकी माता संध्या बरखाल गृहणी हैं, जबकि पिता राकेश बरवाल किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने शिक्षा को सदैव प्राथमिकता दी, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रेरणा के प्रमुख स्रोत उनकी बड़ी मम्मी पवना बरवाल और बड़े पापा राजेश बरवाल रहे हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी का 102 साल की आयु में निधन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**बैंड बाजे के साथ पूरी हुई अंतिम संस्कार की रस्में**



द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान की जेल में यातनाएं झेल चुके स्वतंत्रता सेनानी प्रेम दास शर्मा की पत्नी गीता देवी शर्मा का निधन 102 साल की आयु में होने के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ आई है। अपनी तीन पीढ़ियों को सामाजिक संस्कारों और देश सेवा में प्रोत्साहित करने वाली गीता देवी शर्मा के निधन पर हिंदू रीति रिवाज, मंत्रोच्चारण, पूरे सम्मान और बैंड बाजे के साथ अंतिम संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया।

इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने अंतिम शव यात्रा में हिस्सा लिया। ज्येष्ठ पुत्र राजकुमार शर्मा ने अपने चार भाइयों संतोष, रमेश, अनिल व सुनील शर्मा के साथ मां की अर्थी को कांधा दिया और मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्मों को पूरा किया। मिली जानकारी के अनुसार नववर्ष पर देर रात गीता देवी शर्मा ने अचानक तबीयत बिगड़ने पर पालमपुर के पैतृक गांव सुलह में अंतिम सांस ली। इसलिए शुक्रवार को पालमपुर के ही सुलह स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार की रस्मों को पूरा किया गया। विधायक प्रकाश राणा, पूर्व मंत्री गुलाब सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल, जिला भाजपा कार्यकारिणी की सदस्य मेघना ठाकुर, अपनत्व सेवा समिति के अध्यक्ष हरीश बहल, सनातन धर्मसभा मंदिर समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर शर्मा, व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता ओम मरवाह, अशोक सूद, विजय बावा, प्रेस क्लब जोगिंद्रनगर अध्यक्ष कैलाश चंद्र ने गीता देवी शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों के समक्ष संवेदनाएं व्यक्त की है।

**फोरलेन निर्माण की मार** एनएचएआई की लापरवाही से घर का रास्ता भी बंद

# खतरे में पूर्व सैनिक का दो मंजिला मकान

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

मंडी पठानकोट नेशनल हाइवे पर चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य के कारण द्रंग विधानसभा क्षेत्र के टांडू पंचायत के मेहर गांव के भूतपूर्व सैनिक तिलक राज का दो मंजिला मकान पूरी तरह से जर्जर हो गया है, जिस कारण पूरे मकान के गिरने का खतरा पैदा हो गया है।

पूर्व सैनिक तिलक राज ने बताया कि फोरलेन निर्माण कार्य के चलते अब उनके मकान को गिरने का खतरा पैदा हो गया है और जब एनएचएआई ने मंडी पठानकोट नेशनल हाइवे का कार्य कंपनी को सौंपा है कंपनी के वर्करों द्वारा अन्धाधुंध कटिंग की है जिसके चलते उनके घर और आसपास की पूरी जमीन धंस गई है। उन्होंने बताया कि इस बारे उन्होंने एनएचएआई, जिला उपायुक्त और एसडीएम को कई बार पत्राचार किया लेकिन उसके बावजूद भी उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि फोरलेन निर्माण कार्य की कटिंग के कारण उनके घर का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है और उनके घर को जाने वाली सीढ़ियां व आंगन का डंगा हवा में लटक गया है जिस कारण उन्हें अब घर को आने के लिए चार किलोमीटर पैदल चल कर आना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वे खुद भारत के सैनिक रह चुके हैं और उनका बेटा भी फौज में देश की सेवा कर रहा है उसके बावजूद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज ने कहा कि सैनिकों के परिवार के लिए घर बैठे न्याय दिलवाया जाएगा, लेकिन उन्हें अब खुद ही न्याय के लिए न्यायालय के चक्कर काटने पड़ेंगे। उन्होंने बताया कि समय रहते यदि एनएचएआई और जिला प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो आने वाली बरसात या उससे पहले उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार, एनएचएआई और जिला प्रशासन से मांग की है कि उनके पूरे मकान को फोरलेन निर्माण कार्य में ले लिया जाए या उनके घर के चारों तरफ सुरक्षा दीवार लगाई जाए, ताकि उनके मकान को गिरने का कोई खतरा न हो।



फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान की गई कटिंग से पूर्व सैनिक तिलक राज का मकान जर्जर होकर गिरने की कगार पर पहुंच गया।

# जोगिंद्रनगर बिलिंग कांप्लेक्स में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**ट्रायल सफल होने पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल्द लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर**

जोगिंद्रनगर। शहर के बिलिंग कांप्लेक्स में शुक्रवार से बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभाग चरणबद्ध तरीके से पुराने बिजली मीटर हटाकर उनकी जगह स्मार्ट मीटर स्थापित कर रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को अधिक पारदर्शी और सटीक बिलिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा सके बिजली विभाग के अनुसार स्मार्ट मीटर लगने से बिजली खपत की रियल टाइम जानकारी प्राप्त होगी। इससे न केवल मीटर रीडिंग से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि उपभोक्ता स्वयं अपनी बिजली खपत पर निगरानी रख सकेंगे। विभाग का मानना है कि इससे अनावश्यक बिजली उपयोग पर भी अंकुश लगेगा। स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू होते ही बिलिंग कॉम्प्लेक्स में दुकानदारों व उपभोक्ताओं के बीच इसे लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। कई उपभोक्ताओं ने इसे तकनीकी रूप से बेहतर और आधुनिक व्यवस्था बताया है, जबकि कुछ लोगों ने स्मार्ट मीटर से बिजली बिल बढ़ने की आशंका भी जताई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत बोर्ड जोगिंद्रनगर के अधिशासी अभियंता पूर्ण चंद्र ने बताया कि ट्रायल बेस पर जोगिंद्रनगर बाजार के साथ-साथ सरकारी विभागों, स्कूलों और कॉलेजों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो बहुत जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह से सरकारी मानकों के अनुरूप लगाए जा रहे हैं और इससे उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। विभाग के अनुसार आने वाले समय में जोगिंद्रनगर के अन्य क्षेत्रों में भी मीटर लगाने की योजना है।

# चिंतपूर्णी में साल में चढ़ा 32 करोड़ का चढ़ावा

## श्रद्धालुओं के विश्वास और आस्था से चिंतपूर्णी मंदिर में पिछले वर्षों से अधिक चढ़ावा प्राप्त

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चिंतपूर्णी।** विश्व विख्यात माता चिंतपूर्णी जी के दरबार में हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी की पावन पिंडी की दर्शन आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करके अपने मनोकामना सार्थक करते हुए मां के दरबार में खुले दिल से दान पेटी में नगद चढ़ावा भी चढ़ाते हैं।

इसी कड़ी में एक जनवरी 2025 से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर न्यास को 32 करोड़ 62 लाख 850275 रुपए नगद चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं ,जो की वर्ष 2023 और 24 के मुकाबले ज्यादा चढ़ावा प्राप्त हुआ है । श्रद्धालुओं द्वारा वर्ष 2023 में 30 करोड़ 77 लाख 40000 297 और वर्ष 2024 में 31 .90 करोड़ 2504 रुपए नगद चढ़ाव चढ़ाया गया। और इसी तरह 1 जनवरी 2025 से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक श्रद्धालुओं द्वारा 32 करोड़ 62 लाख 85 हजार 275 रुपए नगद श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ावे के रूप में मंदिर न्यास को



विश्व विख्यात माता चिंतपूर्णी जी के दरबार में पहुंची भीड़।

प्राप्त हुए हैं । हर वर्ष जैसे-जैसे श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है वैसे-वैसे श्रद्धालुओं द्वारा माता के खजाने में भी अधिक चढ़ना चढ़ाया जा रहा है।

श्रद्धालुओं द्वारा इस वर्ष भी पिछले वर्षों की तरह ज्यादा चढ़ावा चढ़ाया गया है इस वर्ष पिछले वर्षों के मुकाबले 72 लाख 82771 रुपए ज्यादा नगद प्राप्त हुए है ।चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की बेहद आस्था है और इसी आस्था के चलते वह खुलकर मां चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाते हैं और अपनी इच्छा शक्ति के अनुसार मां को नगद भेंट भी अर्पण करते हैं। इस संबंध में मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल,वित्त एवं लेखाधिकारी राजेंद्र कटोच ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से लेकर 31 दिसंबर 2025 तक वर्ष श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर न्यास को 32 करोड़ 62 लाख 85 275 नगद चढ़ने के रूप में प्राप्त हुए हैं। श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए चढ़ावे को मंदिर के विभिन्न विकासात्मक कार्यों में खर्च किया जाता है और श्रद्धालुओं को मंदिर प्रशासन की तरफ से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उधर मुख्य पुजारी एवं पुजारी बारीदार सभा के प्रधान रविंद शिंदा ने नव वर्ष के सफल आयोजन को लेकर मंदिर प्रशासन के उच्च अधिकारियों डीसी जतिन लाल, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, पुलिस अधीक्षक अमित यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, एसडीएम बंगाणा एवं मेला अधिकारी सोनू गोयल डीएसपी अनिल पटियाल, मंदिर अधिकारी अजय मड़ियाल, वित्त एवं लेखा अधिकारी राजेंद्र कटोच, मंदिर मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल मनीष धीमान , थाना प्रभारी चिंतपूर्णी जयराम कुमार शर्मा आदि का सफल आयोजन पर जिनके सहयोग से नव वर्ष में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ जन सैलाब को नियंत्रण करने में व सुरक्षा व कानून व्यवस्था को कायम रखने में सहयोग रहा है,पुजारी वर्ग द्वारा धन्यवाद किया है। जानकारी के ऊपर हेडिंग के साथ न्यूज़ बनाएं।

# पत्रकारों की समस्याओं पर सीएम से शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर ने कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश भर के पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। अनिल ठाकुर ने बताया कि पत्रकार कई वर्षों से मान्यता पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कार्य परिस्थितियों से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार जनहित से जुड़े मुद्दों को जनता और सरकार तक पहुंचाते हैं, लेकिन उन्हें कई मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। मांग पत्र में पत्रकारों के मान्यता पंजीकरण की प्रक्रिया सरल बनाने, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और दुर्घटना बीमा जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू करने, जिला एवं उपमंडल स्तर पर पत्रकार भवनों की स्थापना और प्रेस मान्यता समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने की मांग की गई। विधायक ने पत्रकारों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से देख रही है और मान्यता पंजीकरण समेत अन्य मुद्दों पर संबंधित विभागों से विचार-विमर्श कर समाधान निकालेगी। यूनियन जल्द ही राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें सीएम मुख्यातिथि होंगे और पत्रकारिता के विभिन्न विषयों पर मंथन होगा। अंत में अनिल ठाकुर ने विधायक विवेक शर्मा और मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि सरकार पत्रकारों की मांगों पर शीघ्र ठोस निर्णय लेकर पत्रकार समुदाय को राहत प्रदान करेगी।

# कुटलैहड़ के विकास पर सीएम से की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शिमला में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा प्रदेश के विकास, विशेषकर कुटलैहड़ क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े विषय प्रमुख रूप से उठाए गए। विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री के समक्ष कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी साझा की और भविष्य की आवश्यकताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में आधार भूत ढांचे को मजबूत करने, सड़कों की स्थिति सुधारने, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा शिक्षा सुविधाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र की जनता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को मुख्य मंत्री सुखविंद्र सुक्खू के समक्ष रखा।

इनमें ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुविधाओं की कमी, किसानों को कृषि से संबंधित योजनाओं का लाभ समय पर न मिल पाना, तथा कुछ क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दे शामिल रहे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यदि इन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, तो क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार जनहित से जुड़े कार्यों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य विकास को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना है और इसके लिए सभी विधायकों के सहयोग से योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात भी कही, ताकि कुटलैहड़ क्षेत्र की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू का समय देने और सकारात्मक आश्वासन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह भेंट क्षेत्र की जनता के लिए विकास की नई उम्मीदें लेकर आई है।

## न्यूज ब्रीफ

### अम्ब को नो पार्किंग जोन बनाने का विरोध

**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब को नो पार्किंग जॉन बनाए जाने को लेकर एससी मोर्चा प्रदेश सचिव ने विरोध जताया है। एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव मलकीत सिंह ने नगर पंचायत अंब में नो पार्किंग जोन बनाए जाने के फैसले पर कड़ा विरोध जताया है। इस निर्णय से स्थानीय दुकानदारों, आम जनता व विशेष रूप से बुजुर्गों व दिव्यांग लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मलकीत सिंह ने आरोप लगाया कि बिना जनभावनाओं व व्यावहारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखे यह फैसला लिया गया है। इससे व्यापार प्रभावित हो रहा है और लोगों को अनावश्यक दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। नगर पंचायत को कोई भी निर्णय लेने से पहले स्थानीय नागरिकों और व्यापार मंडल से विचार-विमर्श करना चाहिए था। एससी मोर्चा के प्रदेश सचिव ने डीसी से अपील की है कि इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करते हुए कोई वैकल्पिक और जनहित में निर्णय लिया जाए। उन्होंने मांग की कि नो पार्किंग जोन की समीक्षा की जाए और ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे यातायात भी सुचारु रहे और आम जनता को परेशानी भी न हो। मलकीत सिंह ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने इस मुद्दे पर जल्द उचित कदम नहीं उठाया, तो भाजपा व व्यापार मंडल जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### समिति ने छात्रवृत्ति योजना पर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** मानव कल्याण समिति की बैठक शुक्रवार को बंगाणा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष अमन कुमार ने की। बैठक में उपाध्यक्ष नितिन, महासचिव इंदू वाला, कोषाध्यक्ष सीमा, राजेश कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी समय में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली छात्रवृत्ति परीक्षा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसमें परीक्षा की तिथि, परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था, प्रश्न-पत्र के स्वरूप और परीक्षा को पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने को लेकर योजना बनाई गई। समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। वहीं, महासचिव अनिल शर्मा ने परीक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्र के सभी विद्यालयों से संपर्क करने का सुझाव दिया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। अंत में समिति सदस्यों मोहन लाल, सीमा देवी, विनोद कुमार सहित सभी उपस्थित सदस्यों ने छात्र हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### मेधावियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किए

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** शहीद भगत सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल हम्बोली में 2 जनवरी 2026 को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी ऊना संजीव कुमार भाटिया मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। बच्चों ने रंगारंग नृत्य, देशभक्ति गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह से प्रेरणा लेने और नशों से दूर रहकर अनुशासन और शिक्षा पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुआ।

### यातायात नियमों की अनुपालना का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय खड्ड में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना अशोक कुमार ने की। उन्होंने विद्यार्थियों और स्टाफ को हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और गुड समेरिटन नियमों के महत्व पर जानकारी दी। आरटीओ ने बताया कि जनवरी माह के दौरान पूरे देश में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है और हिमाचल प्रदेश में जिला ऊना के उपायुक्त के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय की सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी प्रो. आकृति जोशी एवं एनएसएस अधिकारी प्रो. वीरेंद्र सिंह ने भी छात्रों को सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# झूठ की बैसाखियों पर चल रही सरकार : राणा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के बंगाणा भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला। राजेंद्र राणा ने कहा कि वर्तमान प्रदेश की सुक्खू सरकार से आम जनता और कर्मचारी वर्ग दोनों ही दुखी हैं।

सरकार ने सत्ता में आने से पहले जो बड़े-बड़े वादे किए थे, वे अब केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार केवल झूठ की बैसाखियों के सहारे चल रही है और प्रदेश को आर्थिक रूप से गर्त में धकेलने का काम कर रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार का पूरा ध्यान केवल अपने मित्रों और चहेतों को खुश करने पर केंद्रित है। प्रदेश के सीमित संसाधनों और जनता के टैक्स के पैसे को निजी लाभ के लिए लुटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य ठप पड़े हैं, कर्मचारियों को समय पर सुविधाएं नहीं मिल रही और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद सरकार अपनी



राजेंद्र राणा के साथ देवेंद्र भुट्टो और अन्य गणमान्य।

पीठ थपथपाने में लगी हुई है। उन्होंने प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में सुक्खू सरकार ने करीब 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज लेकर एक नकारात्मक रिकॉर्ड बना दिया है।

यह कर्ज आने वाली पीढ़ियों पर भारी बोझ साबित होगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि सरकार यह स्पष्ट करे कि इतना कर्ज लेने के बाद प्रदेश को क्या मिला। न तो नई औद्योगिक इकाइयां आईं, न ही युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित हुए। प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने कहा कि कर्मचारियों से किए गए वादे भी अधूरे हैं। पुरानी पेंशन योजना, नियमितीकरण व अन्य मांगों को लेकर कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार संवेदनहीन हो चुकी है और केवल सत्ता बचाने की राजनीति कर रही है। इस अवसर पर कुटलैहड़ क्षेत्र में आगमन पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र राणा का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। भुट्टो ने कहा कि राजेंद्र राणा हमेशा प्रदेश और संगठन के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

# आठ जनवरी से शुरू होगी ऊना की प्रतिष्ठित स्टार फुटबाल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

फुटबाल के रोमांच व मदहोश कर देने वाले खेल का गवाह बनने के लिए तैयार हो जाएं।

जिला ऊना का फीफा कप कही जाने वाली स्टार फुटबाल ट्रॉफी के 52वें संस्करण का आयोजन आठ जनवरी से ग्यारह जनवरी तक होने जा रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंबोटा के खेल मैदान में वर्ष 1974 से आयोजित होती आ रही इस ट्राफी में खिलाड़ियों पर नकद पुरस्कारों की बरसात होगी। आयोजक समिति ने इस बार स्टार फुटबाल ट्राफी का थीम चिट्टा मुक्त ऊना रखा है। विजेता टीम को 51 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 41 हजार रुपए के नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। स्टार फुटबाल ट्रॉफी जिला ऊना की प्रतिष्ठित फुटबाल ट्रॉफी है। इसे जिला ऊना का फीफा कप भी कहा जाता है। इस ट्रॉफी में खेलना फुटबाल खिलाड़ी अपना सम्मान समझते हैं। यही वजह है कि प्रदेश ही नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों के फुटबाल खिलाड़ियों को इस ट्राफी का बेसब्री से इंतजार रहता है। आयोजक समिति ने इस ट्राफी के सफल आयोजन की सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। आयोजक समिति के हरदीप सिंह ने बताया कि ये ट्राफी तब शुरू हुई, जब वे युवा खिलाड़ी थे। उस समय भी ग्रामीणों में इसके प्रति जनून हुआ करता था जो आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि इस ट्राफी की बदौलत आज भी यहां के युवाओं की जान फुटबाल ही है। बेशक आज युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट होकर चिट्टे जैसे घातक नशे की ओर जा रही है लेकिन खेल ही है जो युवा पीढ़ी को भटकने से रोक सकते हैं। यही वजह है कि युवाओं में खेलों के प्रति जोश जगाने के लिए ऐसे आयोजन समय की जरूरत हैं।

# शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने नियमित प्रधानाचार्य पदोन्नति से संबंधित निर्णय के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

संघ का कहना है, कि इससे पहले प्रधानाचार्ययों की अस्थायी पदोन्नति होती थी, यह निर्णय वर्षों से लंबित एक महत्वपूर्ण मांग की पूर्ति है, जिससे शिक्षक वर्ग में उत्साह, आत्मविश्वास और कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार हुआ है। संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने कहा कि शिक्षा मंत्री के प्रयासों के कारण ही प्रधानाचार्यों की डीपीसी प्रक्रिया को लोक सेवा आयोग के स्थान पर शिक्षा विभाग के माध्यम से संपन्न करवाया गया। राजन शर्मा ने शिक्षा सचिव राकेश का भी आभार व्यक्त किया।

# कौशल विकास से सशक्त हो रहे ऊना के एससी/एसटी वर्ग

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

जिला ऊना में एससी/एसटी कारपोरेशन द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाएं आज जरूरतमंद परिवारों के लिए आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। कारपोरेशन की सकारात्मक और जनहितैषी कार्यशैली के चलते अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को सीधा लाभ मिल रहा है कारपोरेशन द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के तहत आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है, जिससे युवा अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर रहे हैं।

इसमें युवाओं द्वारा डेयरी कोई अन्य दुकान, तो कोई छोटा उद्योग स्थापित कर अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार योग्य बनाया जा रहा है। कारपोरेशन जिला ऊना की सफलता के पीछे यहां का बेहद



एससी/एसटी कारपोरेशन के सदस्य।

सहयोगी और संवेदनशील स्टाफ भी एक बड़ी वजह है। कार्यालय में कार्यरत जिला प्रबंधक सोहन सिंह, क्षेत्रीय सहायक बलविंदर कुमार, अनु नाहर, सविता ठाकुर सहित कर्मचारी दफ्तर में आने वाले हर व्यक्ति को न केवल सम्मानपूर्वक सुनते हैं, बल्कि उन्हें कारपोरेशन की सभी योजनाओं की सरल, स्पष्ट और पूरी जानकारी भी देते हैं। लोगों का कहना है कि यहां किसी को भटकना नहीं पड़ता। अधिकारी और कर्मचारी समय पर उपलब्ध रहते हैं और हर आवेदक को सही मार्गदर्शन के साथ पूरा सहयोग मिलता है। कारपोरेशन की कार्यशैली की एक और सराहनीय विशेषता यह है कि विभाग के कर्मचारी स्वयं गांव-गांव और पंचायतों के साथ संपर्क कर लाभकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हैं। इसके लिए विभिन्न पंचायतों में जागरूकता शिविर लगाए जाते हैं, जहां मौके पर ही इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन पत्र भरवाए जाते हैं और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करवाई जाती हैं। इससे दूर-दराज के लोगों को भी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना परेशानी के मिल रहा है।

महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महिला विकास निगम के माध्यम से महिलाओं को 1 लाख रुपए तक की सहायता पर 6 प्रतिशत की रियायती दर से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होकर अपने परिवार की आय में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कुल मिलाकर, एससी/एसटी कारपोरेशन जिला ऊना में सिर्फ योजनाएं नहीं चला रही, बल्कि भरोसा, सम्मान व आत्मनिर्भरता की एक मजबूत नींव रख रही है। यह सकारात्मक प्रयास आने वाले समय में और भी अधिक परिवारों के जीवन में बदलाव लाने वाला साबित होगा।

# शिवपुर में शास्त्री ने धुंधकारी प्रेत गोकर्ण की कथा का किया वर्णन



ठाकुर द्वारा मंदिर मुबारिकपुर में श्रीमद्भागवत कथा सुनते लोग।

**अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर**

ठाकुर द्वारा मंदिर मुबारिकपुर (शिवपुर) में श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन श्री कृष्ण शास्त्री ने नारद की भक्ति व ज्ञान बैराग्य पर चर्चा की। श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करने से ज्ञान व वैराग्य तंदुरुस्त हो गए।

शास्त्री ने धुंधकारी प्रेत और गोकर्ण की कथा का वर्णन किया और किस प्रकार धुंधकारी का जन्म व गोकर्ण के जन्म बारे विस्तार से बताया। धुंधकारी बुरे काम करने से अत्याचारी बन गया और कुछ समय बाद उसे मार दिया गया। ओर जमीन में गाड़ दिया गया। धुंधकारी प्रेत योनि में चला गया फिर गोकर्ण ने अपने भाई धुंधकारी को श्रीमद्भागवत कथा का पाठ सुनाया और पाठ सुनने के बाद धुंधकारी को प्रेत आत्म से छुटकारा मिल गया। इस तरह आज की कथा का विराम हुआ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

**प्रतिभा** | वाराणसी में चार से 11 तक होगी राष्ट्रीय 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता

# वॉलीबाल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए टीम रवाना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आगामी 4 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होने जा रही 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप में राज्य की महिला वॉलीबाल टीम पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लेने जा रही है।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से शीर्ष टीमें भाग लेंगी। राज्य वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव मदन राणा ने टीम की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। राज्य की महिला टीम में अंबिका, दिशु, तलवी, तनिशा, भावना, नेहा, प्रीति, अवंतिका, ओजस्वी, निहारिका, सरिष्टि, मुस्कान, सलोनी और सनेहा को शामिल किया गया है। टीम का मार्गदर्शन अनुभवी कोच अंकुर शर्मा करेंगे, जबकि सहायक कोच निधिका खिलाड़ियों के प्रशिक्षण में सहयोग देंगी। खिलाड़ियों की फिटनेस और चोटों की देखरेख की जिम्मेदारी फिजियो विनय कौंडल को सौंपी गई है।



हिमाचल की महिला वॉलीबाल टीम।

वहीं, टीम प्रबंधन की भूमिका मैनेजर संजीव राणा निभाएंगे। महासचिव मदन राणा ने बताया कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है।

टीम ने प्रतियोगिता के लिए कड़ा अभ्यास किया है और सभी खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन 4 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

इसके साथ ही अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर की गरिमामयी उपस्थिति प्रतियोगिता को और भी गौरवपूर्ण बनाएगी। मदन राणा ने कहा कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत देश में खेलों को नई दिशा दी जा रही है। वॉलीबाल फेडरेशन इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि वीरेंद्र कंवर की अध्यक्षता में फेडरेशन का मुख्य उद्देश्य गांव व ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों की छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वॉलीबाल जैसे खेलों में ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों में अपार क्षमता है, जरूरत है तो सिर्फ उन्हें सही मंच और मार्गदर्शन देने की। वाराणसी में होने वाली यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ भारतीय वॉलीबॉल के भविष्य को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। राज्य की महिला टीम से खेल प्रेमियों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और सभी खिलाड़ी राज्य का नाम गौरवान्वित करने के लिए पूरी मेहनत से मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

# आज से पांच तक होंगी भाजपा मंडलों की बैठकें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा के प्रदेश सह-प्रभारी संजय टंडन, प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक अमित, जिला प्रभारी रश्मिधर सूद व जिला सह प्रभारी विशाल चौहान तीन जनवरी से पांच जनवरी तक जिला ऊना के प्रवास पर रहेंगे। इन तीन दिनों में जिला के विभिन्न अलग-अलग स्थानों में महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में भाजपा के जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास ने शुक्रवार को बताया कि तीन जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे विस क्षेत्र गगरेट की बैठक केडी रिसोर्ट, संघनई में और दोपहर 2 बजे विस क्षेत्र चिंतपूर्णी की बैठक महफिल पैलेस मुबारिकपुर रोड में आयोजित होगी। वहीं, चार जनवरी को सुबह 10 बजे विस क्षेत्र कुटलैहड़ की बैठक सामुदायिक भवन समूर कलां में और दोपहर दो बजे विस क्षेत्र हरोली की बैठक जिला भाजपा कार्यालय ऊना में आयोजित होगी। उसके बाद पांच जनवरी की सुबह 10 बजे विस क्षेत्र ऊना की बैठक जिला भाजपा कार्यालय ऊना में आयोजित होगी। उन्होंने जिला के सभी मंडलों, मोर्चों के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को बैठक में हिस्सा लेने की अपील की है।

# रघवीर सिंह ने खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोल**

चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरयालता में खेलों को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभाओं का हौसला बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए रिटायर्ड कर्नल रघवीर सिंह ने तलमेहड़ा के गांव से हाल ही में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज ऊना में 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतने वाले युवा धावक बंश ठाकुर तथा सदाशिव युवा तलमेहड़ा टीम के वॉलीबाल खिलाड़ियों के सम्मान में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर एक भव्य समान समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम खेल भावना, अनुशासन और मेहनत को सम्मान देने का सशक्त मंच बना।

इस उपलक्ष्य पर स्थानीय युवा समाजसेवी सन्नी शर्मा, स्थानीय प्रधान राकेश धीमान, पूर्व उपप्रधान जीवन सिंह, रिटायर्ड कैप्टन मदन ठाकुर, अजीत ठाकुर, रणवीर सिंह, रघुवीर सिंह संगम, रिटायर्ड अध्यापक रणधीर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान कर्नल रघवीर सिंह ने बंश ठाकुर की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कम उम्र में जिला स्तर की सोच और कड़ी मेहनत के दम पर गोल्ड मेडल जीतना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि बंश जैसे खिलाड़ी आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं और यदि उन्हें सही मार्गदर्शन



गोल्ड मेडलिस्ट वंश ठाकुर को सम्मानित करते हुए रघवीर सिंह व युवा समाजसेवी।

व सुविधाएं मिलें तो वे देश का नाम राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर रिटायर्ड कर्नल रघुवीर सिंह,पंचायत प्रतिनिधियों एवं समासेवी सन्नी शर्मा द्वारा बंश ठाकुर को टोपी, शॉल और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सदाशिव युवा क्लब तलमेहडा के वॉलीबाल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कर्नल रघवीर सिंह ने टीम भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि वॉलीबाल जैसे सामूहिक खेल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग और शारीरिक-मानसिक मजबूती विकसित करते हैं। समारोह में खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्होंने आगे भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। समारोह का माहौल उत्साह और जोश से भरा रहा। युवा समाजसेवी सन्नी शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों से भी प्रतिभाएं सामने आती हैं। कार्यक्रम के अंत में रिटायर्ड कर्नल रघवीर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को नव वर्ष एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं।

उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाने और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर सदा शिव युवा क्लब टीम के सभी वॉलीबॉल खिलाड़ियों एवं क्षेत्र के युवाओं एवं गणमान्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर बलकार सिंह, बंटी शर्मा, लक्की शर्मा, ओपी शर्मा, शिवम, सोमनाथ सोनी, अभिषेक डोगरा, अनिल कुमार, विक्की शर्मा, देशराज शर्मा, सोमनाथ शर्मा, सोमनाथ, राहुल शर्मा एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# अब गर्मियों में होगा रोहतांग व शिंकुला दर्रे का दीदार

## पर्यटकों के लिए बंद हुआ रोहतांग व शिंकुला दर्रा, जिला प्रशासन ने जारी की अधिसूचना, गुलाबा में स्थापित की चैक पोस्ट

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू/केलांग।** गर्मियों में सैलानियों की पहली पसंद रहने वाला रोहतांग दर्रा व शिंकुला दर्रा सर्दियों के चलते बंद हो गया है। अब पर्यटक दर्रे के दीदार गर्मियों में ही कर सकेंगे।

जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति ने शिंकुला बंद को लेकर जबकि जिला प्रशासन कुल्लू ने रोहतांग दर्रे को बंद करने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। रोहतांग दर्रा बंद करने के साथ साथ मढ़ी से अस्थाई चैक पोस्ट को गुलाबा स्थापित कर दिया है। रोहतांग दर्रे की ओर अब पर्यटक मनाली से 20 किमी दूर गुलाबा पर्यटन स्थल तक ही जा सकेंगे। गुलाबा पर्यटन स्थल तक भी पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। दूसरी ओर लाहौल-स्पीति प्रशासन ने शिंकुला दर्रा बंद कर दिया है। शिंकुला की ओर जाने



रोहतांग दर्रे में बर्फ के बीच मस्ती करते पर्यटक। (फाइल फोटो)

वाला पर्यटक अब दारचा से 20 किमी दूर जांस्कर समदो तक ही जा सकेंगे। हालांकि हिमपात होता है तो पर्यटकों को न गुलाबा और न ही जांस्कर समदो जाने की जरूरत रहेगी।

हिमपात होने की सूरत में मनाली का मशहूर पर्यटन स्थल सोलंगनाला पर्यटकों का स्नो प्वाइंट बनेगा। लेकिन जब तक पर्याप्त हिमपात नहीं होता है तब तक पर्यटक गुलाबा, जांस्कर समदो, कोकसर, अटल टनल की ओर जा सकेंगे। बहरहाल जिला प्रशासन लाहुल स्पीति ने शिंकुला व जिला प्रशासन कुल्लू ने रोहतांग दर्रा पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। जिला प्रशासन कुल्लू ने बिगड़ते मौसम एवं सुरक्षा कारणों के मद्देनजर गुलाबा से आगे रोहतांग तक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है।

उपायुक्त-एवं-जिला दंडाधिकारी कुल्लू, तोरुल एस रवीश की ओर से जारी आदेश के अनुसार गुलाबा से आगे सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। उप-मंडलाधिकारी (ना.) मनाली द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार 2 जनवरी 2026 को पलचान से रोहतांग मार्ग का संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें पुलिस, डीटीडीओ एवं बीआरओ के प्रतिनिधि शामिल थे।

निरीक्षण के दौरान इस मार्ग क्षेत्र में बर्फबारी, ब्लैक आइसिंग एवं शून्य से नीचे तापमान पाए जाने के कारण मार्ग को असुरक्षित बताया गया। जन-सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी कर यातायात केवल गुलाबा तक ही अनुमति दी गई है, जो कि समय-समय पर माननीय एनजीटी द्वारा जारी शर्तों के अनुसार होगी। साथ ही मढ़ी स्थित पुलिस चेक पोस्ट को स्थानांतरित कर गुलाबा किया जाएगा।

# नवजोत सिंह सिद्धू ने भुंतर एयरपोर्ट कर्मचारियों की जमकर की सराहना

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एवं वरिष्ठ राजनीतिज्ञ नवजोत सिंह सिद्धू ने अभी हाल ही में कुल्लू मनाली का दौरा किया। अपने प्रवास के दौरान वापसी में उन्होंने भुंतर एयरपोर्ट की एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड की है।

इस वीडियो में उन्होंने कुल्लू के भुंतर एयरपोर्ट की व्यवस्थाओं और वहां तैनात कर्मचारियों के व्यवहार की सराहना की है। सिद्धू ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपने अनुभव साझा करते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी कई बार कुल्लू आ चुके हैं, लेकिन हवाई सेवा शुरू होने के बाद यात्रा काफी सुगम हो गई है। सिद्धू के अनुसार, पहले अमृतसर से कुल्लू वाहन में पहुंचने में 8 से 9 घंटे का समय लग जाता था जबकि अब यह दूरी महज 45 मिनट में तय हो रही है जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बचत हो रही है। नवजोत सिंह सिद्धू ने भुंतर एयरपोर्ट के स्टाफ के व्यवहार की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश के कई प्रमुख एयरपोर्ट देखे हैं, लेकिन यहां जैसा अपनापन और सौहार्द कहीं और देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट मैनेजमेंट और कर्मचारियों का सहयोग यात्रियों को सहज और सम्मानजनक अनुभव प्रदान करता है। अपने विशिष्ट शायराना अंदाज में सिद्धू ने कहा कि जहां प्रेम और आत्मीयता होती है, वहां औपचारिक परिचय की आवश्यकता नहीं रहती। उन्होंने यह भी कहा कि प्रेम इंसान को बेहतर और संवेदनशील बनाता है। अंत में सिद्धू ने भुंतर एयरपोर्ट प्रबंधन का आभार जताते हुए अपने अनुभव को दिल को छू लेने वाला बताया और कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को नई गति प्रदान करेंगी।

# रामशिला-जिया एनएच पर सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** रामशिला-जिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक बाइक से सड़क मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान उसने अचानक संतुलन खो दिया और दुर्घटना का शिकार हो गया। कुछ समय बाद युवक तलोगी के पास सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलते ही भुंतर थाना में तैनात हेड कांस्टेबल तिलक राम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक मदन लाल कौशल ने बताया कि मृतक की पहचान पीयूष (19) पुत्र देव किरण निवासी पलोंट, जाओं, निरमंड जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों को लेकर सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।




कुल्लू कॉलेज की छात्रा अदिति।

# कुल्लू कॉलेज की छात्रा अदिति राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के बदाह क्षेत्र की छात्रा अदिति ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शिक्षा ग्रहण कर रही अदिति का चयन आगामी राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए हुआ है। यह राज्य के लिए एक अत्यंत गर्व का विषय है, क्योंकि इस महोत्सव के माध्यम से अदिति को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद करने और उनके समक्ष अपनी बात रखने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होने जा रहा है। कुल्लू कॉलेज के प्राचार्य सहित अन्य विद्यार्थियों ने छात्रा को राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतिम चरण के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# पीएम किसान योजना का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य : ऋतु

## सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने के लिए करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला कृषि उपनिदेशक ऋतु गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा केंद्र सरकार की अन्य कृषि योजनाओं का लाभ पाने के लिए अब किसानों को किसान रजिस्ट्री में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि किसान अपने निकटतम लोकमित्र केंद्र, जन सुविधा केंद्र में जाकर निशुल्क किसान पहचान संख्या बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एग्री-स्टैक का उद्देश्य देश के कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, किसानों की स्पष्ट पहचान बनाना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे, पारदर्शी एवं समय पर पात्र किसानों तक पहुंचाना है। इस व्यवस्था के लिए एक समग्र डाटा तंत्र तैयार किया जा रहा है, जिसमें किसान, उनकी भूमि, फसल और योजनाओं से संबंधित



समस्त विवरण एक ही स्थान पर दर्ज रहेगा। कृषि उपनिदेशक ने बताया कि किसान रजिस्ट्री के माध्यम से हर किसान को विशेष डिजिटल पहचान संख्या मिलेगी। इससे योजनाओं का लाभ पहुंचाने में पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया सरल हो जाएगी। किसानों को सुलभ ऋण, तकनीकी सलाह, फसल बीमा, अनुदान तथा विपणन की सुविधा उपलब्ध करवाने में यह प्रणाली महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान पहचान संख्या बनने के बाद किसान प्रधानमंत्री किसान योजना, फसल बीमा योजना, खाद-बीज सब्सिडी व अन्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया कि निशुल्क पंजीकरण अवश्य करवाएं, ताकि कोई पात्र किसान लाभ से वंचित न रहे। पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, भूमि से संबंधित दस्तावेज (खसरा,खतौनी संख्या) आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर जरूरी है। ऋतु गुप्ता ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, ताकि किसानों को इस नई व्यवस्था का लाभ मिल सके और वे योजनाओं तक सरलता से पहुंच सकें। अंततः, यह व्यवस्था किसानों को एकीकृत पहचान, पारदर्शिता, समय पर लाभ और सरकारी योजनाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# थर्मोकोल उत्पादों के उत्पादन, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** एसडीएम केलांग कुनिका अकर्स ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में थर्मोकोल से निर्मित सभी प्रकार के उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण, खुले बाजार में बिक्री तथा उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।उन्होंने बताया कि यह निर्णय जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है, क्योंकि थर्मोकोल पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा इसके अपशिष्ट के निस्तारण में गंभीर समस्याएड्ड उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाले किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था के विरुद्ध प्रचलित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों को नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने तथा प्रभावी प्रवर्तन अभियान चलाकर आदेशों का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आम जनता, व्यापारियों एवं सभी संबंधित हितधारकों से अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और पर्यावरण संरक्षण के व्यापक हित में पर्यावरण-अनुकूल एवं सतत विकल्पों को अपनाएं।

# युवा पीढ़ी 'नशा छोड़ो और सपने जोड़ो' : नकुल खुल्लर

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली के शशांक मॉडल स्कूल गोजरा का 30वां वार्षिक समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बडागढ़ रिज़ॉर्ट एंड स्पा के निदेशक एवं एक्सीलेंस अवार्ड विजेता नकुल खुल्लर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नरंतक शर्मा एवं प्रबंध निदेशक लक्ष्मी शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।मुख्य अतिथि नकुल खुल्लर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को प्रेरक संदेश देते हुए कहा नशा छोड़ो और सपने जोड़ो। 'उन्होंने कहा कि युवा शक्ति ही देश का भविष्य है और नशे से दूर रहकर ही जीवन में सफलता और अपने सपनों को साकार किया जा सकता है।

विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया।

## पतलीकूहल में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन

# शहद उत्पादन और विपणन की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू स्थित पतलीकूहल (पीएनबी आरसेटी) द्वारा दिसबंर माह में 20 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। इसमें 28 प्रशिक्षुओं न भाग लिया।

20 दिवसीय कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय के माध्यम से सफल उद्यमी बनने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम में सफल उद्यमी बनने के लिए और अपनी व्यापारिक गतिविधियों को सही ढंग से चलाने के लिए वह उद्यमिक क्षमताओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उद्यमिक क्षमताए जैसे स्वप्रेरणा, अवसरों की पहचान व उनका प्रयोग, निरंतरता, सूचनाओं को खोजना, क्वालिटी प्रबंधन, समस्या का समाधान, आत्मविश्वास, विश्वसनीयता आदि के बारे में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को सफल उद्यमी से मुलाकात करने के लिए दीन दयाल मधुमक्खी फॉर्म में फील्ड भ्रमण करवाया गया और सभी प्रशिक्षुओं ने सफल उद्यमी से मुलाकात कर सफल उद्यमी बनने के टिप्स प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त सभी प्रशिक्षुओं को कृषि विज्ञान केंद्र झिडी में भ्रमण भी करवाया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में उप निदेशक उद्यान विभाग कुल्लू डा. राजकुमार, विषय विशेषज्ञ उद्यान विभाग डॉ. बिंदु शर्मा ने शिरकत की। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को उद्यान विभाग द्वारा संचालित मधुमक्खी पालन से संबधित योजनओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शहद की गुणवता को बढ़ाने और मार्केटिंग के विषय में जानकारी दी।

### बाजार और क्वालिटि प्रबंधन की जानकारी दी

**निदेशक** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कुल्लू नारायण सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सफल उद्यमी बनने के टिप्स देते हुए बाजार प्रबंधन और क्वालिटि प्रबंधन की जानकारी दी और उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के बाद भी दो साल तक आरसेटी कुल्लू द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार को अपनाकर अपनी आजिविका खुद कमाने के लिये सहायता की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम समन्वयक पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) कुल्लू सौरभ उपाध्याय ने सभी प्रशिक्षुओं को और अतिथियों को कार्यकम की शोभा बढ़ाने के लिए हार्दिक धन्यवाद किया और इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# पंचायतों के विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला परिषद की एक विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद से विभिन्न पंचायतों को स्वीकृत किए गए समस्त बजट एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती वीना देवी ने की। इस बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध, सदस्य दौरजे, जिला पंचायत अधिकारी सचिन ठाकुर, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव, कनिष्ठ अभियंता (छ्वश्वश्व) एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। जिला परिषद अध्यक्ष वीना देवी ने अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत योजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। बैठक में उपस्थित सभी जिला परिषद सदस्यों ने अपने-अपने वार्ड से जुड़े विभिन्न विकासात्मक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया तथा उनके शीघ्र समाधान की मांग की। अधिकारियों द्वारा सदस्यों को आश्वस्त किया गया कि उठाए गए मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी से की दिन की शुरुआत



राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में एनएसएस स्वयंसेवी देवता के मंदिर में माथा टेकते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएसएस इकाई राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में शुक्रवार को 7 दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन था।

इसमें हर दिन की भांति स्वयंसेवियों द्वारा अपने दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से की गई। प्रभात फेरी कॉलेज से ढालपुर हनुमान मंदिर तक और वापस कॉलेज आ गए। उसके बाद सभी स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास किया। उसके बाद सभी स्वयंसेवी विशेष सत्र के लिए मल्टीपरपज हॉल में इकट्ठा हो गए।

आज के विशेष सत्र में कार सेवा दल के संस्थापक मनदीप सिंह स्वयंसेवियों के बीच अपने विचार प्रकट करने के लिए उपस्थित हुए। उन्होंने स्वयंसेवियों को कार सेवा दल के कार्य की जानकारी दी और स्वयंसेवियों को समाज सेवा के प्रति जागरूक भी किया, उसके पश्चात स्वयंसेवियों ने नव वर्ष 2026 के स्वागत पर रोटरी क्लब कुल्लू के साथ मिलकर बादाह बिहाली में कोलष, दयार व कायल के लगभग 200 पेड़ लगाकर नव वर्ष का शुभारंभ किया।

इसमें प्रोग्राम ऑफिसर डॉक्टर खेमचंद, रोटरी क्लब कुल्लू के अध्यक्ष पूजा सूद, डॉ. पीडी लाल, मुख्य रूप से हमारे बीच उपस्थित रहे।

# छह को कुल्लू जिला गुरिल्ला संघ की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला गुरिल्ला संगठन कुल्लू की मासिक बैठक छह जनवरी को ढालपुर कुल्लू में होगी। बैठक की अध्यक्षता कुल्लू संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह राणा करेंगे और ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से इस बैठक में हाजिर रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह नए साल की पहली व महत्वपूर्ण बैठक होगी। इसमें नई कार्यकारिणी का चुनाव भी किया जाएगा। 15 जनवरी को हमारे केस की दिल्ली हाइकोर्ट में महत्वपूर्ण सुनवाई हो सकती है। उस सुनवाई में गुरिल्लाओं की किस्मत का फैसला हो, उससे पहले हमने हाइकोर्ट में फाइनल लिस्ट दोबारा लगानी है, जो न ही कोर्ट फीस दे रहे हैं और न ही मीटिंग अटैंड कर रहे हैं, उनका नाम फाइनली काटा जाएगा, जो इस केस में जुड़ना चाहते हैं, उनको कोर्ट फीस देनी होगी, तब उनका नाम लिस्ट में जोड़ा जाएगा। फाइनल लिस्ट में अब हमारे पास केवल 700 गुरिल्लाओं के ही नाम होंगे, इसलिए उस दिन सबका मीटिंग में आना जरूरी है, अगर कोई छूट जाता है, तो संगठन इसके लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

**एतराज** देव आदेशों व देव संस्कृति का हो रहा खंडन, इन दिनों देवी-देवता होते हैं स्वर्ग प्रवास पर

# विंटर कार्निवाल मनाली की तिथि बदलना दुर्भाग्यपूर्ण: गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने विंटर कार्निवाल मनाली की तिथि में किए गए बदलाव पर कड़ा ऐतराज जताया है।

उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवाल की पारंपरिक तिथि पहले 2 से 6 जनवरी तक निर्धारित रहती थी, जिससे पर्यटन और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिलता था, लेकिन अब इसे बदलकर 20 से 24 जनवरी कर देना दुर्भाग्यपूर्ण है और यह देव संस्कृति के अनुरूप नहीं है। गोविंद ने कहा कि इन दिनों मनाली और देवभूमि कुल्लू में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर होते हैं। देव परंपराओं के अनुसार इस अवधि में कई प्रकार के प्रतिबंध लागू रहते हैं। उन्होंने बताया कि देव आदेश के चलते इन दिनों न तो खेतों की खुदाई की जाती है और न ही किसी प्रकार का शोर-शराबा किया जाता है। यहां तक कि रेडियो और टेलीविजन चलाना भी वर्जित माना जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद सरकार द्वारा इन तिथियों में बड़े स्तर का आयोजन करना स्थानीय लोगों की आस्था और देव संस्कृति का खुला अनादर है। गोविंद ने कहा कि कुछ कांग्रेसी नेताओं का तर्क है कि विंटर कार्निवाल की तिथि मुख्यमंत्री सुक्खू के कैलेंडर के आधार पर तय की गई है। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कैलेंडर ही अस्त-व्यस्त है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री न तो कुल्लू दशहरा पर्व के समापन समारोह में पहुंचते हैं और न ही विंटर कार्निवाल के शुभारंभ में शामिल होते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मुख्यमंत्री का कैलेंडर अब देव आस्था और परंपराओं से भी बड़ा हो गया है। पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ने धर्मशाला में एक कॉलेज छात्रा की कथित प्रताड़ना के बाद हुई मौत को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना सरकार की नालायकी और कानून-व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। गोविंद ने कहा कि सरकार व पुलिस प्रशासन को इस मामले में तुरंत कड़ा संज्ञान लेना चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत संवेदनशील है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। पूर्व मंत्री ने बताया कि मृतक छात्रा अनुसूचित जाति से संबंध रखती थी।

उन्होंने मांग की कि यदि उसके साथ किसी भी प्रकार की जातिगत आधार पर प्रताड़ना की मंशा रही है, तो इस पहलू की भी गहन जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार छात्रा को पहले रैगिंग का शिकार होना पड़ा और बाद में कॉलेज के एक प्रोफेसर द्वारा दुराचार किया गया, जिसका उल्लेख छात्रा ने मृत्यु से पहले अपने बयान में किया है। गोविंद ने कहा कि छात्रा के अंतिम बयान को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष और त्वरित जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए तुरंत कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## पानी के बढ़े बिलों से जनता को लूट रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूट रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषदों और नगर निकायों में पानी के बिल 500 गुना तक बढ़ा दिए गए हैं, जिससे आम जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि जब जनता ने बढ़े हुए पानी के बिलों का विरोध किया तो कुल्लू दौरे के दौरान प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्वयं कहा था कि पानी के ये बिल न भरे जाएं और इन्हें माफ कर दिया जाएगा। इसी तरह कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने भी जनता को भरोसा दिलाया था कि पानी के बिल माफ होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन के बाद जब उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किए, तो जलशक्ति विभाग ने उल्टा भारी-भरकम जुर्माने के साथ नए बिल भेज दिए। नए बिलों में यह कहते हुए पेनल्टी जोड़ी गई कि पिछला बिल क्यों नहीं भरा गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह स्थिति केवल कुल्लू जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश में जनता को इसी तरह परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार से दुखी और निराश है। गोविंद सिंह ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू जल कनेक्शनों के बिल नहीं आते थे, लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में भी पानी के बिल भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई और इस तरह की नीतियों से जनता का इस 'लूटमार सरकार' से मोहभंग हो चुका है और लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# ट्रांसजेंडर के सम्मान व अधिकारों पर मंथन



ट्रांसजेंडर अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए विशेष अभियान संपन्न।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली और सेवा भारती हिमाचल प्रदेश के संयुक्त प्रयास में ट्रांसजेंडर के अधिकारों के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया।

विश्व जागृति मिशन के सहयोग से आयोजित इस अभियान के तहत जिला कुल्लू और मंडी में तीन अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य कार्यक्रम 29 दिसंबर 2025 को कुल्लू के आनंद वरदान सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और पुनर्वास जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण अधिनियम 2019 और नियम 2020 पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि समाज और परिवार में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सम्मानजनक स्थान मिलना चाहिए और सरकार द्वारा प्रदत्त अधिकारों का लाभ उन तक पहुंचना अनिवार्य है।

कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं और 24 ट्रांसजेंडरों ने भाग लिया। महिला मंडल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स, युवक मंडल, बजरंग दल और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी व अध्यापक इसमें शामिल हुए। इससे पूर्व मंडी के स्वामी विवेकानंद छात्रावास और मनु हेल्थ सेंटर शास्त्र सोसाइटी घुड़दौड़ में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंडी के कार्यक्रम में पीपीटी प्रेंटेशन के माध्यम से विशेषज्ञों ने अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मनु हेल्थ सेंटर के कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लेकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के संकल्प को दोहराया। ऋषि पाल डडवाल चेयरमैन, विद्या देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय संयोजक सेवा भारती, राकेश कुमार संगठन मंत्री, सेवा भारती हिमाचल प्रदेश, शोभा ठाकुर महामंडलेश्वर, हिमाचल प्रदेश, रवीना बरिहा और विद्या राजपूत विषय विशेषज्ञ, राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर परिषद, डिणे राम व आलम चन्द पदाधिकारी, शास्त्र सोसायटी और प्रकाश ठाकुर, करदार देवता गणपति घुड़दौड़ ने इन कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

न्यूज ब्रीफ

## कल नाहन में आयोजित होगा किसान मेला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) द्वारा आगामी 4 जनवरी को एसएफडीए हॉल नाहन में किसान मेला आयोजित किया जाएगा। कृषि अधिकारी खंड परियोजना प्रबंधन इकाई नाहन डॉ. ऋषभ ने बताया कि इस किसान मेले में जिला सिरमौर, सोलन तथा शिमला के कुपवी व नेरवा के लाभार्थी किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों की जानकारी व कृषि विशेषज्ञों के साथ विशेष संवाद भी किया जाएगा।

## प्री-आरडी कैंप में रोवर्स का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के तीन रोवर्स ने मंडी के रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय प्री आरडी परेड चयन शिविर में भाग लिया। भारत स्काउट एवं गाइड्स राजकीय प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित प्री आरडी चयन शिविर 26 से 30 दिसंबर तक चला। इस कैंप में राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ से बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अंतरिक्ष व पीयूष और उज्जवल बीए द्वितीय वर्ष के छात्र ने हिस्सा लिया। पांच दिवसीय कड़े प्रशिक्षण के दौरान इन रोवर्स ने परेड, योगाभ्यास, मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। महाविद्यालय के रोवर यूनिट प्रभारी डॉ अभिषेक कुमार ने बताया कि कॉलेज के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि तीनों रोवर्स ने प्री आरडी चयन शिविर में सफलता ग्रहण किया और साथ ही में यह आशा जताई कि तीनों रोवर्स का का चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए होगा। इस शानदार उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेंद्र वर्मा ने पूरी रोवर्स और रेंजर्स यूनिट को बधाई दी है साथ ही उन्होंने भविष्य में भी छात्रों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## 5 जनवरी को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 5 जनवरी, 2026 को 33 के.वी. कण्डाघाट फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 5 जनवरी को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक कंडाघाट, दोलग, परोथा, डेढ़घराट, शनेच, टिक्कर, मही, सिरीनगर, हाथो, पलेच, शलुमाणा, हिम्मुडा, वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी, भारा, आंजी ब्राह्मणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, क्यारी बंगला, बीशा, बाशा, सुरो, जेपी विश्वविद्यालय, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल, जीत नगर, आलमपुर, भलावग, हिन्नर, कुरगल, मिहाली, बिनू, परोथा, डुबलू, टिक्कर, नगाली तथा आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम एवं अन्य कारणों से उपरोक्त तिथि तथा समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## भूपेंद्र बने बार एसोसिएशन अर्की के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, अर्की।** बार एसोसिएशन अर्की के चुनाव शुक्रवार को चुनाव अधिकारी व वरिष्ठ अधिवक्ता तुलसीराम ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर भूपेंद्र कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अजय कौशल, महासचिव प्रेमलाल सहगल, कोषाध्यक्ष रमन शर्मा, प्रेस सचिव नितीश भारद्वाज, लाइब्रेरियन के पद पर अमित ठाकुर का चयन हुआ। यह जानकारी अर्की न्यायालय में कार्यरत एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर ने जानकारी दी। इस अवसर पर बार के सभी सदस्यों ने नव चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष जोगेंद्र ठाकुर व उनके साथ पूरी कमेटी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार शर्मा ने बार के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और भविष्य में सभी सदस्यों के साथ मिलजुल कर बार के लिए श्रेष्ठ कार्य को पूरा करने का विश्वास व भरोसा दिलाया।

## ऑनलाइन फार्मर पंजीकरण को मिली गति

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में ऑनलाइन फार्मर पंजीकरण योजना के तहत किसानों का पंजीकरण तेजी से आगे बढ़ रहा है। योजना के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते महज दो दिनों के भीतर लगभग 500 किसानों ने अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरा कर लिया है। ऑनलाइन फार्मर पंजीकरण का मुख्य लाभ यह है कि किसान से संबंधित भूमि, फसल और पहचान से जुड़ा पूरा विवरण एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहेगा। इसके बाद किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए बार-बार खतौनी या अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। कृषि उपनिदेशक डॉ. राजकुमार ने बताया कि पंजीकरण और ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक किसान को एक यूनिक फार्मर आईडी जारी की जाएगी। इसी आईडी के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि सहित खेती से जुड़ी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों को पारदर्शी तरीके से प्रदान किया जाएगा।

## शिक्षा मंत्री 5 जनवरी को सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 5 जनवरी को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शिक्षा मंत्री 5 जनवरी को बतौर मुख्यातिथि पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांवटा साहिब में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल अंडर-14 (छात्र) वॉलीबाल चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे।

## सोलन में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 3 जनवरी को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता सोलन हिमांशु मेहता ने दी। हिमांशु मेहता ने कहा कि 3 जनवरी को प्रातः 10 से सायं 5 बजे सिटी प्लाजा, क्लीन, सन्नी साइड, संजीवनी अस्पताल, ओल्ड पावर हाउस रोड, मॉल रोड, विवांता माल से पुराना सीजेएम आवास तक एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त समय व तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## एचपी एग्रीस्टैक रजिस्ट्री में पंजीकरण कर उठाएं लाभ


**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कृषि विकास अधिकारी कंडाघाट तिलक राज ने बताया कि किसानों को विभिन्न कृषि एवं किसान कल्याण योजनाओं का लाभ लेने के लिए एचपी एग्रीस्टैक फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। पंजीकृत किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि अनुदान, किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं का सीधा लाभ प्राप्त करेंगे। डिजिटल रजिस्ट्री से बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और लाभ सीधे किसानों तक पहुंचेगा। किसान आधार कार्ड, जमाबंदी खसरा नंबर और मोबाइल के साथ लोकमित्र केंद्र पर या घर बैठे ऑनलाइन निशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं।

# कंडाघाट-कैथलीघाट में भी रुकेगी हिमालयन क्वीन

## विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल ट्रैक पर कोरोना काल में बंद हुए थे स्टॉपेज

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** रेलवे बोर्ड ने नव वर्ष से विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल लाइन पर चलने वाली हिमालयन क्वीन के तीन ओर स्टॉपेज शुरू कर दिए हैं। हिमालयन क्वीन अब सोलन रेलवे स्टेशन सहित कंडाघाट व कैथलीघाट रेलवे स्टेशन पर भी अप-डाउन में रुकेगी। इसका सोलन सहित अन्य स्टेशनों के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। कोरोना काल में इन स्टॉपेज को बंद कर दिया था। इसके बाद लगातार इन स्टेशनों को फिर से हिमालयन क्वीन का अप एंड डाउन स्टॉपेज बनाने की मांग चल रही थी। रेलवे बोर्ड ने एक जनवरी से ट्रेन को नए शेड्यूल से रोकना शुरू कर दिया है। इससे पहले हिमालयन क्वीन दो ही स्टेशनों पर रुकती थी।



अनंत ज्ञान स्पैशल

सोलन के यात्रियों को बड़ोग स्टेशन में ही उतारा जाता था, जिससे इस वर्ग को काफी दिक्कतें आती थी। नगर परिषद सोलन के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत ने हाल ही में रेल मंत्री को पत्र लिख कर पर्यटन और यात्रियों की सुविधा के लिए कालका-शिमला रेल मार्ग पर चलने वाली हिमालयन क्वीन को सोलन रेलवे स्टेशन पर रोकने की मांग की थी। पंत ने तर्क दिया था कि कालका से शिमला आने-जाने वाली हिमालयन क्वीन ट्रेन पहले सोलन में भी आते जाते रुकती थी पर करीब कुछ समय से पहले सोलन स्टेशन पर इसका रोकना बंद कर दिया। इस कारण सोलन पहुंचने और गाड़ी से जाने वाले यात्रियों को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। सोलन जिले का मुख्यालय है। यहां पर केंद्रीय सरकार के दफ्तर तो हैं ही, बल्कि एशिया की प्रसिद्ध फोरिस्ट्री व हॉर्टिकल्चर का विश्वविद्यालय भी है। सोलन के आस-पास बहुत सारे अन्य विश्वविद्यालय हैं तथा शिक्षा के संस्थान भी हैं। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सोलन में भी इस रेलगाड़ी को 2-3 मिनट के लिए पहले की तरह जनहित में रोका चाहिए।



सोलन रेलवे स्टेशन पर पहुंची हिमालयन क्वीन।

> **रेलवे** स्टेशन अधीक्षक सुरेंद्र परमार ने कहा कि हिमालयन क्वीन के सोलन रेलवे स्टेशन पर रुकने से काफी फायदा होगा। स्टेशन के साथ ही मालरोड है और कुछ ही दूरी पर पुराना और नया बस अड्डा भी है। इससे यात्रियों को गंतव्य की ओर जाने में आसानी होगी।

> **कालका** से शिमला से चलने वाली ट्रेन हिमालयन क्वीन ट्रेन के अप और डाउन में स्टॉपेज स्टेशनों को बढ़ाया गया है। इससे यात्रियों को चढ़ने और उतरने में आसानी होगी। इसको लेकर संबंधित स्टेशन अधीक्षकों को आदेश दिए हैं।
> **विनोद भाटिया, मंडल रेल प्रबंधक, अंबाला।**

### जनरल बोगी की भी होगी सुविधा

**हिमालयन** क्वीन में एक जनरल बोगी भी दी गई है। इसमें अब यात्री किसी भी स्टेशन से चढ़ सकते हैं। नव वर्ष के चलते ट्रेन में काफी भीड़ भी रही। रेलवे बोर्ड की ओर से जिला मुख्यालय सोलन में ही ट्रेन का स्टॉपेज नहीं दिया था। इससे काफी यात्रियों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती थी। वहीं, ट्रेन के देरी से शिमला से कालका की ओर जाने के कारण भी यात्रियों को फायदा नहीं मिल रहा था, ऐसे में डाउन में ट्रेन देरी से शिमला से आने पर खाली ही कालका पहुंच रही थी। वहीं, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत ने सोलन स्टेशन को स्टॉपेज देने के लिए रेलवे बोर्ड का आभार जताया है।

# रिहायशी मकान से पुलिस ने 10.11 ग्राम चिट्टे व नकदी के साथ आरोपी किया काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन**



शहर की वाल्मीकि बस्ती में पुलिस स्टेशन सदर नाहन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक रिहायशी मकान में दबिश देकर, वहां से 10.11 ग्राम चिट्टा,17,550 रुपए की करेंसी के अलावा 92.09 ग्राम वजन के जेवरात बरामद किए। पूर्व में जेल में सजा काट चुके आरोपी सोहन लाल को अदालत ने 6 दिन पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए हैं।

एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना सदर नाहन की टीमने जब नशा माफिया की गुप्त सूचनाएं एकत्र करने के लिए वाल्मीकि बस्ती की तरफ रवाना हुई थी। इस बीच टीम को गुप्त सूत्र से सूचना प्राप्त हुई कि सोहन लाल पुत्र स्व. अमरनाथ निवासी मकान नं. 293/13 मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती नाहन जो काफी समय से मादक पदार्थ चिट्टा बेचने का धंधा करता है। एसपी ने बताया कि आरोपी पहले भी हेरोईन/चिट्टा बेचने के जुर्म में जेल जा चुका है। एसपी ने बताया कि सूचना के अनुसार आरोपी अपने रिहायशी मकान से मादक पदार्थ चिट्टा/ हिरोईन बेच रहा है, अगर इसी समय आरोपी सोहन लाल के रिहायशी मकान की तलाशी ली जाए, तो भारी मात्रा में मादक पदार्थ चिट्टा बरामद हो सकता है। नेगी ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के रिहायशी मकान की तलाशी ली। तालाशी में सोलन लाल के मकान में लोहे की अलमारी के अंदर एक सुनहरे रंग का मिट्टी के जले हुआ अनार के अंदर डलीनुमा/चूर्णनुमा 10.11 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। एसपी ने बताया कि इसके अतिरिक्त इस धंधे में संलिप्त 17,550 की करंसी व आभूषण 92.09 ग्राम भी बरामद हुए।आरोपी सोहन लाल के खिलाफ पुलिस थाना सदर नाहन में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत से 6 दिन पुलिस रिमांड लिया गया है। पता लगाया जा रहा है कि इस धंधे में इसके साथ अन्य कौन-2 संलिप्त हैं, ताकि उन्हें भी सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

# नौणी की पूर्व छात्रों ने एचपीएएस परीक्षा में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी की दो पूर्व छात्रों मेघा सिंह कंवर और आंचल कुमारी ने प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) परीक्षा-2025 में शीर्ष स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए।

जिला सिरमौर के ग्राम खनिवर की निवासी मेघा सिंह कंवर ने एचपीएएस परीक्षा-2025 में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने वर्ष 2022 में नौणी विश्वविद्यालय के वानिकी कॉलेज के सिल्वीकल्चर व एग्रोफोरेस्ट्री विभाग से एग्रोफोरेस्ट्री में मास्टर ऑफ साइंस (एमएससी) की डिग्री प्राप्त की, जहां उन्होंने 8.72/10 ओजीपीए के साथ विभागीय टॉपर रहीं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विश्वविद्यालय से बीएससी (ऑनर्स) वानिकी की डिग्री भी प्राप्त की है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ मेघा एक एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट धारक भी हैं, जो उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा-भाव को दर्शाता है। अपने शैक्षणिक जीवन के दौरान मेघा ने निरंतर उत्कृष्ट अकादमिक योग्यता, समर्पण और शोध के प्रति गहरी रुचि का परिचय दिया। विश्वविद्यालय में प्राप्त सुदृढ़ अंतर्विषयी प्रशिक्षण और उच्च शैक्षणिक वातावरण ने उनके विश्लेषणात्मक चिंतन एवं समस्या-समाधान कौशल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसने अत्यंत प्रतिस्पर्धी एचपीएएस परीक्षा में उनकी शानदार सफलता में अहम भूमिका निभाई। इस परीक्षा में जिला शिमला के नेरवा के ग्राम घोंटरी निवासी आंचल कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और उन्हें हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा (एचपीपीएस) आवंटित की गई है।

# एनडीपीएस एक्ट में 279 आरोपियों को पहुंचाया सलाखों के पीछे: एसपी

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



**नाहन।** जिला सिरमौर में बीते वर्ष 2025 में पुलिस विभाग ने नशे का कारोबार करने वाले तस्करों पर शिकंजा कसकर इस अवैध धंधे पर लगाम कसी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में 191 एफआईआर दर्ज करके 279 आरोपियों को सलाखों के पीछे किया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि सिरमौर में नशा माफिया का समूल नाश करने के लिए अपने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर नशा माफिया की धरपकड़ के लिए विभिन्न प्रकार से विशेष अभियान चलाया तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्पेशल टीमें भी गठित की गई थी। एसपी ने बताया कि परिणाम स्वरूप वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कुल 191 अभियोग पंजीकृत करने में सफलता हासिल की है तथा 279 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है, जबकि वर्ष 2024 के मुकाबले वर्ष 2025 में 90 फीसदी अधिक हैं। नेगी ने बताया कि इस अभियान के दौरान भारी मात्रा में नशे का सामान भी बरामद किया है, जिसमें युवा वर्ग में फैलता जा रहा सबसे खतरनाक नशा हेरोइन/चिट्टा' है। वर्ष 2025 में 78 अभियोग पंजीकृत किए और कुल 1.065 किलोग्राम हेरोइन/चिट्टा 'बरामद किया गया।

इसके अतिरिक्त 54 अभियोगों में 31.45 किलोग्राम चरस, 7.805 किलोग्राम गांजा व 1020 भांग के पौधे, 25 अभियोगों में 2.303 किलोग्राम अफीम, 99.806 किलोग्राम भुक्की, 28.879 किलोग्राम डोडे व 1483 अफीम के पौधे, 34 अभियोगों में 17314 नशीले कैप्सूल, 3778 नशीली गोलियां व 77 शीशियां सिरप बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने ने बताया कि इसके अतिरिक्त इसी तरह नशा तस्करों से कैश 2,42,220 रुपए तथा नशा के इस व्यापार में संलिप्त 92.09 ग्राम सोने के गहने भी जब्त किए गए।

जिला सिरमौर पुलिस की यह लड़ाई सिर्फ नशा तस्करों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन वित्तीय लाभों के खिलाफ भी है, जो इस व्यापार को बढ़ावा देते हैं। इस कड़ी में 6 अलग-2 मामलों में वित्तीय अन्वेषण के तहत अपराधियों की 4,43,31,551.53 की नकदी /अवैध संपत्ति प्राधिकृत प्राधिकारी से सुसंगत धाराओं के अंतर्गत सीज/फ्रिज की स्वीकृति/मंजूरी प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है। यह महत्वपूर्ण जब्ती क्षेत्र में संचालित ड्रग नेटवर्क की आर्थिक नींव पर प्रहार करती है। एसपी ने बताया कि जो नशा तस्कर बार-2 पकड़ने जाने पर भी नशा के कारोबार में लगातार संलिप्त थे, उनके विरुद्ध जिला सिरमौर पुलिस ने वर्ष 2025 में 1988 की धारा 3(1) के अंतर्गत निवारक निरोध की कार्यवाही अमल में लाई, जिसके अंतर्गत 7 आरोपियों को तीन/तीन महीने के लिए कारागार भेजा गया।

### 18000 को नशा के दुष्प्रभावों के बारे किया जागरूक

**युवा** पीढ़ी के नशे की लत से बचाने व निकालने के लिए जिला सिरमौर पुलिस ने वर्ष 2025 में 207 नशा जागरूकता कैंप भी लगाए। इसमें स्कूलों में जाकर व गांव-2 में जाकर कुल 18000 विद्यार्थियों/लोगों को नशा से दुष्प्रभावों के बारे जागरूक किया व इससे बचने के उपाय बताये। एसपी ने असामाजिक तत्वों/नशा माफिया के लिए एक सख्त चेतावनी है कि सिरमौर में अपराध लाभदायक नहीं रहेगा। सिरमौर पुलिस कृतसंकल्पित है कि नशा माफिया के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा इस अवैध साधनों से अर्जित सभी संपत्तियों की पहचान करके जब्त करके अधिग्रहित की जाएगी तथा नशा माफिया को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। हम अपने समाज और युवाओं को नशे की गिरफ्त से मुक्त करने के लिए दृढनिश्चयी हैं।

# नशे से अर्जित 43 लाख रुपए की संपत्ति की जब्त

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला पुलिस द्वारा थाना धर्मपुर में एक पुराने मामले में जो वर्ष 2018 में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुआ था, उसमें नशा तस्करों/सहयोगियों की नशे के अवैध व्यापार से अर्जित करीब 43 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

एसपी सोलन गौरव सिंह से मिली जानकारी के मुताबिक 22 अगस्त, 2018 को थाना धर्मपुर पुलिस ने आरोपी धनी राम, पुत्र तिखु राम, निवासी जाडली, उम्र 62 वर्ष के कब्जे से 736 ग्राम चरस, 82 ग्राम अफीम और नकद 1,00,000 रुपए बरामद किए थे और आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। इस पर पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग संख्या 108/2018, धारा 18, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियोग की जांच पूर्ण होने के बाद 3 अप्रैल, 2019 को आरोप पत्र अदालत में पेश किया गया है, जो अभी विचाराधीन है। इस मामले की फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन के दौरान पाया गया कि धनी राम लंबे समय से नशा तस्करी के कारोबार में संलिप्त था, जो लंबे समय से अपने इलाके के तस्करों/उपयोगकर्ताओं/युवाओं/ग्राहकों को चरस तथा अफीम जैसे नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था तथा अपने चुनिंदा ग्राहकों को योजनाबद्ध तरीके से चरस तथा अफीम की सप्लाई करता था। इससे इस ने ड्रग्स के अवैध कारोबार से अपने तथा अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर काफी अधिक संपत्ति अर्जित की। वर्ष 2018 के दौरान आरोपी धनी राम ने नशे के कारोबार की अवैध कमाई से अपने पुत्रों संजीव कुमार व नीलम कुमार के नाम दो एलएमवी गाड़ियां और एक टिप्पर खरीदे थे, जबकि आरोपी के पास कोई वैध व्यवसाय नहीं था, जो इस केस में वित्तीय जांच के दौरान आरोपी और



उसके सहयोगियों द्वारा अर्जित की गई संपत्ति कुल करीब 43 लाख रुपए को अब सीज/फ्रीज कर दिया गया है। वर्तमान में यह आरोपी धनी राम अभियोग संख्या 0061/2025 8 सितंबर 2025, थाना कुनिहार के तहत जेल में है, जिनमें उसके कब्जे से कुल 1.622 किलो चरस और 1.624 किलो अफीम बरामद हुई थी।

इसमें भी वित्तीय अन्वेषण अमल में लाया गया था। इसमें आरोपी धनीराम उपरोक्त द्वारा नशे के अवैध कारोबार से अपने तथा अपने परिजनों के नाम पर अर्जित की गई मुबलिग 6 करोड़ 34 लाख रुपए से ज्यादा की संपत्ति, जिसमें आलीशान मकान, रेस्टोरेंट व होम स्टे, कमर्शियल व्हीकल्स जैसे जीसीबी और अन्य वाहन, सोने के आभूषण, बैंक खातों में नकदी को सीज/फ्रीज करके सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को भेजा गया गया था, जहां से इस अवैध संपत्ति की जब्ती को कंफर्म करके आदेश पारित किए गए हैं।

# राजगढ़ में विधायक रीना कश्यप ने ली विकास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपमंडल मुख्यालय राजगढ़ में वीरवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप ने की। बैठक में राजगढ़ उपमंडल के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना और लंबित परियोजनाओं को गति प्रदान करना रहा।

विधायक रीना कश्यप ने सभी विभागों से उनके-अपने विभागों में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन विकास कार्यों का बजट स्वीकृत होने के बावजूद कार्य आरंभ नहीं हो पाया है या जो अधूरे पड़े हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आम जनमानस को योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। बैठक के दौरान विधायक ने इस बात पर हैरानी जताई कि कुछ विकास कार्य लंबे समय से लंबित हैं, जबकि उनके लिए धनराशि पहले ही उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें और अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही तय की जाए। विधायक ने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वे जनता से जुड़े विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें, ताकि लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आज की बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई है, उनकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर उन्हें उपलब्ध करवाई जाए।

# पंचायतीराज चुनाव को समय पर न करवाना जनता के साथ धोखा: रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के संगड़ाह-नौहराधार भाजपा प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार डिजास्टर का बहाना बनाकर पंचायतीराज चुनाव को बार-बार टाल रही है और प्रदेश की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा कर रही है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं पंचायतीराज मंत्री कई बार कह चुके हैं कि पंचायत चुनाव समय पर करवाए जाएंगे। यह पहला मौका है, जब सरकार पंचायत चुनाव समय पर नहीं करवा पा रही है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश में नई पंचायतें बनाने का भी खूब डिंडोरा पिटा। जिला उपायुक्त के माध्यम से पंचायतों से प्रस्ताव भी मांगे, लेकिन उसके उपरांत भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार एक भी नई पंचायत नहीं बना पाई है। इससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

# एसडीएम ने नाहन की समस्याओं के समाधान को लेकर मांगे सुझाव

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन शहर में ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर प्रशासन ने आम लोगों का सहयोग मांगा है। एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान ने शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि शहरवासी ज्वलंत समस्याओं को लेकर अपने सुझाव 10 जनवरी तक प्रशासन को दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासी लिखित में एसडीएम कार्यालय में या फिर एचएएस प्रोबेशनर रजत चौधरी के मोबाइल नंबर 94599-12012 पर भी सुझाव भेज सकते हैं।

नाहन शहर में कई समस्याएं हैं जिनका प्रशासन अपने स्तर पर समाधान करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस मामले में उपायुक्त सिरमौर व नगर परिषद नाहन के कार्यकारी अधिकारी से भी चर्चा की गई है। उपायुक्त सिरमौर ने इस मामले में आदेश दिए हैं कि एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर इस मामले में दी जाए। ऐसे में शहर में लोगों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। लोग अपनी समस्याओं व शहर में क्या बेहतर किया जा सकता है, इसपर 10 जनवरी तक लिखकर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि शहर में एंट्री प्वाइंट्स की नोटिफिकेशन 2004-05 की है। इन सभी नोटिफिकेशन पर पुनः विचार करने की जरूरत है। इसके बाद शहर में भारी संख्या में वाहन आ गए हैं। बाजार में भारी संख्या में वाहन जाते हैं। शहर में पार्किंग जोन बनाने के साथ-साथ पार्किंग बढ़ाने को लेकर काम किया जाना है।

शहर में अतिक्रमण के चलते आपातकाल में एंबुलेंस व फायरब्रिगेड आदि गाड़ियां ले जाने में भी समस्या आती है। यहां वहां स्ट्रीट वेंडर्स के होने से समस्या बढ़ी है। कुछ असामाजिक तत्व भी इस दिशा में सामने आए हैं। इन्हें हाल ही में एसपी सिरमौर के दिशा-निर्देशों पर पुलिस ने हटाया भी है। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था पर भी बेहतर काम करने की जरूरत है। घर द्वार से कचरा उठाने की योजना भी सही तरीके से नहीं चल रही है। इस दिशा में लोगों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर गाड़ियां पार्क होने से पैदल चलने वाले लोगों को समस्या आ रही है। इस दिशा में चर्चा की जाएगी और जिन लोगों के पास शहर में अपनी पार्किंग नहीं है, उन्हें वाहनों के पार्किंग न किए जाने या किए जाने पर भी लोगों के विचार जाने जाएंगे।

**आयोजन** 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में विधायक ने सुनीं जन समस्याएं, त्वरित निपटारे के निर्देश

# योजनाओं को समय पर पूरा करना जरूरी: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि सही मायनों में जनता तक विकास के लाभ पंहुचाने के लिए योजाओं को समय पर पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

संजय अवस्थी सोलन जिले के अर्की में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अर्की विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। संजय अवस्थी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि को निर्धारित समयावधि में खर्च किया जाए, ताकि लोगों को विकास योजनओं के लाभ समय पर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त धनराशि को वित्तीय वर्ष के अनुसार खर्च कर लिया जाना चाहिए। विधायक ने विभिन्न विभागों से लंबित विकास कार्यों की जानकारी तथा विलम्ब के कारणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अभिनव सोच के साथ लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि योजनाओं की पूर्ण जानकारी लोगों को प्रदान करें ताकि लोग विभिन्न औपचारिकताओं को पूरा कर योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। संजय अवस्थी ने कहा कि गत तीन वर्षों में अर्की विधानसभा क्षेत्र में सभी ग्राम पंचायतों को विकास के लिए धन उपलब्ध करवाया गया है। यह प्रयास किया गया है कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत क्षेत्रों में अधोसंरचना का विकास हो और लोगों को विकास के लाभ समय पर मिलें। विधायक ने कहा कि सभी के अथक प्रयासों से प्रदेश आपदा से उभर कर विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है।



कार्यक्रम को संबोधित करते अर्की के विधायक संजय अवस्थी।

उन्होंने तदोपरांत विश्राम गृह अर्की में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके त्वरित निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों तथा कर्मचारियों से आग्रह किया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जन समस्याओं का निपटारा किया जाए। उन्होंने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि संतुलित विकास ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करें।

उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि समस्याओं का समयबद्ध निदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने इस अवसर पर सभी को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दी। नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, रमेश ठाकुर, कपिल ठाकुर, कमलेश शर्मा,, नगर पंचायत अर्की की पूर्व अध्यक्ष सीमा शर्मा, नगर पंचायत अर्की के उपाध्यक्ष पदम् देव कौशल व पार्षदगण, ग्राम पंचायत धुंधन की प्रधान शकुंतला, ग्राम पंचायत कुनिहार के प्रधान राकेश ठाकुर, ग्राम पंचायत कोटली के उपप्रधान जय प्रकाश, उपमंडलीय वन अधिकारी कुनिहार राज कुमार, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी मौजूद रहे।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला पलाशला को काली मठ फाउंडेशन ने लिया गोद



हिंदू तख्त के धर्माधीश स्वामी शरभेश्वरानंद भैरव के साथ पलाशला स्कूली छात्र।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला पलाशला (नजदीकी गिरी पुल) में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काली मठ के पीठाधीश्वर एवं हिंदू तख्त के धर्माधीश स्वामी शरभेश्वरानंद भैरव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हिमांशु वर्मा ने की।

विद्यालय की विभागीय प्रभारी मनोरमा ठाकुर, शिक्षिका नीलम कुमार तथा ग्रामवासियों की ओर से विद्यालय को गोद लेने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे काली मठ फाउंडेशन द्वारा स्वीकार कर लिया गया। विद्यालय को गोद लिए जाने की घोषणा से क्षेत्र में शिक्षा को लेकर सकारात्मक माहौल बना और ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई। मुख्यातिथि स्वामी शरभेश्वरानंद भैरव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय में शैक्षणिक, भौतिक अथवा अन्य किसी भी प्रकार की आवश्यकता उत्पन्न होने पर काली मठ फाउंडेशन के माध्यम से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही भविष्य में यदि किसी विद्यार्थी को उच्च शिक्षा के लिए सहायता की आवश्यकता होगी, तो फाउंडेशन उसका भी सहयोग करेगा। काली मठ फाउंडेशन की ओर से विद्यालय प्रबंधन को 11 हजार की सहयोग राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। स्टूडेंट्स द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। समारोह में गुरु मां, काली मठ फाउंडेशन के उप सचिव नंदराम कश्यप, क्षेत्र के नंबरदार चेतराम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में 22 जिला अटॉर्नी बने डिप्टी डायरेक्टर

**एजेंसी, चंडीगढ़।** हरियाणा में तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद अभियोजन व्यवस्था में बड़े प्रशासनिक बदलाव शुरू हुए हैं। सरकार ने 22 जिला अटॉर्नी को डिप्टी डायरेक्टर ऑफ प्रॉसिक्यूशन (डीडीपी) के पद पर प्रमोट किया है। यह कदम नए कानूनों के सेक्शन-20 के प्रावधान के अनुरूप जिला स्तर पर निदेशालय स्थापित करने और उसकी प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। प्रमोशन हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज (ग्रुप-ए) संशोधित नियम, 2025 के तहत वरिष्ठता के आधार पर किया गया है और अधिकारियों को एक वर्ष की प्रोबेशन अवधि पर रखा गया है। इससे लंबे समय से खाली डिप्टी डायरेक्टर पद भरे जाएंगे और निचले स्तर के अधिकारियों के लिए प्रमोशन के रास्ते भी खुलेंगे। सरकार का लक्ष्य अभियोजन तंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, मामलों की निगरानी बेहतर करना और देरी व जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

### जींद में 11 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ कुकर्म

**अनंत ज्ञान, जींद।** सदर थाना के तहत एक गांव में 11 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ कुकर्म करने पर पुलिस ने पीड़ित बच्चे की मां की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपित युवक गली में खेल रहे बच्चे को बहला, फुसला कर खेतों में ले गया और वहां पर उसने कुकर्म किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा छठी कक्षा का छात्र है। एक जनवरी 2026 की शाम को वह गली में बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान एक युवक अपनी स्कूटी पर सवार होकर वहां आया और उसे बहला-फुसला कर गांव के ही खेतों में बने एक कमरे में ले गया। आरोप है कि खेतों में ले जाकर आरोपित ने मासूम के साथ कुकर्म किया। शुक्रवार को पीड़ित अपनी मां के साथ हांसी रोड पुलिस चौकी पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की।

### हर जिले के लिए अलग पुलिस प्लान तैयार: डीजीपी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के नए डीजीपी अजय सिंघल ने प्रदेश में बच्चियों के लापता होने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे विस्तृत डेटा तैयार करें और विशेष टीमें गठित कर प्राथमिकता के आधार पर तलाश करें। उन्होंने इसे परम प्राथमिकता वाला विषय बताते हुए संवेदनशील और तत्पर कार्रवाई के निर्देश दिए। अपने पहले दिन कार्यालय में डीजीपी ने करीब 700 पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक की और सभी जिलों की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक जिले से अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, साइबर अपराध, नशा तस्करी, गैंगस्टर गतिविधियों और संवेदनशील क्षेत्रों के लिए ठोस, समयबद्ध प्लान भेजने को कहा। डीजीपी ने अधिकारियों से कहा कि पुलिसिंग को पेशेवर बनाएं और रेंज के आईजी नियमित बैठक कर फील्ड की चुनौतियों की समीक्षा करें। उन्होंने अवैध हथियार, अवैध शराब, ट्रैफिक जाम और प्रॉपर्टी अपराधों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

### कैथल में हेरोइन तस्कर और सप्लायर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कैथल।** कैथल के चीका क्षेत्र में एंटी नारकोटिक सेल ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13.97 ग्राम हेरोइन के साथ लितेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने हेरोइन सप्लाई करने वाले बूटा सिंह को भी काबू किया, जिसके पास से चार हजार रुपये बरामद हुए। एसआई राजकुमार के नेतृत्व में एएसआई जगभान सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि लितेश कुमार हेरोइन सप्लाई कर रहा है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में उसने सप्लायर बूटा सिंह का नाम बताया। लितेश कुमार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, जबकि बूटा सिंह को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# हरियाणा में 5794 लाभार्थियों के खाते में 217 करोड़ रुपए ट्रांसफर

## सीएम सैनी ने दीनदयाल अंत्योदय परिवार सुरक्षा दयालु योजना के तहत दी आर्थिक राहत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री सैनी ने ट्रांसफर किए 217 करोड़ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साल 2026 के दूसरे ही दिन राज्य के 5794 लोगों को बड़ी सौगात दी है। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा दयालु योजना 1 के अंतर्गत 02 जनवरी, 2026 को लाभार्थियों के खाते में 217.36 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए हैं। दयालु योजना के तहत अब तक राज्य के 49,998 लाभार्थियों के खाते में हरियाणा सरकार की ओर से 1881.35 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा दयालु योजना के अंतर्गत राज्य के बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवार के सदस्य की अगर असामयिक मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता पर हरियाणा सरकार की ओर से आर्थिक मदद दी जाती है। इस योजना के तहत 3 अलग-अलग स्लैब में 1 लाख से 5 लाख रुपए तक की मदद दी जाती है। इसी के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 2 जनवरी शुक्रवार को यह सौगात दी। हरियाण सरकार की यह योजना गरीब वर्ग के लिए बहुत ही काम की योजना है। साल 2023-24 में इस योजना की शुरुआत की गई थी, जिसके अंतर्गत असामयिक मृत्यु या स्थायी दिव्यांगता पर आर्थिक मदद दी जाती है। खास बात यह है कि इस योजना में 6 साल से 60 साल तक के सदस्य को कवर मिलता है। नेशनल फैमिली बेनेफिट स्कीम में सिर्फ परिवार के मुखिया की मृत्यु पर ही आर्थिक मदद दी जाती है, जबकि इस योजना में परिवार के बाकी सदस्य भी कवर रहते हैं।

# सीपीडीएल ने की बिजली फील्ड कार्यों में महिलाओं की नियुक्ति शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडीएल) ने मीटर रीडिंग और बिल वितरण जैसे कार्यों के लिए महिलाओं की नियक्ति शुरू की है। इस प्रोग्राम के तहत, सीपीडीएल ने शहर में 35 महिलाओं को नियुक्त किया है, यह बिजली वितरण में एक बड़ा बदलाव है। सीपीडीएल की इस पहल से उन रोल्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जहां आमतौर पर पुरूषों का प्रभुत्व रहता है। इसी सोच के साथ सीपीडीएल ने 60 महिलाओं की नियुक्ति का प्रस्ताव रखा है, इस तरह फ्रंटलाईन रोल्स में 50 फीसदी महिलाओं को शामिल किया जाएगा। इस प्रोग्राम के तहत 35 महिलाओं की नियुक्ति पहले से की जा चुकी है, जो शहर में काम कर रही हैं। अन्य क्षेत्रों में भी चरणबद्ध तरीके से विस्तार की योजना है।

फील्ड में कार्यरत महिला कर्मचारी घर-घर जाकर हैंडहेल्ड डिवाइस की मदद से मीटर रीडिंग करेंगी, बिजली की खपत के आंकड़े सही तरीके से रिकॉर्ड करेंगी, साथ ही समय पर बिल वितरण, उपभोक्ताओं की बुनियादी समस्याओं के समाधान तथा समस्याओं की जानकारी को सुपरवाइजरी टीमों तक पहुंचाने में भी योगदान देंगी। इन महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सीपीडीएल ने सुरक्षा के प्रोटोकॉल्स लागू किए हैं। इनमें जरूरी मोबाइल चैक-इन, एमरजेन्सी एस्केलेशन प्रणाली की व्यवस्था की गई है। साथ ही चुनिंदा स्थानों में सुपरवाइजर उनके साथ रहेगा। ये सभी उपाय सुनिश्चित करेंगे कि फील्ड में कार्यरत महिलाएं सुरक्षित महसूस करें, उन्हें अनुकूल एवं पेशेवर माहौल में काम करने का मौका मिले।

प्रोग्राम पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अरूण कुमार वर्मा, डायरेक्टर, चण्डीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने कहा, ''हमें गर्व है कि हम विद्युत वितरण सेक्टर में इस बदलाव का नेतृत्व करने का मौका मिला है। महिलाओं को मीटर रीडिंग, उपभोक्ताओं की समस्या के निवारण, फील्ड संचालन जैसी फ्रंटलाइन जिम्मेदारी देकर सीपीडीएल न सिर्फ संचालन दक्षता को बेहतर बनाएगी बल्कि सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी में अधिक समावेशी एवं लोगों के अनुकूल दृष्टिकोण भी सुनिश्चित करेगी।

# निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



नववर्ष के अवसर पर निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने दिल्ली स्थित ग्राउंड नंबर 8, बुराड़ी रोड में आयोजित विशेष सत्संग में हजारों श्रद्धालुओं को प्रेरणादायक संदेश दिया। सतगुरु माता जी ने कहा, 'निरंकार की रजा में जीवन जीना ही सच्ची साधना है।' उन्होंने जीवन में सत्संग, सेवा और सुमिरन को प्राथमिकता देने का महत्व बताया और कहा कि वास्तविक परिवर्तन भीतर से ही आता है, न कि केवल तारीख बदलने से।

सतगुरु माता जी ने नववर्ष को प्रेम, समझ और सौम्यता अपनाने का अवसर बताते हुए कहा कि मनमुटाव और द्वेष से दूर रहकर दूसरों के गुणों को अपनाना सच्ची भक्ति है। उन्होंने भक्तों से आग्रह किया कि नया वर्ष पहले से अधिक सेवा, सुमिरन और सत्संग से जोड़े, साथ ही सांसारिक जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाया जाए। अंत में सतगुरु माता जी ने सभी श्रद्धालुओं के लिए सुख, समृद्धि और आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

# सिरसा जेल में वार्डन ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** जिला जेल में वार्डन ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले उन्होंने दो सुसाइड नोट लिखे, जिनमें जेल अधिकारियों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मृतक की पहचान फतेहाबाद जिला के गांव हिजरावां खुर्द निवासी सुखदेव सिंह के रूप में हुई है। सुसाइड से पहले वार्डन ने गुरुवार शाम को अपने बेटे को फोन किया और कहा कि मैं जेल अधिकारियों की प्रताड़ना से तंग आ गया हूं और जहरीला पदार्थ खा रहा हूं। मैंने जेल महानिदेशक और जेल सुपरिंटेंडेंट के नाम सुसाइड नोट लिखा है जो कि मेरे बैग में है। साथ ही कहा कि तू अपना और अपनी मां का ख्याल रखना। मृतक सुखदेव सिंह के बेटे ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में बताया कि 10-15 दिन पहले उसके पिता के साथ जेल में झगड़ा हुआ था और उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था। रात को उसके पिता ने उसे फोन किया और जहरीला पदार्थ निगल लिया। पहले उन्हें नागरिक अस्पताल में ले गए जहां हालत खराब होने पर एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सुसाइड नोट में सुखदेव सिंह ने लिखा है कि उसे पिछले कई दिनों से ड्यूटी को लेकर तंग किया जा रहा था और 31 दिसंबर को उसे भला-बुरा कहा गया। उसने माफी भी मांगी। इ

# राज्यपाल ने चंडीगढ़ प्रशासन का कैलेंडर 2026 किया जारी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार क पंजाब राज भवन में चंडीगढ़ प्रशासन के वर्ष 2026 के कैलेंडर का औपचारिक विमोचन किया।

इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें एच राजेश प्रसाद, मुख्य सचिव, यूटी चंडीगढ़ प्रशासन, विवेक प्रताप सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव, प्रेरणा पुरी, सचिव, जनसंपर्कख अभिजीत विजय चौधरी, प्रशासक के विशेष सचिव, निशांत कुमार यादव, उपायुक्त, कंवरदीप कौर, एसएसपी, चंडीगढ़ तथा राजीव तिवारी, निदेशक, जनसंपर्क, यूटी चंडीगढ़ शामिल थे। राज्यपाल ने जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए इस व्यावहारिक एवं आकर्षक एक-पृष्ठीय कैलेंडर की सराहना की और कहा कि यह कैलेंडर प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर संवाद एवं सहभागिता को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा।

## देश-विदेश

# स्विट्ज़रलैंड में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान हुए ब्लास्ट में मरने वालों का आंकड़ा 47 पहुंचा

**एजेंसी, बर्न**



स्विट्ज़रलैंड के क्रांस मोंटाना शहर के 'अल्पाइन स्की रिसॉर्ट' में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। स्विट्ज़रलैंड पुलिस के मुताबिक हादसे में अब करीब 47 लोगों की मौत होने का समाचार है, जबकि 115 घायल हैं। मरने वालों में कई देशों के नागरिक शामिल हैं।

इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि विस्फोट रिसॉर्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। हालांकि, तब मौत का आंकड़ा जारी नहीं किया गया था। हादसे के बाद फिक्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया। पुलिस और इमरजेंसी टीमें मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुट गईं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### सोना 1.34 लाख के पार चांदी 5,656 रुपए हुई महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज (2 जनवरी) तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 954 रुपए बढ़कर 1,34,415 रुपए पहुंच गया है। कल यह 1,33,461 रुपए/10ग्राम पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 5,656 रुपए बढ़कर 2,34,906 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,29,250 रुपए किलो थी। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 को सोने की कीमत 1,38,161 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2,43,483 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई थी। ये दोनों का अब तक का सबसे ज्यादा भाव यानी ऑल टाइम हाई रेट है। (अनंत ज्ञान)

# निफ्टी ने रचा नया इतिहास सेंसेक्स 573 अंक उछला

**एजेंसी, मुंबई**

नए साल की मजबूत शुरुआत करते हुए भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार 2 जनवरी को शानदार तेजी के साथ बंद हुए। दिनभर की खरीदारी के दम पर निफ्टी ने नया ऑल-टाइम हाई बनाया। वहीं, सेंसेक्स ने करीब 573 अंकों की छलांग लगाई। ब्रॉडर मार्केट में इससे भी अधिक तेजी देखने को मिली।



**निवेशकों ने एक दिन में ₹4.5 लाख करोड़ कमाए**

निफ्टी मिडकैप इंडेक्स ने नया रिकॉर्ड स्तर छूते हुए करीब 1 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.7 प्रतिशत मजबूत होकर बंद हुआ। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति में करीब 4.5 लाख करोड़ रुपए का इजाफा हुआ। कारोबारी के अंत में बीएसई सेंसेक्स 573.41 अंक या 0.67 फीसदी की बढ़त के साथ 85,762.01 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 182 अंक या 0.70 फीसदी चढ़कर 26,328.55 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ने 26,340 का नया रिकॉर्ड हाई भी छुआ। इस पूरे कारोबारी हफ्ते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब 1-1 फीसदी की तेजी दिखी। यह लगातार दूसरा हफ्ता है जब बाजार हरे निशान में बंद हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### मेक्सिको में 6.5 तीव्रता का आया भूकंप

**एजेंसी, मेक्सिको।** 2 जनवरी की सुबह मध्य मेक्सिको में 6.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिससे देश के कई क्षेत्रों में अलर्ट जारी हो गया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान सेवा की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ग्युरेरो राज्य में सैन मार्कोस से 15 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित था और इसे सुबह 7:58 बजे दर्ज किया गया था। राजधानी के अलावा, मिचोआकेन, जलिस्को और टबैस्को जैसे राज्यों को भी एक टेलीफोन अलर्ट प्राप्त हुआ, जो घटना की सीमा को दर्शाता है। ग्युरेरो क्षेत्र, जिसका केंद्र था, ने विशेष तीव्रता के साथ भूकंप का अनुभव किया, जिससे आपातकालीन टीमों को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता हुई। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 की पाबंदियां हटीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में 2 जनवरी से प्रदूषण स्तर में सुधार के मद्देनजर ग्रैप-3 के तहत लगी पाबंदियां हटाई दी गई हैं। अब सिर्फ ग्रैप एक और 2 के तहत लगी पाबंदियां जारी रहेंगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक, दिल्ली में एक्यूआई-1 जनवरी को 380 दर्ज। 2 जनवरी की शाम 4 बजे यह 236 दर्ज किया गया। ऐसे में एक्यूआई में सुधार को देखते हुए ग्रैप-3 की पाबंदियों को हटाने का फैसला लिया गया. स्टेज-3 तब लागू किया जाता है, जब एक्यूआई 401 से 450 के बीच पहुंच जाता है। दिल्ली-एनसीआर में खुले में कचरा अब भी नहीं जलाया जा सकेगा। इमरजेंसी की स्थिति में डीजल वाले जेनेरेटर चलाए जा सकेंगे. ग्रेप का पहला चरण एक्यूआई 201-300, दूसरा चरण एक्यूआई 301-400 और चौथा चरण एक्यूआई 450 के ऊपर लागू किया जाता है। ग्रैप-3 की पाबंदियों में गैर-जरूरी कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन एक्टिविटीज को रोक दिया जाता है। स्टोन क्रशिंग और माइनिंग ऑपरेशन भी बंद कर दिए जाते हैं। वर्क फ्रॉम हो की सलाह जारी की जाती है। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से दिल्ली आने वाली डीजल बसों पर भी रोक लगा दी जाती है। (अनंत ज्ञान)

### केरल में बर्ड फ्लू की पुष्टि, चिकन-अंडों की बिक्री पर रोक

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल के कुछ जिलों में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। अलप्पुझा और कोट्टायम जिलों में पोल्ट्री फार्मों में लगातार पक्षियों की मौत के बाद जांच में एच-1 एन-1 संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके चलते प्रभावित इलाकों में चिकन, बटेर मांस और अंडों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए नीलगिरी जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए केरल से आने वाली मुर्गियों, अंडों, चारे और पोल्ट्री से जुड़े उत्पादों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। केरल सीमा पर सात और कर्नाटक सीमा पर एक चेक पोस्ट बनाकर सख्त निगरानी की जा रही है। प्रशासन ने पोल्ट्री किसानों को बायो-सिक्योरिटी नियमों का पालन करने, जंगली पक्षियों से संपर्क रोकने और किसी भी असामान्य मौत की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

# वसीम हत्याकांड की लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड को लेकर बड़ा खुलासा सामने आया है। इस मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हत्या की जिम्मेदारी ली है।

गैंग ने दावा किया है कि यह हत्या उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर हाशिम बाबा के लिए की गई। पोस्ट में कहा गया कि मृतक वसीम लगातार हाशिम बाबा के खिलाफ बोल रहा था, इसी वजह से उसकी हत्या की गई. हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस दावे से अलग कहानी सामने रखी है। पुलिस के अनुसार, यह हत्या आपसी रंजिश का नतीजा है। पुलिस ने इस मामले को कुछ ही घंटों में सुलझाते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपियों की पहचान 26 वर्षीय शाकिर और 22 वर्षीय इस्लाम उर्फ बॉर्डर के रूप में हुई है. दोनों आरोपी शास्त्री पार्क के बुलंद मस्जिद इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया है। यह घटना 30 और 31 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात की है। शास्त्री पार्क स्थित जेपीसी अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी कि चाकू लगने से घायल एक युवक को अस्पताल लाया गया है। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 33 वर्षीय वसीम के रूप में हुई, जो बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क का रहने वाला था।

जांच में पता चला कि वसीम पर डीडीए पार्क के पीछे बने लूप के पास चाकू से हमला किया गया था। सूचना मिलते ही शास्त्री पार्क थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए और हत्या का मामला दर्ज किया गया। इसके बाद एसएचओ इंस्पेक्टर मनजीत तोमर के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम बनाई गई। टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, स्थानीय लोगों से मिली जानकारी और तकनीकी सबूतों के आधार पर जांच की। (अनंत ज्ञान)

# श्रीलंका नौसेना ने 11 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 11 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है और उनकी एक नौका भी जब्त की गई है। देश की नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि मछुआरों को उत्तरी प्रांत में कंकेसंथुरई के उत्तर में वीरवार देर रात को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ रहे थे और क्षेत्र छोड़ने की चेतावनी दिए जाने के बावजूद मछली पकड़ना जारी रखा। नौसेना के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद मछुआरों को अग्रिम कार्रवाई के लिए म्यलाडी मत्स्य निरीक्षणालय लाया जा रहा है। मछुआरों का मुद्दा भारत-श्रीलंका संबंधों में एक संवेदनशील विषय रहा है। ऐसी अधिकतर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं, जो तमिलनाडु और श्रीलंका के उत्तरी छोर के बीच स्थित एक संकरी जलपट्टी है और दोनों देशों के मछुआरों के लिए एक समृद्ध मत्स्य क्षेत्र मानी जाती है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश, भूटान व नेपाल की इकाइयां सीधे कोल इंडिया से खरीद सकती हैं कोयला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की ऑनलाइन कोयला नीलामी में पड़ोसी देश बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के खरीदार अब भारतीय बिचौलियों को दरकिनार करते हुए सीधे शामिल हो सकते हैं।

कंपनी के अनुसार, इस कदम से अतिरिक्त कोयला संसाधनों के बेहतर उपयोग में मदद मिलेगी और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। अब तक सीमा पार के उपभोक्ताओं को कोल इंडिया से कोयला केवल घरेलू कोयला कारोबारियों के माध्यम से ही मिल पाता था, जिन्हें बिना किसी अंतिम उपयोग की शर्त के कोयला खरीदने और बेचने की अनुमति थी। सीआईएल ने बयान में कहा कि एक जनवरी 2026 से पहली बार बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के कोयला उपभोक्ता भारत से कोयला खरीदने के लिए कोल इंडिया की 'सिंगल विंडो मोड एग्नॉस्टिक (एसडब्ल्यूएमए)' ऑनलाइन नीलामी में सीधे भाग ले सकेंगे।

एसडब्ल्यूएमए नीलामी 2022 में शुरू की गई एक सरल और एकीकृत ई-नीलामी प्रणाली है। इसे स्पॉट, स्पेशल स्पॉट और फॉरवर्ड जैसी अलग-अलग नीलामी व्यवस्थाओं की जगह एक ही मंच पर लाया गया है, ताकि सभी खरीदारों के लिए कोयला खरीदना आसान, पारदर्शी और बाजार आधारित हो सके। (अनंत ज्ञान)

**चेतावनी** ट्रंप बोले- प्रदर्शनकारियों की हत्या हुई तो फिर करेंगे हमला

# ईरान में खामेनेई के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, 7 की मौत

**एजेंसी, तेहरान**



ईरान में महंगाई और सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन लगातार छठे दिन भी जारी है। ये प्रदर्शन ईरान के पवित्र शहर तक फैल गए हैं। कोम शिया धर्मगुरुओं का एक प्रमुख गढ़ है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में नारे लगाए।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई। इसमें 1 जनवरी को 5 लोगों की मौत हुई। इससे पहले 31 दिसंबर को भी एक शख्स की प्रदर्शन के दौरान गोलीबारी में मौत हो गई थी। प्रदर्शन में अब तक 6 आम लोगों और 1 सिक्योरिटी फोर्स की मौत हो चुकी है। ईरान में प्रदर्शन की शुरुआत 28 दिसंबर को हुई थी। तब राजधानी तेहरान में व्यापारियों ने इसकी शुरुआत की थी। अब इसमें हजारों स्टूडेंट्स भी शामिल हो चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या की गई तो अमेरिका कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, 'अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाता है या उन्हें बेरहमी से मारता है, तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आगे आएगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं।'

इससे पहले अमेरिका, ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु सुविधाओं पर हमलें कर चुका है। जून 2025 में ईरान-इजराइल के बीच 12 दिनों तक युद्ध हुआ था, जिसमें अमेरिका भी शामिल हो गया था। (अनंत ज्ञान)

# Grok AI पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र ने एक्स को भेजा नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क को सख्त नोटिस जारी करते हुए उसके जनरेटिव एआई चैटबॉट Grok से अश्लील कंटेंट तुरंत हटाने के निर्देश दिए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कंपनी से 72 घंटे के भीतर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि हाल के दिनों में Grok AI के दुरुपयोग के मामले सामने आए थे, जहां यूजर्स महिलाओं की तस्वीरों में बिना अनुमति आपत्तिजनक बदलाव कराने की कोशिश कर रहे थे। ऐसे आउटपुट न केवल प्लेटफॉर्म की नीतियों, बल्कि भारतीय कानूनों का भी उल्लंघन माने गए। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि एक्स समय पर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं करता, तो उसके खिलाफ कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। गौरतलब है कि 2025 के अंत में भी सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील और अवैध कंटेंट हटाने को लेकर सख्त एडवाइजरी जारी की थी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### सातवीं बार डकार रैली में भाग लेंगे भारतीय राइडर हरिथ नोआ

**एजेंसी, यानबू (सऊदी अरब)।** भारत के अग्रणी रैली रेड राइडर हरिथ नोआ शनिवार से यहां शुरू होने वाली विश्व की सबसे मुश्किल मोटरस्पोर्ट प्रतियोगिता डकार रैली में लगातार सातवीं बार हिस्सा लेंगे। केरल का यह 32 वर्षीय राइडर तीन से 17 जनवरी तक होने वाली डकार रैली में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। यह प्रतियोगिता छठी बार सऊदी अरब में आयोजित की जा रही है। डकार रैली में राइडर इस बार लगभग 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इसमें लगभग 4,800 किलोमीटर में राइडर रेत के टीलों, पथरीले इलाकों और दुर्गम पठारों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान केवल एक बार 10 जनवरी को राइडर को विश्राम करने का मौका मिलेगा। पांच बार के भारतीय राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियन नोआ ने 2020 में डकार रैली में पदार्पण किया था। तब यह रैली पहली बार सऊदी अरब में आयोजित की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### सिडनी टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, शोएब बशीर को मौका

**एजेंसी, सिडनी।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4 जनवरी से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। निर्णायक मुकाबले के लिए इंग्लैंड टीम में दो बदलाव किए गए हैं। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर और तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल किया गया है। 22 वर्षीय बशीर ने 2024 में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था और अब तक 19 टेस्ट में 68 विकेट ले चुके हैं। मौजूदा एशेज सीरीज में यह पहली बार है जब इंग्लैंड ने किसी विशेषज्ञ स्पिनर को टीम में जगह दी है। वहीं, मैथ्यू पॉट्स ने 10 टेस्ट में 36 विकेट हासिल किए हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतने वाली टीम के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण बाहर हो गए हैं। इस टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने सिडनी टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### पीडब्ल्यूएल-2026: चंद्र विजय 'टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स' के कोच नियुक्त

**एजेंसी, मुंबई।** पूर्व राष्ट्रीय कोच चंद्र विजय सिंह को छह साल बाद वापसी कर रही प्रो-रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) में 'टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स' का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीडब्ल्यूएल का आयोजन 16 जनवरी से एक फरवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। 2015 में शुरू हुई पीडब्ल्यूएल को 2019 में स्थगित कर दिया गया था। मुंबई की फ्रेंचाइजी पदार्पण सत्र की तैयारी में जुटी है और दो बार पीडब्ल्यूएल खिताब विजेता विजय सिंह की नियुक्ति से टीम को तकनीकी दक्षता मिलेगी। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की खेल शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स ने एपको इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में मुंबई फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण किया है। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी तीन जनवरी को होगी जिसमें देश के कई शीर्ष पहलवान बोली के लिए उपलब्ध होंगे। इनमें अमन सहरावत, अंतिम पंघाल, दीपक पूनिया, अंशु मलिक, ललिता सहरावत, मानसी अहलावत, किरण बिश्नोई और चिराग चिक्कारा सहित अन्य पहलवान शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में हेना कुर्तागिक

**बेलग्रेड** में जन्मी हेना कुर्तागिक एक सर्बियाई वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, जिन्हें मिडिल ब्लॉकर के रूप में उनकी दक्षता के लिए जाना जाता है। 1.80 मीटर लंबी कुर्तागिक क्लब और राष्ट्रीय टीम प्रतियोगिताओं में एक मजबूत उपस्थिति रही हैं।



# न्यूजीलैंड सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान जल्द

## शुभमन गिल की कप्तान के रूप में वापसी तय, रोहित-विराट भी खेलेंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच जनवरी में होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान 3 या 4 जनवरी को किया जा सकता है। इस सीरीज में कप्तान शुभमन गिल की वापसी तय मानी जा रही है। इंजरी के चलते साउथ अफ्रीका दौरे की वनडे सीरीज से बाहर रहे शुभमन अब पूरी तरह फिट हैं और एक बार फिर टीम की कमान संभालते नजर आएंगे।

टीम के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भी न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेंगे। वहीं उप-कप्तान श्रेयस अय्यर अब भी फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए हैं। कंधे की चोट से जूझ रहे श्रेयस फिलहाल बेंगलुरु स्थित एनसीए में रिहैब कर रहे हैं, ऐसे में उनका इस सीरीज में खेलना मुश्किल माना जा रहा है।

वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वनडे सीरीज से आराम दिया जा सकता है। दोनों खिलाड़ी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों में अहम भूमिका निभा रहे हैं और टी-20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा हैं। शुभमन गिल की वापसी से टॉप-3 लगभग तय है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल को स्क्वॉड से बाहर रखा जा सकता है। उनकी जगह विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को मौका मिल सकता है, जो ओपनिंग के साथ-साथ मिडल ऑर्डर में भी बल्लेबाजी कर सकते हैं।


फाइल फोटो

### हार्दिक पांड्या और बुमराह को मिल सकता है आराम

श्रेयस अय्यर की गैर-मौजूदगी में नंबर-4 पर ऋतुराज गायकवाड पहली पसंद हो सकते हैं। उन्होंने पिछली सीरीज में इस पोजिशन पर शतक जड़ा था। बैकअप के तौर पर तिलक वर्मा या रियान पराग को शामिल किए जाने की संभावना है। केएल राहुल एक बार फिर 5 या 6 नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। उनके बैकअप के लिए ऋषभ पंत, ईशान किशन, ध्रुव जुरेल और संजू सैमसन विकल्प हैं। ऑलराउंड डिपार्टमेंट में नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर को जगह मिल सकती है।

स्पिन विभाग की कमान कुलदीप यादव संभाल सकते हैं। तेज गेंदबाजी में हर्षित राणा की जगह लगभग पक्की मानी जा रही है। वहीं मोहम्मद सिराज घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद प्रसिद्ध कृष्णा या अर्शदीप सिंह की जगह वापसी कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

# नीदरलैंड के मारिन भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीदरलैंड के सोर्ड मारिन को शुक्रवार को फिर से भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह दूसरी बार यह पद संभालेंगे। इससे पहले उनके कोच रहते हुए भारतीय महिला टीम टोक्यो ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रही थी। नीदरलैंड के पूर्व हॉकी खिलाड़ी 51 वर्षीय मारिन 2017 से 2021 तक भारतीय महिला टीम से जुड़े रहे। उनकी टीम में मटियास विला भी शामिल होंगे जिन्हें विश्लेषणात्मक कोच नियुक्त किया गया है।



अर्जेंटीना के पूर्व मिडफील्डर विला ने 1997 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था। उन्होंने 2000 में सिडनी ओलंपिक और 2004 में एथेंस ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वह दो दशकों से अधिक समय से कोचिंग से जुड़े हुए हैं। भारतीय हॉकी टीम में वेन लोम्बार्ड की भी वापसी हो रही है, जो वैज्ञानिक सलाहकार और खेल प्रदर्शन प्रमुख के रूप में कार्य करेंगे। उन्हें इसमें रोडेट इला और सियारा इला का सहयोग मिलेगा जिन्हें वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। मारिन ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, ''भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं साढ़े चार साल बाद नयी ऊर्जा और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ इस पद पर लौटा हूं ताकि टीम को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकूं और खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में मदद कर सकूं।''

मारिन के पिछले कार्यकाल के दौरान भारत विश्व रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल हुआ था। मुख्य कोच के रूप में मारिन की पहली बड़ी चुनौती आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होने वाला महिला विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट होगा। मारिन 14 जनवरी को भारत पहुंचेंगे, जबकि राष्ट्रीय कोचिंग शिविर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के बेंगलुरु स्थित परिसर में 19 जनवरी को शुरू होगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''हम सोर्ड मारिन और पूरे सहायक स्टाफ का भारतीय हॉकी परिवार में स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा, ''टीम की फिटनेस पर विशेष जोर दिया गया है, जो तोक्यो में भारतीय महिला टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन के प्रमुख कारणों में से एक था। हमें टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।'' (अनंत ज्ञान)

# पाक के पूर्व मुख्य कोच गिलेस्पी बोले- कई मुद्दों पर मुझे किया अपमानित

**एजेंसी, कराची**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में अपने नौ महीने के छोटे कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कई मुद्दों पर उन्हें अपमानित किया जिनमें हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन को बर्खास्त करना भी शामिल था।



पीसीबी ने अप्रैल 2024 में गिलेस्पी को टेस्ट क्रिकेट के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया था। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूपों के लिए मुख्य कोच बनाया गया था। कर्स्टन ने हालांकि, उसी वर्ष अक्तूबर में अपना पद छोड़ दिया था और फिर इसके बाद दिसंबर में गिलेस्पी ने भी इस्तीफा दे दिया था। तब पीसीबी ने नीलसन को बताया था कि टीम को दक्षिण अफ्रीका के 2024-25 दौरे से पहले उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं होगी। नीलसन को अगस्त 2024 में यह भूमिका सौंपी गई थी।

गिलेस्पी से एक्स पर जब एक यूजर ने पाकिस्तान की टीम का मुख्य कोच पद छोड़ने के कारण के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, ''मैं पाकिस्तान टेस्ट टीम को कोचिंग दे रहा था। पीसीबी ने बिना मुझसे बात किए बिना सीनियर सहायक कोच को बर्खास्त कर दिया। मुख्य कोच के रूप में मुझे यह स्थिति बिल्कुल अस्वीकार्य लगी। कई अन्य मुद्दे भी थे जिनसे मुझे पूरी तरह से अपमानित होना पड़ा।''

नीलसन को बर्खास्त किए जाने से गिलेस्पी और पीसीबी के बीच संबंध और बिगड़ गए थे और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका का दौरा करने से इनकार कर दिया और फिर इस्तीफा दे दिया था। पाकिस्तान टीम के साथ अपनी कार्यकाल के बारे में गिलेस्पी ने बताया कि उन्हें लगा कि पीसीबी ने उन्हें ''पूरी तरह से नजरअंदाज'' कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## मुंबई इंडियंस ने लॉन्च की डब्ल्यूपीएल-2026 जर्सी

**एजेंसी, मुंबई।** डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के लिए अपनी आधिकारिक जर्सी का अनावरण किया। नई जर्सी मुंबई शहर की रफ्तार, ऊर्जा और कभी न रुकने वाले जज्बे से प्रेरित है। फ्रेंचाइजी के अनुसार, इस सीजन की जर्सी की थीम 'विकेट पल्स' रखी गई है, जो मुंबई की रोजमर्रा की धड़कन को दर्शाती है, लोकल ट्रेनों की रफ्तार से लेकर समंदर की लहरों तक।

जर्सी में आइकॉनिक ब्लू और गोल्ड रंगों को बरकरार रखा गया है, जबकि हल्का कोरल टच इसमें आधुनिकता और अपनापन जोड़ता है। नीला रंग शहर की निरंतर गति और जुझारूपन का प्रतीक है। वहीं, सुनहरा रंग आत्मविश्वास और निरंतर सफलता को दर्शाता है। कोरल एक्सेंट मुंबई इंडियंस के #OneFamily मूल मंत्र को मजबूत करता है। यह जर्सी सिर्फ एक खेल किट नहीं, बल्कि खिलाड़ियों, शहर और फैंस के बीच के गहरे रिश्ते की कहानी बयां करती है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने डब्ल्यूपीएल-2026 से पहले क्रिस्टन बीम्स को स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त कर टीम को और मजबूत किया है। (अनंत ज्ञान)

# नीरज-सचिन 2026 के पहले तीन महीने के लिए एआईयू के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारत के दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और सचिन यादव को इस साल के पहले तीन महीने के लिए विश्व एथलेटिक्स की डोपिंग विरोधी निगरानी संस्था एथलीट्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस सूची में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, लेकिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहने वाले यादव को पहली बार इसमें जगह मिली है। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता यादव ने विश्व चैंपियनशिप में चोपड़ा को पीछे छोड़ दिया था जो फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण आठवें स्थान पर रहे थे। यादव ने 86.27 मीटर भाला फेंककर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए न केवल चोपड़ा को, बल्कि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम को भी पीछे छोड़ा था। नदीम 10वें स्थान पर रहे थे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को भाला फेंक का अगला स्टार माना जा रहा है।

आरटीपी अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर के एथलीटों का सर्वोच्च स्तर का समूह है। इस सूची में शामिल खिलाड़ियों का परीक्षण बिना किसी पूर्व सूचना के किया जाता है। इन खिलाड़ियों को अपने घर के पते सहित ठिकाने की जानकारी देनी होती है। इसके साथ ही उन्हें प्रतिदिन 60 मिनट का ऐसा समय भी बताना होता है जिसके दौरान वे परीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

# जोबर्ग सुपर किंग्स ने सुपर ओवर में डरबन सुपर जायंट्स को हराया

**एजेंसी, जोहानिसबर्ग**



डोनोवन फेरेरा (नाबाद 33) और रिचर्ड ग्लीसन (41 रन देकर तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की मदद से जोबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स को सुपर ओवर में हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 205 रन बनाए। सुपर जायंट्स ने आठ विकेट पर 205 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर जायंट्स की पारी की आखिरी गेंद पर फेरेरा ने ईथन बॉश (09) को रन आउट कर दिया जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस तरह से एसए20 के इतिहास में पहली बार कोई मैच टाई रहा।

ग्लीसन ने सुपर ओवर में केवल पांच रन दिए। इस तरह से जोबर्ग सुपर किंग्स को जीत के लिए केवल छह रन चाहिए थे। रिली रोसो ने नूर अहमद की पहली तीन गेंदों पर दो चौके लगाकर जोबर्ग सुपर किंग्स को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत से वह 13 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। इससे पहले सुपर किंग्स की तरफ से महाराष्ट्र के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका के शुभम रंजने की 31 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। फेरेरा ने 10 गेंदों में नाबाद 33 रन की तूफानी पारी खेली जबकि मैथ्यू डी विलियर्स (38) और कप्तान फाफ डु प्लेसिस (30 गेंदों में 47 रन) ने पहले नौ ओवरों के भीतर 89 रन की साझेदारी करके जोबर्ग को अच्छी शुरुआत दी थी। सुपर जायंट्स की तरफ से इवान जोन्स (43), हेनरिक क्लासेन (29) और एडेन मार्कम (37) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान राष्ट्रीय हॉकी टीम के मैनेजर अंजुम सईद बर्खास्त

**एजेंसी, लाहौर**

पिछले महीने ब्राजील में अनुशासनहीनता की एक घटना पर पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने कड़ा रवैया अपनाते हुए पूर्व ओलंपियन अंजुम सईद को राष्ट्रीय टीम के मैनेजर पद से बर्खास्त कर दिया और वह एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे।

एफआईएच प्रो-लीग का दूसरा चरण अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में होगा। पीएचएफ के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि अंजुम इस प्रतियोगिता के लिए अभ्यास शिविर में भी शामिल नहीं होंगे। सूत्र ने बताया, ''पिछले महीने अर्जेंटीना से राष्ट्रीय टीम के साथ स्वदेश लौटते समय अंजुम के अनुशासनहीन व्यवहार के कारण उन्हें टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया न भेजने का निर्णय लिया गया है। मुख्य कोच ताहिर जमां ऑस्ट्रेलिया में मैनेजर की भूमिका भी निभाएंगे।''

अंजुम को स्वदेश लौटते समय रियो डी जनेरियो में ब्राजील के अधिकारियों ने उस समय हिरासत में ले लिया था, जब विमान ईंधन भरने के लिए वहां रुका था। अंजुम को विमान में धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था, जिसके कारण एयरलाइंस के कर्मचारियों के साथ उनकी बहस हुई और फिर उन्हें एक दिन के लिए हिरासत में ले लिया गया और टीम के साथ वापस लौटने की अनुमति नहीं दी गई। अंजुम और उनके साथ रुका हुआ एक खिलाड़ी दो दिन बाद स्वदेश लौटे थे। (अनंत ज्ञान)

# मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल के मैच रहे ड्रॉ, आर्सेनल ने बनाई बढ़त



**एजेंसी, लंदन**

एर्लिंग हालैंड की मौजूदगी के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को सुंदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

लिवरपूल भी लीड्स के खिलाफ गोल करने में नाकाम रहा और उसे एनफील्ड में गोलरहित ड्रॉ खेलने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल के अब 19 मैच में 45 अंक हैं, जबकि मैनचेस्टर सिटी इतने ही मैच में 41 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। लिवरपूल के अब 33 अंक हो गए हैं और वह पहले की तरह चौथे स्थान पर है। एस्टन विला 39 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। गुरुवार को खेले गए सभी मैच ड्रॉ रहे। टोटेनहम ने ब्रेंटफोर्ड में गोलरहित ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में फुलहम ने क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 80वें मिनट में गोल करके मैच को 1-1 से ड्रॉ समाप्त किया। (अनंत ज्ञान)

**संन्यास** पाकिस्तानी-मुस्लिम पहचान को लेकर भेदभाव पर बोले-एससीजी में खेलेंगे आखिरी टेस्ट

# एशेज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगे उस्मान ख्वाजा

**एजेंसी, सिडनी**

पाकिस्तान में जन्मे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने घोषणा की है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में खेले जाने वाले पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलने वाले पहले मुस्लिम खिलाड़ी ख्वाजा ने अपने संन्यास की घोषणा के साथ ही अपने करियर के दौरान झेली गई 'नस्लीय रूढ़िवादिता' पर भी खुलकर बात की। 39 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि उनकी पाकिस्तानी और मुस्लिम पृष्ठभूमि के कारण उनके साथ कई बार अलग व्यवहार किया गया।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ख्वाजा के लिए एससीजी का मैदान खास रहा है। यह उनके करियर का 88वां और अंतिम टेस्ट होगा, जो उसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां से उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरुआत की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने इसी मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ 171 रन बनाकर एशेज में अपना पहला शतक लगाया था।



एससीजी में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ दो शतक लगाकर 35 वर्ष की उम्र में अपने करियर को नई दिशा दी, जिसके बाद अगले दो वर्षों में उन्होंने सात टेस्ट शतक जड़े। हालांकि, मौजूदा सीरीज में उनका सफर आसान नहीं रहा। पर्थ टेस्ट में पीठ दर्द के कारण वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाए, जबकि चोट के चलते ब्रिस्बेन टेस्ट से बाहर रहने पर टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठे। एडिलेड टेस्ट में उन्हें पहले बाहर रखा गया, लेकिन स्टीव स्मिथ के अस्वस्थ होने पर उन्हें मौका मिला। पहली पारी में 82 रन की पारी ने मेलबर्न टेस्ट के लिए उनकी जगह पक्की कर दी।

ख्वाजा ने मीडिया और पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'मेरी चोट मेरे नियंत्रण में नहीं थी, लेकिन फिर भी मेरी प्रतिबद्धता और चरित्र पर सवाल उठाए गए।' उन्होंने कहा कि उन्हें अक्सर आलसी, स्वार्थी और कम मेहनती जैसे नस्लीय पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ा। पर्थ टेस्ट से पहले गोल्फ खेलने को लेकर भी उनकी आलोचना हुई थी, जबकि अन्य खिलाड़ियों के ऐसे मामलों को नजरअंदाज किया गया। ख्वाजा ने स्वीकार किया कि उन्हें सीरीज शुरू होने से पहले ही अपने करियर के अंत का आभास हो गया था। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि मैं अपनी शर्तों पर विदाई ले रहा हूं।' ख्वाजा ने 87 टेस्ट मैचों में 43.49 की औसत से 6,206 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 28 अर्द्धशतक शामिल हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'उस्मान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक रहे हैं। उनकी उपलब्धियां प्रेरणादायक हैं।' (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वापसी करके नया रिकॉर्ड बनाएगी **वीनस विलियम्स**

**एजेंसी, मेलबर्न**



दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स पांच साल में पहली बार इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेगी और इस तरह से इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है।

टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को घोषणा की कि 45 वर्षीय वीनस उस मेलबर्न पार्क में वापसी करने के लिए तैयार है जहां उन्होंने 28 साल पहले पहली बार हिस्सा लिया था। उन्होंने 1998 में दूसरे दौर में अपनी छोटी बहन सेरेना को हराया था, लेकिन क्वार्टर फाइनल में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी लिंडसे डेवनपोर्ट से हार गई थीं।

वीनस ने नवंबर में घोषणा की थी कि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन से दो सप्ताह पहले न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेलेंगी, जहां उन्हें वाइल्ड कार्ड मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों के अनुसार वीनस ने होबार्ट में होने वाले एक अन्य टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए भी पंजीकरण कराया है।

वीनस ने इससे पहले आखिरी बार 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लिया था। वह यहां दो बार महिला एकल में उपविजेता रह चुकी हैं। वह 2003 और 2017 में फाइनल में सेरेना से हार गई थीं। वीनस ने कहा, ''मैं ऑस्ट्रेलिया में खेलने को लेकर बहुत उत्सुक हूं। वहां मेरी कई अविश्वसनीय यादें जुड़ी हैं। मुझे बहुत खुशी है कि मैं फिर से उस जगह लौट रही हूं जिसका मेरे करियर में बहुत महत्व रहा है।''

इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेकर वीनस इस टूर्नामेंट में खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएगी। वह जापान की किमिको दाते के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी, जो 2015 में मेलबर्न पार्क में पहले दौर में हारने के समय 44 वर्ष की थीं। (अनंत ज्ञान)